बुधवार, 18 दिसम्बर 2024

www.samagya.in

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

# समाज्ञा

कोलकाता, पौष कृष्णपक्ष तृतीया, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 14 |
| आर्द्रता | 64% |
| सूर्योदय: 6:11 | सूर्यास्त: 16:56 |



राहुल, जडेजा और पुछल्ले बल्लेबाजों ने बचाया फॉलोआन -पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, तीन, चार और पांच पर

**सुविचार :** क्रोध और मतभेद बारिश की तरह हो, बरसें और खत्म हो जाये।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने एएसआई को जामा मस्जिद का निरीक्षण करने के लिए और समय दिया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में जामा मस्जिद का निरीक्षण करने और रिपोर्ट दाखिल करने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को और समय दिया है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने जामा मस्जिद को 'संरक्षित स्मारक' घोषित करने के अनुरोध वाली जनहित याचिका पर विचार करते समय 29 जनवरी 2025 को अगली सुनवाई से कम से कम एक हफ्ते पहले एएसआई को अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। पीठ ने 11 दिसंबर को पारित फैसले में कहा, ''23 अक्टूबर 2024 के आदेश में दिए गए निर्देशानुसार सर्वेक्षण/निरीक्षण किया जाए और सुनवाई की अगली तारीख से कम से कम एक हफ्ते पहले एक रिपोर्ट दाखिल करते हुए मामले में शामिल सभी पक्षों को अग्रिम प्रतियां सौंपी जाएं।'' अदालत ने 23 अक्टूबर को एएसआई से वक्फ बोर्ड के प्रतिनिधियों के साथ जामा मस्जिद और उसके आसपास का निरीक्षण करने के लिए कहा था।

# 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल लोकसभा से पास, पक्ष में पड़े 269 वोट

- जेपीसी में भेजने का फैसला

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में मंगलवार को केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल पेश किया। इस बिल के पेश होने के बाद सांसद में जोरदार हंगामा हुआ। विपक्ष के सांसदों ने इस बिल को लोकतंत्र के खिलाफ बताया। भारी हंगामे के बीच इस बिल को स्वीकार कराने के लिए लोकसभा में वोटिंग कराई गई। बिल के समर्थन में कुल 269 सांसदों ने वोटिंग की तो वहीं, इस बिल के खिलाफ 198 सांसदों ने मत दिया। इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम से वोटिंग कराई गई। बिल को अब विचार-विमर्श के लिए संसद की संयुक्त समिति के पास भेजा जाएगा।

बता दें कि लोकसभा में इस बिल को पेश किए जाने का कांग्रेस, टीएमसी, समाजवादी पार्टी, शिवसेना उद्धव गुट समेत कई विपक्षी दलों ने विरोध किया। सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि जो एक साथ 8 राज्यों में विधानसभा चुनाव नहीं करा पाए वह पूरे देश में एक साथ चुनाव की बात करते हैं। वहीं, टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि यह बिल संविधान की मूल भावना के खिलाफ है।



कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा, हम इस बिल का कड़े शब्दों में विरोध करते हैं। इस बिल के जरिए राष्ट्रपति को ज्यादा शक्ति दी गई है कि वह अब 82 ए के द्वारा विधानसभा को भंग कर सकते हैं। ये अतिरिक्त शक्ति राष्ट्रपति के साथ चुनाव आयोग को भी दी गई है। 2014 के चुनाव में 3700 करोड़ खर्च हुआ, इसके लिए ये असंवैधानिक कानून लाए हैं। संविधान में लिखा है कि पांच साल के कार्यकाल से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। वन नेशन, वन इलेक्शन बिल पूरे भारत के चुनाव को प्रभावित करेगा, हम ये नहीं होने देंगे। हम इसका विरोध करते हैं। इस बिल को जेपीसी में भेजा जाए।

वहीं, तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) और एनडीए में शामिल बीजेपी के सहयोगी दलों ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' विधेयक का समर्थन किया। चंद्रबाबू नायडू की पार्टी के सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि एक साथ चुनाव होने से देश का पैसा बचेगा। अगर एक साथ चुनाव होते हैं, तो लगभग 40 प्रतिशत खर्च बचेगा। इसी तरह हर पार्टी का पैसा भी बचेगा।

# ममता ने 'बांग्लार बाड़ी' परियोजना के तहत 2026 से पहले और 16 लाख परिवारों को घर देने की घोषणा

- 12 लाख लोगों के खाते में आवास योजना की पहली किश्त की राशि भेजने की प्रक्रिया शुरू
- मुख्यमंत्री का दावा... '2026 तक बंगाल में 28 लाख परिवारों को मिलेगा बांग्ला बाड़ी का लाभ'



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्र पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बंगाल की राशि बंद करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को राज्य में घर से वंचित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए 'बांग्लार बाड़ी' (बांग्ला आवास) परियोजना की औपचारिक शुरुआत की। राज्य सचिवालय नवान्न से इस परियोजना का उद्घाटन करते हुए ममता ने इसके तहत पूर्व की घोषणा के मुताबिक पहले चरण में घर निर्माण के लिए राज्य के 12 लाख लोगों के सीधे बैंक खातों में पहली किश्त की राशि भेजने की प्रक्रिया शुरू की। ममता ने कहा कि पहली किस्त में 60 हजार रुपये सभी 12 लाख लाभार्थियों के खातों में आज से पहुंच जाएंगे। दूसरी किस्त में और 60 हजार रुपये दिए जाएंगे। ग्रामीण आवास के लिए केंद्र के बदले राज्य सरकार अपनी तरफ से इन प्रत्येक परिवारों को एक लाख 20 हजार रुपये की राशि देगी। इस मौके पर, ममता ने 2026 से पहले राज्य के और 16 लाख ग्रामीण परिवारों को भी घर बनाने के लिए राज्य सरकार की तरफ से पैसे देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि 2026 तक बंगाल में कुल 28 लाख पात्र परिवारों को बांग्ला बाड़ी का लाभ मिलेगा, जो इसके हकदार हैं। ममता ने कहा कि इन 16 लाख में से आठ लाख परिवारों को जून 2025 में जबकि बाकी आठ लाख परिवारों को घर के लिए दिसंबर 2025 में राशि प्रदान कर दी जाएगी। यानी 2026 के पहले 28 लाख लोगों को राशि का भुगतान कर दिया जाएगा। ममता ने कहा कि आज ऐतिहासिक दिन है। आर्थिक तंगी व सीमित क्षमता के बावजूद राज्य सरकार अपनी तरफ से पहले चरण में 12 लाख परिवारों को पहली किश्त की राशि भेजना शुरू किया है। इस मौके पर राज्य के 21 जिलों के 42 परिवारों को ममता ने खुद अनुमति पत्र और घर का प्रतीक चिन्ह सौंपा।

**केंद्र पर साधा निशाना, कहा... 'हमें नहीं चाहिए भीख'**

इस मौके पर, ममता ने केंद्र की जमकर आलोचना की। ममता ने कहा कि आवास योजना में बंगाल नंबर एक था, फिर भी पिछले तीन से केंद्र ने पीएम आवास का पैसा रोक दिया है। बंगाल की गरीब जनता घर से वंचित है। मुझे केंद्र से कोई भीख नहीं चाहिए बल्कि हम और अधिकार का पैसा चाहिए। ममता ने दावा किया कि आवास के अलावा मनरेगा व अन्य कई योजनाओं का भी पैसा केंद्र ने बंद कर रखा है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र पर बंगाल का कुल एक लाख 71 हजार करोड़ रुपये बकाया है। ममता ने आगे कहा कि हमारी सरकार जो कहती है वो करती है। केंद्र ने आवास योजना में तीन साल से कोई पैसा नहीं दिया, लेकिन हमने घोषणा के 100 दिनों के अंदर 12 लाख परिवारों को पैसा देना शुरू कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार ने आवास योजना के सर्वे के लिए बीते तीन वर्षों में कुल 69 टीमें भेजी, लेकिन उसका कोई फायदा नहीं हुआ।

## चार साल में 1500 करोड़ की लागत से मुड़ीगंगा पर बनेगी पुल, किया नामकरण

**मुख्यमंत्री का दावा ब्रिज से सुगम होगी गंगासागर तीर्थयात्रा**

दक्षिण 24 परगना जिले में स्थित हिन्दुओं के तीर्थ स्थल में अन्यतम गंगासागर की तीर्थयात्रा अब आने वाले दिनों में सुगम होने वाली है। ममता बनर्जी सरकार ने मंगलवार को उक्त दावा किया। राज्य सरकार के अनुसार, मुड़ीगंगा पर पुल बनेगी। डीपीआर पहले ही तैयार हो चुका है। अगले 4 साल में काम पूरा हो जाएगा। इस दिन, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर यह बात दोहराई। उन्होंने पुल का नामकरण किया। राज्य सचिवालय में ममता ने आज उक्त बात की जानकारी देते हुए कहा कि चार लेन वाले ब्रिज के निर्माण में चार साल लगेंगे। ममता ने उक्त ब्रिज का नाम 'गंगासागर मेला सेतु' रखा। सागरद्वीप स्थित कपिल मुनि आश्रम तक पहुंचने के लिए वेसेल से समुद्र पार करना पड़ता है। जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री ने मुड़ीगंगा पर पुल बनाने की योजना बनाई। इसके लिए उनके पास पहले से ही डीपीआर है। इस ब्रिज के निर्माण में 1500 करोड़ रुपए खर्च हो सकते है। उक्त राशि राज्य द्वारा खर्च किया जाएगा। ममता की शिकायत है कि मेले का सारा खर्च राज्य वहन करता है। लेकिन केंद्र से कोई सहायता नहीं मिलती। ममता ने रेलवे अधिकारियों से आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेनें चलाने की अपील की है। सागर मेले के दौरान 2 हजार 250 सरकारी बसें और 250 निजी बसें चलेगी। जलमार्ग पर 32 वेसेल, 100 बर्ज और 900 छोटे वेसेल चलेंगे। प्रत्येक की सैटेलाइट ट्रैकिंग होगी। तीर्थयात्रियों की सुविधानुसार एकल टिकट की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान विशेष सुरक्षा व्यवस्था होगी।

## फर्जी पासपोर्ट रैकेट : बंगाल में डाक विभाग का एक और संविदा कर्मचारी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** अवैध बांग्लादेशी निवासियों के लिए फर्जी भारतीय पासपोर्ट बनाने के मामले में मंगलवार को बंगाल से डाक विभाग के एक और संविदा कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त का नाम तारकनाथ सेन है। तारकनाथ सेन डाक विभाग से जुड़ा दूसरा संविदा कर्मचारी है, जिसे पिछले 48 घंटों के दौरान कोलकाता पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने गिरफ्तार किया है। बता दें कि 15 दिसंबर को फर्जी पासपोर्ट रैकेट के सिलसिले में समरेश बिस्वास और दीपक मंडल नामक दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था। उसके पहले समरेश बिस्वास के बेटे रिपन बिस्वास को गिरफ्तार किया गया था। मंडल भी डाक विभाग का संविदा कर्मचारी था। पुलिस के सूत्रों ने कहा कि डाक विभाग के दो संविदा कर्मचारियों की लगातार गिरफ्तारी से यह आशंका और मजबूत हो गई है कि इस तरह के रैकेट ने उक्त विभाग के कुछ अंदरूनी लोगों के बीच एक नेटवर्क विकसित कर लिया है। यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि क्या उक्त विभाग के कुछ स्थायी कर्मचारी भी इस तरह के रैकेट में शामिल थे।

# एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकें 2025 से सस्ती होंगी : धर्मेंद्र प्रधान

**कक्षा 9-12 के लिए नयी किताबें 2026 तक**



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को घोषणा की कि अगले साल से कुछ कक्षाओं के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पाठ्यपुस्तकों की कीमतें घटाई जाएंगी। प्रधान ने कहा कि एनसीईआरटी मौजूदा समय में हर साल पांच करोड़ पाठ्यपुस्तकें छापती है और अगले वर्ष से इस क्षमता को बढ़ाकर 15 करोड़ करने की दिशा में काम किया जा रहा है। शिक्षा मंत्री ने यह भी बताया कि नौवीं से 12वीं कक्षा के लिए अद्यतन पाठ्यक्रम के अनुसार नयी पाठ्यपुस्तकें 2026-27 शैक्षणिक सत्र से उपलब्ध होंगी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''एनसीईआरटी अगले शैक्षणिक वर्ष में 15 करोड़ गुणवत्तापूर्ण और किफायती किताबें प्रकाशित करेगी... फिलहाल वह करीब पांच करोड़ पाठ्यपुस्तकें प्रकाशित करती है। पाठ्यपुस्तकों की मांग और आपूर्ति के संबंध में पहले कई चिंताएं रही हैं, लेकिन अब इनका समाधान किया जाएगा।'' प्रधान ने कहा, ''चूंकि, छपने वाली किताबों की संख्या अधिक होगी, तो कुछ कक्षाओं के लिए पाठ्यपुस्तकों की कीमतें कम की जाएंगी। किसी भी कक्षा की पाठ्यपुस्तकों की कीमतें नहीं बढ़ाई जाएंगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अभिभावकों पर कोई वित्तीय बोझ न पड़े।'' उन्होंने बताया कि नये राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचे (एनसीएफ) के अनुसार, पाठ्यपुस्तकों को अद्यतन करने की प्रक्रिया जारी है। प्रधान ने कहा, ''प्रक्रिया जारी है और नौवीं से 12वीं कक्षा के लिए पाठ्यपुस्तकें शैक्षणिक सत्र 2026-27 तक तैयार हो जाएंगी।'' उन्होंने कहा, ''15 में से सात ग्रेड के लिए नयी पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई जा चुकी हैं और अगले शैक्षणिक वर्ष में चार और ग्रेड के लिए पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध करा दी जाएंगी। कला, शारीरिक शिक्षा और कल्याण (कक्षा 3-8) तथा व्यावसायिक शिक्षा (कक्षा 6-8) के लिए पाठ्यपुस्तकें तैयार की जा रही हैं।

### नीट ऑनलाइन या 'पेन और पेपर मोड' में हो, इस पर जल्द फैसला होने की उम्मीद

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य मंत्रालय इस बात पर विचार कर रहे हैं कि चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए होने वाले नीट-यूजी (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक) का आयोजन पारंपरिक 'पेन और पेपर मोड' में किया जाए या फिर ऑनलाइन मोड में और इस संबंध में जल्द फैसला होने की उम्मीद है। शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ दो दौर की वार्ता की है। वर्तमान में, नीट-यूजी का आयोजन ऑफलाइन यानी 'पेन और पेपर मोड' में किया जाता है, जिसमें छात्रों को ओएमआर (ऑप्टिकल मार्क रिकॉग्निशन) शीट पर बहुविकल्पीय प्रश्न हल करने होते हैं।

## कांग्रेस ने राज्यों के बीच जल विवादों को बढ़ावा दिया : प्रधानमंत्री मोदी

**किसानों के लिए कुछ नहीं किया**



**जयपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि किसानों के नाम पर बड़ी-बड़ी बातें करने वाले न तो खुद किसानों के लिए कुछ करते हैं न ही दूसरों को कुछ करने देते हैं। इसके साथ ही मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नीति विवाद की नहीं संवाद की है और वह व्यवधान में नहीं समाधान में विश्वास रखती है। मोदी राजस्थान सरकार के कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर यहां दादिया में आयोजित 'एक वर्ष-परिणाम उत्कर्ष' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उन्होंने ऊर्जा, सड़क व रेलवे से जुड़ी 46,300 करोड़ रुपये से अधिक की 24 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। राजस्थान के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) के कार्यान्वयन में गत कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में विलंब की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा, ''ईआरसीपी को कांग्रेस ने कितना लटकाया, ये भी कांग्रेस की नीयत का प्रत्यक्ष प्रमाण है। ये किसानों के नाम पर बातें बड़ी-बड़ी करते हैं लेकिन किसानों के लिए न खुद कुछ करते हैं और न ही दूसरों को करने देते हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने राज्य के अलग-अलग हिस्सों में नर्मदा नदी का पानी पहुंचाने के लिए बड़ा अभियान चलाया। मोदी ने आरोप लगाया, तब उसे रोकने के लिए भी कांग्रेस और कुछ एनजीओ (गैर सरकारी संगठनों) द्वारा तरह-तरह के हथकंडे अपनाए गए। मोदी ने कहा, हमारी नदियों का पानी बहकर सीमा पार चला जाता था, लेकिन हमारे किसानों को इसका लाभ नहीं मिलता था।

## बांग्लादेश के विधि सलाहकार ने विजय दिवस पर मोदी की 'पोस्ट' की निंदा की

**ढाका :** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के विधि सलाहकार आसिफ नजरुल ने विजय दिवस के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए 'पोस्ट' की निंदा करते हुए कहा है कि इस जीत में ''भारत केवल एक सहयोगी था, इससे ज्यादा कुछ नहीं।'' विजय दिवस 16 दिसंबर 1971 में पाकिस्तानी सेना द्वारा भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण किए जाने की याद में मनाया जाता है। भारत की ऐतिहासिक जीत के कारण बांग्लादेश अस्तित्व में आया था। नजरुल की टिप्पणी को मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के कार्यालय ने भी सोशल मीडिया पर साझा किया। मोदी ने 1971 की ऐतिहासिक जीत में भारतीय सैनिकों के योगदान के लिए उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए सोशल मीडिया मंच पर एक 'पोस्ट' साझा की थी। नजरुल ने उस 'पोस्ट' का 'स्क्रीनशॉट' संलग्न करते हुए सोमवार को बंगाली में फेसबुक पर लिखा, ''मैं इसका कड़ा विरोध करता हूं। 16 दिसंबर, 1971 बांग्लादेश का विजय दिवस है। भारत इस जीत में केवल एक सहयोगी था, इससे ज्यादा कुछ नहीं।'' 'द डेली स्टार' अखबार ने मंगलवार को बताया कि मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने नजरुल की 'पोस्ट' को साझा किया।

# कांग्रेस ने संविधान को एक 'परिवार' की निजी जागीर माना, सत्ता में बने रहने के लिए इसमें संशोधन किया: शाह

**मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती हैं कांग्रेस, भाजपा कभी यह होने देगी**

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी ने संविधान को एक परिवार की 'निजी जागीर' माना और संसद के साथ 'धोखाधड़ी' की। 'भारत के संविधान की 75 साल की गौरवशाली यात्रा' पर दो दिवसीय चर्चा पर सरकार का पक्ष रखते हुए शाह ने तुष्टिकरण की राजनीति के लिए भी कांग्रेस पर निशाना साधा और दावा किया कि मुसलमानों को आरक्षण देने के लिए कांग्रेस 50 फीसदी आरक्षण की सीमा को तोड़ना चाहती है। उन्होंने कांग्रेस से पूछा कि क्या वह मुस्लिम पर्सनल लॉ का समर्थन करती है? साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए कभी काम नहीं किया। शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पहले ही उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता ला चुकी है और आने वाले दिनों में इसे सभी राज्यों में लागू करेगी। उन्होंने महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की हार का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके लिए



इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) को जिम्मेदार ठहराया गया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी को ईवीएम के खिलाफ झूठी अफवाहें फैलाना छोड़कर सत्ता में लौटने के लिए तुष्टिकरण और परिवारवाद की राजनीति के साथ ही भ्रष्टाचार की अपनी कारगुजारियों पर आंसू बहाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''पिछले 75 वर्षों में कांग्रेस ने संविधान के नाम पर धोखाधड़ी की... उन्होंने (नेहरू-गांधी परिवार) न केवल पार्टी को अपनी निजी संपत्ति समझा, बल्कि संविधान को अपनी 'निजी जागीर' की तरह माना।'' शाह ने कांग्रेस शासित दो राज्यों में धर्म के आधार पर आरक्षण लाने के लिए कांग्रेस की आलोचना करते हुए इसे 'असंवैधानिक' करार दिया। उन्होंने कहा, ''संविधान में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि कोई भी आरक्षण धर्म के आधार पर नहीं होगा। वे (कांग्रेस) ओबीसी का कोई कल्याण नहीं चाहते हैं, वे 50 फीसदी की सीमा बढ़ाकर मुसलमानों को आरक्षण देना चाहते हैं।'' केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, ''लेकिन आज, एक बार फिर मैं इस सदन में जिम्मेदारी के साथ कहता हूं कि जब तक भाजपा के पास एक भी सांसद है, हम धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देंगे।''


**RED-X**
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555



## डब्ल्यूएचओ ने भारत की सफलता को सराहा

यह सुखद है कि पूरी दुनिया में पिछले दो दशकों में मलेरिया के खिलाफ जंग में आशातीत सफलता मिली है। जिससे जहां मलेरिया के मामलों में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है, वहीं मौत के आंकड़ों में कमी आई है। पिछले दिनों जारी विश्व मलेरिया रिपोर्ट 2024 में कहा गया है कि सार्थक प्रयासों से भारत मलेरिया की दृष्टि से अधिक संवेदनशील देशों की सूची से बाहर निकल गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हालिया रिपोर्ट में जिक्र किया है कि भारत में मलेरिया के मामलों में जहां 69 फीसदी की कमी आई है, वहीं इससे होने वाली मौतों में 68 फीसदी की कमी आई है। उल्लेखनीय है कि देश के मलेरिया से ज्यादा प्रभावित राज्यों में सघन अभियान चलाया गया। साथ ही जागरूकता अभियान से भी इस दिशा में लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिली है। दरअसल, मलेरिया से ज्यादा प्रभावित राज्यों पश्चिम बंगाल, झारखंड, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में मलेरिया उन्मूलन अभियान युद्ध स्तर पर चलाया गया। इसके चलते भारत को डब्ल्यूएचओ ने उन देशों में शुमार किया है जिन्होंने इस दिशा में आशातीत सफलता हासिल की है। सुखद यह है कि मलेरिया से अधिक प्रभावित देशों मसलन अफ्रीकी देशों में नई वैक्सीन के ट्रायल के बेहतर परिणाम सामने आए हैं। ऐसे में उम्मीद व्यक्त की जा रही है कि हर साल जो लाखों लोग मलेरिया की चपेट में आते हैं, नई वैक्सीन के प्रभाव से उनकी जान के जोखिम को कम किए जाने में मदद मिल सकेगी। दरअसल, वैक्सीन के फेज-2बी के क्लीनिकल ट्रायल के परिणाम बताते हैं कि वैक्सीन सुरक्षित है और मजबूत रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में कारगर है। वैक्सीन की प्रभावशीलता पचपन फीसदी बतायी गई है। उल्लेखनीय है कि मशहूर चिकित्सा पत्रिका लैंसेट में प्रकाशित रिपोर्ट बताती है कि वैक्सीन रक्त में मौजूद मलेरिया की वजह बनने वाले परजीवियों के खिलाफ प्रभावी पायी गई है। जिसे जीवन की रक्षा के लिये बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि जहां भारत में वर्ष 2017 में मलेरिया के चौंसठ लाख मामले थे, वे वर्ष 2023 में घटकर बीस लाख रह गए। वहीं मलेरिया से होने वाली मौतों पर भी अंकुश लगा है। दरअसल, जागरूकता अभियान से उत्पन्न चेतना तथा चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार से मलेरिया उन्मूलन में खासी मदद मिली है। एक अनुमान के अनुसार कोई पौने दो करोड़ मलेरिया के मामलों को टाला गया है। वहीं मलेरिया जोखिम में भी आशातीत गिरावट आई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दक्षिण पूर्व एशिया के आठ देश मलेरिया से सर्वाधिक प्रभावित थे। जिसमें भारत में भी स्थिति विगत में चुनौतीपूर्ण थी। दरअसल, विश्व स्वास्थ्य संगठन इस बात को लेकर चिंतित था कि इस क्षेत्र में सघन आबादी के चलते दुनिया की एक चौथाई आबादी निवास करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दक्षिण एशिया के इन देशों में मच्छरों से पैदा होने वाले मलेरिया पर अंकुश लगाने के लिए सहज उपचार की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा था। जिससे लोगों के जीवन पर जोखिम को कम किया जा सके। यह तभी संभव था जब मलेरिया के प्रति संवेदनशील लोगों तक सहजता से उपचार पहुंचा सकें। महत्वपूर्ण बात यह है कि जहां भारत, इंडोनेशिया, बांग्लादेश व नेपाल में मलेरिया के मामलों में गिरावट आई है, वहीं म्यांमार, थाईलैंड व दक्षिण कोरिया में मलेरिया के मामलों में वृद्धि का ट्रेंड देखा गया है। यही वजह है कि मलेरिया उन्मूलन पर 2024 की रिपोर्ट जारी करते हुए डब्ल्यूएचओ ने दक्षिण पूर्व एशिया की कमजोर आबादी पर ध्यान केंद्रित करने को इन देशों की सरकारों से विशेष तौर पर कहा है। डब्ल्यूएचओ ने इसके लिये मलेरिया की पहचान, बचाव तथा इलाज की प्राथमिकता सुनिश्चित करने का आग्रह सरकारों से किया है। जिससे मलेरिया के मामलों में गिरावट से लाखों जिंदगियों की रक्षा की जा सके। ऐसे में नई वैक्सीन के उत्साहजनक परिणामों से मलेरिया के संदर्भ में संवेदनशील देशों में इसके खिलाफ लड़ाई को तेज करने में मदद मिलेगी। जो मानवता के लिये एक सुखद संकेत भी है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 18 दिसम्बर, बुधवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, पौष कृष्णपक्ष तृतीया, 10:09 तक, नक्षत्र : पुष्य, 24:58 तक, योग : इंद्र, 19:29 तक, सूर्योदय: 6:11, सूर्यास्त: 16:56 चन्द्रोदय : 19:54, चन्द्रास्त: 08:51, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 11:33 से 12:52

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए करियर में लाभ के प्रबल योग बन रहे हैं। जो भी कार्य आप मेहनत के साथ करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। शाम को कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों को भाग्य का साथ मिलेगा और आपको करियर के मामले में लाभ होगा। किसी देवस्थान की यात्रा करने से आपको सकून मिलेगा। आपकी योजनाएं सफल होंगी।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों के लिए दिन काफी रचनात्मक है और आपको कारोबार में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपको किसी क्रियेटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने का मौका मिलेगा।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों के लिए दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उस का फल उसी समय मिल सकता है। साथी भी आपका सहयोग करेंगे।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों के लिए दिन मिलाजुला रहेगा और आपके भाग्य में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न होगा। आपके भाग्य में वृद्धि होगी और आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपके जीवन में तरक्की के योग बन रहे हैं। आपसी वार्ता और व्यवहार में संयम रखने की जरूरत है।

**तुला :** तुला राशि के लोगों के लिए दिन लाभकारक है। आपके कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। आपको ऑफिस में कोई नया प्रॉजेक्ट काम करने को मिल सकता है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों का दिन परेशानियों और कठिनाइयों से भरा हो सकता है। शाम के वक्त आपको लाभ के अवसर प्राप्त होंगे और आपके लिए तरक्की के संयोग बनेंगे।

**धनु :** धनु राशि के लोगों के लिए दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएंगे तो आपको बड़ा लाभ होगा। आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए सेहत में उतार चढ़ाव भरा रहने वाला है। आपकी कोई पुरानी समस्याओं उभर सकती हैं। आप काम को लेकर कहीं बाहर जाने की प्लानिंग करेंगे।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपको अपने कामों में तरक्की को लेकर परिवार के सदस्य भी खुश रहेंगे।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि लेकर लेकर आने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। अपने ज्ञान को केंद्रित करके कामों को करना होग।

# अल्पसंख्यक के नाम पर राजनीति ज्यादा खतरनाक



ललित गर्ग

अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पहली बार 18 दिसंबर 1992 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा, राष्ट्र निर्माण में योगदान के रूप में चिन्हित कर अल्पसंख्यकों के क्षेत्र विशेष में ही उनकी भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति, परंपरा आदि की सुरक्षा को सुनिश्चित करने एवं समाज को जागृत करने हेतु मनाया जाता है। इस साल थीम 'विविधता और समावेश का जश्न मनाना' है। इसका उद्देश्य भारत के अल्पसंख्यकों की समावेशिता और विविधता को बढ़ावा देना है। यह थीम इस बात पर ज़ोर देती है कि अल्पसंख्यक के अधिकार सिर्फ़ आकांक्षाएं नहीं हैं, बल्कि बेहतर भविष्य के लिए लोगों और समुदायों को सशक्त बनाने का एक व्यावहारिक तरीका भी हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अल्पसंख्यकों की परिभाषा दी है कि ऐसा समुदाय जिसका सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से कोई प्रभाव न हो और जिसकी आबादी नगण्य हो, उसे अल्पसंख्यक कहा जाएगा। भारत में, इस दिन राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) द्वारा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। यह दिवस राष्ट्रीय या जातीय, धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों से संबंधित व्यक्तियों के अधिकारों की घोषणा को जीवंतता प्रदान करने का दिवस है। भारत में केंद्र सरकार अल्पसंख्यकों के गैर-भेदभाव और समानता के अधिकारों की गारंटी के प्रयास सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध है। इस दिन, देश के अल्पसंख्यक समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों और मुद्दों पर ध्यान खींचा जाता है। लोग धार्मिक, सांस्कृतिक, भाषाई और जातीय अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने की बात करते हैं।

भारत 'लोकतंत्र की जननी' कहलाता है, यहां के लोकतंत्र को खुबसूरती प्रदान करने के लिये भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है और भाषाई, जातीय, सांस्कृतिक और धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई उपक्रम एवं प्रयोग करता है। सरकार उन लोगों का गंभीरता एवं समानता से ख्याल रखती है जो अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के लोगों सहित उनकी जाति, संस्कृति और समुदाय के बावजूद आर्थिक या सामाजिक रूप से वंचित लोग हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रत्येक राष्ट्र में अलग-अलग जातीय, भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यक समूह होते हैं। भारत में अनेक अल्पसंख्यक समुदाय है। आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मणिपुर, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे विभिन्न राज्यों ने अपने-अपने राज्यों में राज्य अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की, जो संविधान और संसद और राज्य विधानमंडलों द्वारा अधिनियमित कानूनों में दिए गए अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा और संरक्षण करते हैं। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस अल्पसंख्यकों के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव को खत्म करने के मकसद से मनाया जाता है। हालांकि, कानूनी रूप से भारत के संविधान में अल्पसंख्यक की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है लेकिन अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए संविधान के कई प्रावधान अनुच्छेद 29, 30 आदि हैं। अल्पसंख्यक शब्द अल्प और संख्यक दो

**अंतरराष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस**
**18 दिसंबर 2024**

शब्दों से बना है। जिसका मतलब दूसरों की तुलना में कम संख्या होना है। भारत में अल्पसंख्यकों में मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और पारसी शामिल हैं। जरूरत है कि अल्पसंख्यकों को नहीं बांटें और सत्य को नहीं ढकें।

लोकतंत्र भारत की आत्मा है और उसकी रगों में लोकतंत्र रचा-बसा है। यहां सभी को समानता से जीने का अधिकार है, जाति, पंथ एवं धर्म के आधार पर किसी के साथ भेदभाव का कोई सवाल ही नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के कल्याण एवं अधिकारों पर बल दिया है तभी उनकी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत पर चलती है। अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव के आरोप पर मोदी ने कहा कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों में धर्म, जाति, उम्र या भू-भाग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। हमारी सरकार लोकतंत्र के मूल्यों के आधार पर बने संविधान के आधार पर चलती है तो पक्षपात का कोई सवाल ही नहीं उठता है। 'सबका' शब्द में सभी अल्पसंख्यक वर्ग को सम्मिलित करने का भाव है, मोदी सरकार ने अपने नए नारे के साथ ये एहसास दिलाने का प्रयास किया है कि अल्पसंख्यक समुदाय का भी विश्वास अर्जित करने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। तीन तलाक के विरुद्ध कानून लाकर अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को बहुसंख्यक समाज के महिला के बराबर बताने की कोशिश ऐसा ही प्रयास है।

भारत की माटी ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' का उद्घोष करके सभी प्राणियों के सुखी एवं समृद्ध होने की कामना की है। यहां अल्पसंख्यकों के साथ इसी उद्घोष की भांति उदात्तता बरती जाती है। महात्मा गांधी ने कहा भी है कि किसी राष्ट्र की महानता इस बात से मापी जाती है कि वह अपने सबसे कमजोर नागरिकों के साथ कैसा व्यवहार करता है।' इस दृष्टि से आजादी के बाद की सभी सरकारों ने अल्पसंख्यकों के साथ उदात्त एवं कल्याणकारी दृष्टिकोण अपनाया है। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों ने अपने स्वार्थों के लिये अल्पसंख्यकों को गुमराह किया है, साम्प्रदायिक उन्माद पैदा किया है। जिससे भारत के लोकतंत्र पर लाल और काले धब्बे लगते गये हैं। इन्हीं संकीर्ण एवं साम्प्रदायिकता की राजनीति करने वाले दलों ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की बजाय उनको वोट बैंक मानकर उनके वास्तविक अधिकारों की अनदेखी की है। ऐसे राजनेताओं ने अल्पसंख्यकों का जीवन खतरे में है, कहकर उन्हें उकसाया है, राष्ट्र की मूलधारा से अलग-थलग करने की कोशिश की है, लेकिन मोदी सरकार ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की अनेक बहुआयामी योजनाओं एवं नीतियों को लागू कर इन तथाकथित नेताओं की जुबान पर ताला लगा दिया है। सच कहा जाये तो देश में अल्पसंख्यक खतरे में नहीं हैं, अल्पसंख्यकों के नाम पर राजनीति करने वाले खतरे में हैं।

भारत विविध संस्कृतियों और समुदायों का देश है, यही इसका सौन्दर्य है। एक या अधिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव और जबरन आत्मसात करने से समृद्ध और ऐतिहासिक संस्कृतियों, भाषाओं और धर्मों का नुकसान हो सकता है जिन्होंने सदियों से भारत में अपनी विरासत संभाली है। विशिष्ट भारतीय समुदायों की सांस्कृतिक रूप से विविध पहचान को केवल अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करके ही बरकरार रखा जा सकता है। भारतीय सामाजिक प्रथाओं में प्रत्येक संस्कृति और धर्म के प्रति सहिष्णु और सर्व-समावेशी रवैया शामिल है। भेदभाव, जबरन आत्मसातीकरण एवं धर्म-परिवर्तन समुदायों को खतरे में डालता है और भारतीय समाज के समग्र सार एवं उसके मूल स्वरूप को प्रभावित करता है। भेदभाव नफरत का सबसे खराब एवं वीभत्स रूप है। लोगों के एक समूह के खिलाफ उनकी भाषाई या सांस्कृतिक मान्यताओं के आधार पर हिंसक कार्रवाई करना किसी व्यक्ति के विवेक के लिए हानिकारक है।

खतरा मन्दिरों, मस्जिदों, गिरजों और गुरुद्वारों को नहीं है। खतरा हमारी संस्कृति को है, हमारी सांस्कृतिक एकता को है, जो हमारी हजारों वर्षों से सिद्ध चरित्र की प्रतीक है। जो युगों और परिवर्तनों के कई दौरों की कसौटी पर खरा उतरा है। कोई बहुसंख्यक और कोई अल्पसंख्यक है, तो इस सच्चाई को स्वीकार करके रहना, अब तक हम क्यों नहीं सीख पाए? देश में अनेक धर्म के सम्प्रदाय हैं और उनमें सभी अल्पमत में हैं। वे भी तो जी रहे हैं। उन सबको वैधानिक अधिकार हैं तो नैतिक दायित्व भी हैं। देश, सरकार संविधान से चलते हैं, आस्था से नहीं। धर्म को सम्प्रदाय से ऊपर नहीं रख सके तो धर्म का सदैव गलत अर्थ निकलता रहेगा। धर्म तो संजीवनी है, जिसे विष के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। वोटों के लिए जिस प्रकार की धर्म की एवं अल्पसंख्यकवाद की राजनीति चलाई जा रही है और हिंसा को जिस प्रकार समाज में प्रतिष्ठापित किया जा रहा है, क्या इसको कोई थामने का प्रयास करेगा? राजनीति का व्यापार करना छोड़ दीजिए, भाईचारा अपने आप जगह बना लेगा, अल्पसंख्यक अपने आप ऊपर उठ जायेगा।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

# भारत की आतंकवाद पर दो टूक



सुनिधि मिश्रा

वर्तमान समय में आतंकवाद एक जटिल और बहुआयामी चुनौती बन गया है। तकनीकी प्रगति के साथ आतंकवादी समूह अब साइबर हमलों, सोशल मीडिया का दुरुपयोग और क्रिप्टो करेंसी जैसे नए माध्यमों का उपयोग कर रहे हैं। देश में पिछले कुछ दशकों से लगातार आतंकी घटनाएं हो रही हैं, जो दिखाती हैं कि किस प्रकार भारत आतंक के चपेट में आ गया है। इन आतंकी घटनाओं का क्रम यही नहीं रुका। मुंबई आतंकी हमले (26/11, 2008) ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। यह देश के इतिहास का सबसे भयावह आतंकी हमला था, जिसमें 10 आतंकवादियों ने मुंबई के कई स्थानों पर हमला किया, जिसमें 166 लोग मारे गए और 300 से अधिक घायल हुए। वहीं 14 फरवरी, 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ, जिसमें 40 जवान शहीद हो गए। 5 मई, 2023 को राजौरी जिले में आतंकवादियों ने सेना के वाहन पर घात लगाकर हमला किया। इस हमले में पांच जवान शहीद हो गए और एक अन्य घायल हो गया।

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद भारत के लिए दशकों से एक गंभीर चुनौती रहा है। इस क्षेत्र में आतंकवाद के इतिहास और वर्तमान स्थिति को समझने के लिए अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के प्रभाव को समझना महत्वपूर्ण है। अनुच्छेद 370 भारतीय संविधान का एक विशेष प्रावधान था, जो जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करता था। यह 1949 में लागू किया गया था और राज्य को स्वायत्तता प्रदान करता था, जिसके तहत केंद्र सरकार की शक्तियां रक्षा, विदेश मामलों और संचार तक सीमित थीं। 5 अगस्त, 2019 को भारत सरकार ने अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया और जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया। इस कदम का उद्देश्य क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देना और आतंकवाद से निपटना था। ये सभी घटनाएं हमें यह सोचने पर मजबूर करती हैं कि क्या आज भी हम कहीं ना कहीं सुरक्षा व्यवस्था में चूक कर रहे हैं?

**जयशंकर की यात्रा एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक कदम है, जो दोनों देशों के बीच संवाद की आवश्यकता को रेखांकित करता है।**

इन सारी घटनाओं के मद्देनजर आज जब भारत इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाता है, तो कुछ पड़ोसी देश अपनी आदत से बाज नहीं आते हैं और वे भारत के आंतरिक मुद्दों में हस्तक्षेप करने की कोशिश करते हैं। इसी संदर्भ में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन को भी एक स्पष्ट संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान किया जाना चाहिए। यह संदेश सीमा विवाद और लद्दाख में चल रहे तनाव के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण था। उन्होंने जोर देकर कहा कि एससीओ के सदस्य देशों को एक-दूसरे की चिंताओं का सम्मान करना चाहिए और विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाना चाहिए।

कुल मिलाकर पाकिस्तान को अब यह समझना होगा कि आतंकवाद को बढ़ावा देने से न केवल पड़ोसी देशों को खतरा है, बल्कि यह उसके अपने विकास में भी बाधक है। इस मामले में भारत का रुख स्पष्ट है। वह अपने क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहता है। वर्तमान में भारत आतंकवाद से निपटने के लिए एक बहुआयामी रणनीति अपना रहा है, जिसमें सुरक्षा बलों का आधुनिकीकरण और प्रशिक्षण, सीमा सुरक्षा को मजबूत करना, आतंकवाद के वित्तपोषण पर रोक, साइबर सुरक्षा में सुधार, समुदायों के बीच सद्भाव को बढ़ावा देना और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने जैसे कदम शामिल हैं। हालांकि चुनौतियां बड़ी हैं, लेकिन भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दृढ़ संकल्पित है। यह स्पष्ट है कि आतंकवाद से निपटने के लिए न केवल सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक पहलों की भी जरूरत है, जो आतंकवाद की जड़ों का खात्मा करें।

-स्वतंत्र लेखिका

## विदेश की खबरें

### बांग्लादेश के न्यायाधिकरण ने हसीना के खिलाफ आरोपों की जांच की समय सीमा दो महीने बढ़ाई

**ढाका :** बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ मानवता के खिलाफ अपराध के आरोपों की जांच पूरी करने की समय सीमा मंगलवार को दो महीने के लिए बढ़ा दी। 'डेली स्टार' अखबार की खबर के अनुसार, न्यायाधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गुलाम मुर्तुजा मजूमदार की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने यह आदेश पारित किया तथा जुलाई-अगस्त में छात्र नेतृत्व वाले प्रदर्शनों के दौरान नरसंहार के लिए हसीना और पूर्व मंत्रियों सहित 45 अन्य के खिलाफ दर्ज मामले में जांच पूरी करने के लिए समय सीमा 18 फरवरी तक बढ़ा दी। हसीना (77) सरकार के खिलाफ अभूतपूर्व प्रदर्शनों के बाद पांच अगस्त को भारत चली गईं। पांच अगस्त को, छात्रों के आंदोलन के कारण हसीना के 16 साल के शासन का अंत हो गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, दो मामलों की जांच रिपोर्ट आज पूरी होनी थी, लेकिन जांच एजेंसी ने और समय मांगा। पूर्व कृषि मंत्री अब्दुर रज्जाक को नरसंहार मामले में गिरफ्तार दिखाया गया, इसके अलावा 15 अन्य उच्च पदस्थ लोगों को भी इस मामले में पूर्व में गिरफ्तार दिखाया गया था। गिरफ्तार किए गए लोगों में पूर्व कानून मंत्री अनीसुल हक, पूर्व उद्योग मंत्री अमीर हुसैन अमू, पूर्व खाद्य मंत्री कमरुल इस्लाम, पूर्व नागरिक उड्डयन और पर्यटन मंत्री लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) फारुक खान, पूर्व मंत्री और वर्कर्स पार्टी के अध्यक्ष रशीद खान मेनन शामिल हैं।

### डोभाल भारत-चीन विशेष प्रतिनिधि वार्ता में भाग लेने के लिए बीजिंग पहुंचे

**बीजिंग :** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल बुधवार को होने वाली भारत-चीन विशेष प्रतिनिधि (एसआर) वार्ता में भाग लेने के लिए मंगलवार को बीजिंग पहुंचे। इस वार्ता का उद्देश्य पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के कारण चार साल से अधिक समय तक प्रभावित रहे द्विपक्षीय संबंधों को बहाल करना है। डोभाल अपने चीनी समकक्ष और विदेश मंत्री वांग यी के साथ विशेष प्रतिनिधियों (एसआर) की 23वें दौर की वार्ता करेंगे। इस दौरान पूर्वी लद्दाख से सैनिकों की वापसी और गश्त को लेकर दोनों देशों के बीच 21 अक्टूबर को हुए समझौते के बाद द्विपक्षीय संबंधों को बहाल करने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। चीन ने इस महत्वपूर्ण वार्ता से पहले मंगलवार को कहा कि वह 24 अक्टूबर को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर रूस के कजान में हुई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की बैठक के दौरान बनी आम सहमति के आधार पर प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने के लिए तैयार है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा था, '23 अक्टूबर को कजान में दोनों नेताओं की बैठक के दौरान बनी सहमति के अनुसार दोनों विशेष प्रतिनिधि सीमा क्षेत्रों में शांति और सौहार्द के प्रबंधन पर चर्चा करेंगे और सीमा से जुड़े मुद्दे का निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान तलाशेंगे।'

### गाजा में इजराइली हमले में एक ही परिवार के कम से कम 8 लोगों की मौत : फलस्तीन

**यरुशलम :** गाजा में इजराइली हमले में एक ही परिवार के कम से कम आठ लोग मारे गए, जिनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे थे। फलस्तीनी चिकित्सा कर्मियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय की एम्बुलेंस और आपातकालीन सेवा के अनुसार, सोमवार देर रात गाजा शहर के मध्य पड़ोसी नगर दाराज में एक घर पर हमला किया गया।

बचावकर्मियों ने मलबे के नीचे से दो महिलाओं और चार बच्चों सहित आठ लोगों के शव बरामद किए। एसोसिएटेड प्रेस को मिली हताहतों की सूची के अनुसार, मलबे से बरामद शवों में एक पिता और उसके तीन बच्चे तथा बच्चों की दादी शामिल हैं। इस हमले पर इजराइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले 14 महीनों में गाजा में इजराइली बमबारी और आक्रमण में 45,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं। मंत्रालय के आंकड़ों में लड़ाकों और असैन्य नागरिकों के बीच अंतर नहीं किया गया है, लेकिन उसका कहना है कि मृतकों में आधे से अधिक महिलाएं और बच्चे थे। इजराइल ने यह अभियान हमास द्वारा 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजराइल पर किये गए हमले के प्रतिशोध में शुरू किया था, जिसमें आतंकवादियों ने लगभग 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी और 250 अन्य का अपहरण कर लिया था, जिनमें से लगभग 100 लोग अब भी कैद में हैं।

## वर्ग पहेली नं. 2949

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | | | 5 | |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | ■ | | ■ |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | | 11 | 12 | | ■ |
| 13 | | ■ | 14 | | ■ | 15 | | ■ | 16 |
| ■ | 17 | | | ■ | 18 | | ■ | 19 | |
| 20 | | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | |
| | ■ | 23 | ■ | ■ | 24 | 25 | | | ■ |
| 26 | 27 | | | 28 | ■ | | ■ | 29 | 30 |
| 31 | | | ■ | 32 | | | ■ | 33 | |

*बायें से दायें:-* 2) सम्मानसूचक तू, 4) वार्षिक; सदाबहार; सदापर्ण, 6) एक प्रसिद्ध नदी, 8) कर्णबधिर, 10) रिश्वतख़ोर; कृतघ्न, 13) पैर, 14) पार्वती, 15) मेहँदी, 17) अत्यधिक, 18) बड़ा; अपर *(अधिकारी)*; महान; प्रतिष्ठित, 19) परत; संस्तर; गहराई, 20) छिलका; त्वचा, 21) अंगूर की बेटी; बोतल; पव्वा, 22) एक महाराष्ट्रीय लोकमान्य महापुरुष; सगाई; टीका, 24) स्वार्थ, 26) आवभगत, 29) मेघ-गर्जना; विद्युतपात, 31) जीवन, 32) भारत का राष्ट्रध्वज, 33) कंठस्थ.

*ऊपर से नीचे:-* 1) प्रतियोगिता; मुठभेड़; प्रतिरोध, 2) सहारा, 3) कीर्तिस्व; प्रताप; प्रतिष्ठा, 4) एक अन्न, 5) अनुभवी; कुशल, 7) असमतल; उर्मिल; लहराता, 9) बेजान; मरियल; निर्बल, 11) स्त्री, 12) गँवाना, 14) तथागत बुद्ध, 16) आकर्षक, 18) राहत; थकावट मिटाना, 19) चाहनेवाला, 20) व्यर्थ, 22) एक तिलहन अनाज, 23) मुखमंडल, 25) पदक, 27) पत्नी, 28) लोकव्यवहार नियम; परिपाटी, 30) उलझे चिपके केश.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| च | क्क | ■ | वा | स्त | वि | क | ■ | प | ट्टी |
| श्म | ■ | ग | द्य | ■ | क्र | ■ | ग | र्व | ■ |
| दी | वा | र | ■ | स | मा | ज | ■ | त | ट |
| द | ■ | बा | प | ■ | दि | मा | ग | ■ | ह |
| ■ | अ | ■ | सा | हि | त्य | ■ | ज | वा | नी |
| ■ | द | रा | र | ■ | ■ | अं | ब | र | ■ |
| ना | र | ■ | ■ | औ | स | त | ■ | ■ | ह |
| च | क | ना | चू | र | ■ | का | ना | फू | सी |
| ना | ■ | टी | ■ | त | र | ल | ■ | ■ | ना |

## सुडोकू-पहेली-2909

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | | 2 | | |
| | | | | | | 5 | | 8 |
| 1 | | | | | | | | |
| 6 | | | 3 | 2 | | | | |
| 3 | | | | | | | 1 | |
| | | | | 5 | 7 | | | |
| | | | 6 | | | | 3 | |
| | 2 | | 4 | | | | | |
| | 5 | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2908 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 5 | 3 | 2 |
| 2 | 4 | 3 | 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 9 | 8 |
| 1 | 6 | 5 | 9 | 8 | 3 | 7 | 2 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 | 8 | 5 |
| 7 | 8 | 2 | 1 | 5 | 4 | 9 | 6 | 3 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 7 | 2 | 3 | 4 | 9 |
| 9 | 2 | 7 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 | 6 |
| 4 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 |

# जनता बार-बार के चुनाव से बोर हो रही है : रामनाथ कोविंद

## पूर्व राष्ट्रपति का दावा... 'एक राष्ट्र एक चुनाव' मतदान प्रक्रिया को प्रोत्साहन देगा, आर्थिक विकास को मिलेगी गति

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को यहां कहा कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' संबंधी केंद्र का प्रस्ताव अगर लागू हो जाता है, तो इससे चुनाव प्रक्रिया को प्रोत्साहन मिलेगा और देश के आर्थिक विकास में भी यह मददगार साबित होगा। इस दिन, कोविंद ने यहां एक आदिवासी संगठन के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता हर साल वोट मांगने वाले राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों से मुलाकात कर थक गए हैं और शायद अब वे उनका इतनी बार सामना नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव को पूरी तरह से लागू करने में पांच से




10 साल का वक्त लग सकता है। जब 2029-2030 में या उसके बाद यह प्रस्ताव पूरी तरह से लागू हो जाएगा, तो मतदाताओं को हर साल एक या दूसरे चुनाव के लिए मतदान केंद्रों पर नहीं जाना पड़ेगा। इससे आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर मौजूदा 7.23 प्रतिशत से 1.5 प्रतिशत तक और बढ़ जाएगी। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि सोचिए कि यदि मौजूदा जीडीपी में 1.5 अंक जोड़ दिए जाएं, तो 10 प्रतिशत (जीडीपी) के आंकड़े तक पहुंचने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। तब हमारा देश दुनिया की शीर्ष तीन-चार आर्थिक महाशक्तियों में शामिल हो जाएगा। कोविंद ने दावा किया कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' से पूरी प्रक्रिया को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि अगर उम्मीदवारों को हर साल लोगों से वोट मांगना है, तो उन्हें यह बताना होगा कि विकास का वादा क्यों नहीं पूरा किया गया। हर साल होने वाले चुनावों के कारण लोग कभी-कभी मतदान केंद्रों पर जाने से कतराने लगते हैं। उन्होंने कहा कि समिति की 18,000 पन्नों की रिपोर्ट सार्वजनिक मंच पर उपलब्ध है और इससे आर्थिक प्रशासन सुचारू हो जाएगा। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि यदि आप एक स्थान पर बैठें, तो आप माउस क्लिक करके या मोबाइल पर इसे देख सकते हैं और इसके लिए अलग-अलग पुस्तकालयों में जाने की आवश्यकता नहीं है। विभिन्न संसदीय समितियों की रिपोर्ट का विशाल संकलन एक साथ संकलित किया गया है।

## बैंक ऋण जालसाजी मामले : ईडी ने बंगाल में तीन स्थानों पर मारे छापे

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने बैंक ऋण जालसाजी मामलों के सिलसिले में मंगलवार को राज्य के तीन अलग स्थानों कोलकाता और उसके आसपास में छापे मारे। जानकारी के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने कोलकाता के बालीगंज में स्थानीय व्यवसायी संजय सुरेखा के आवास पर छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों द्वारा छापेमारी और तलाशी अभियान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा वर्ष 2022 में दर्ज बैंक ऋण जालसाजी मामले के संबंध में था। इस मामले में शामिल कुल जालसाजी राशि 3,280 करोड़ रुपये है। ईडी के अधिकारियों ने उत्तर 24 परगना के दमदम छांवनी क्षेत्र में एक अन्य व्यवसायी संजय गुप्ता के आवास पर भी छापेमारी की। संजय गुप्ता के घर पर छापेमारी पड़ोसी राज्य झारखंड में 600 करोड़ रुपये के बैंक लोन फर्जीवाड़े



के सिलसिले में की गई। हालांकि, जब ईडी के अधिकारी संजय गुप्ता के घर पहुंचे तो वह वहां नहीं थे। उनके परिवार के सदस्यों ने केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों को बताया कि गुप्ता कारोबारी मकसद से शहर से बाहर हैं। ईडी के अधिकारियों ने शांतनु पोद्दार नामक व्यक्ति के घर पर भी छापेमारी की, जो मेटल मशीन पार्ट्स निर्माण से जुड़ी एक कॉरपोरेट इकाई से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी हैं। सूत्रों ने बताया कि ईडी के अधिकारियों ने पोद्दार के घर पर दूसरी बार छापेमारी की। हालांकि, जालसाजी में शामिल रकम का खुलासा नहीं किया गया। ईडी अधिकारियों की प्रत्येक टीम के साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवान थे। सूत्रों ने बताया कि इन तीनों जगहों पर कागजात और डिजिटल दस्तावेजों की जांच के अलावा ईडी के जांच अधिकारियों ने वहां रहने वाले अलग-अलग लोगों से भी पूछताछ की।

## पूर्व पुलिस प्रमुख प्रसून बनर्जी बने पुलिस के कानूनी सलाहकार

**कोलकाता, समाज्ञा :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रायगंज रेंज के आईजी रैंक के आईपीएस अधिकारी प्रसून बंद्योपाध्याय पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्ति के बाद, वह तृणमूल में शामिल हो गए और लोकसभा में सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार बन गए। इस बार, राज्य ने इस पूर्व पुलिस अधिकारी को राज्य पुलिस का कानूनी सलाहकार नियुक्त किया है। प्रसून आईजी रैंक के अधिकारी थे। जिस पद पर उनकी नियुक्ति हुई वह भी आईजी रैंक का है। आरजी कर के बाद पुलिस को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए राज्य ने राज्य के प्रत्येक उपमंडल में पुलिस के लिए एक कानूनी सलाहकार नियुक्त करने का निर्णय लिया है। हाल ही में हुई कैबिनेट बैठक में इस फैसले को अंतिम रूप दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, जल्द ही राज्य के 99 उपमंडलों में पुलिस के लिए एक-एक कानूनी सहायता सलाहकार की नियुक्ति की जाएगी। पूर्व पुलिस प्रमुख प्रसून बनर्जी उनके प्रबंधन के प्रभारी होंगे।

## वर्चुअली पेशी के दौरान कालीघाट वाले काकू को सीबीआई ने किया गिरफ्तार

### ✒ ईडी के मामले में आरोपित को मिल चुकी हैं सशर्त जमानत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कालीघाट वाले काकू उर्फ सुजयकृष्ण भद्र को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को उन्हें वर्चुअल माध्यम से अदालत में पेश किया गया, जहां सीबीआई ने उनकी गिरफ्तारी के दस्तावेज अदालत में जमा किए। सीबीआई के इस कदम पर अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि सुजयकृष्ण भद्र को बार-बार तलब किया जा रहा था, लेकिन उन्होंने हर बार बीमारी का बहाना बनाकर पेश होने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि अब इस मामले में आरोपित को पेश करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। इसके अलावा, सुजयकृष्ण भद्र को हाईकोर्ट से भी झटका लगा है। अदालत ने उनकी अग्रिम जमानत की याचिका खारिज कर दी। अदालत ने स्पष्ट किया कि चूंकि उनके खिलाफ प्रोडक्शन वारंट जारी किया गया है, इसका मतलब है कि



सीबीआई ने उन्हें पहले ही गिरफ्तार कर लिया है, इसलिए अग्रिम जमानत की याचिका स्वीकार नहीं की जा सकती। बता दें कि भ्रष्टाचार मामले में ईडी के केस में सुजयकृष्ण भद्र को पहले ही जमानत मिल चुकी है, लेकिन वह फिलहाल प्रेसिडेंसी जेल में बंद हैं। वहां जेल अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। सोमवार को उन्हें वर्चुअल माध्यम से अदालत में पेश किया गया था, जहां वह कंबल ओढ़े हुए लेटे हुए नजर आए। मंगलवार को उन्हें अदालत में बैठे हुए पेश किया गया। सीबीआई ने अदालत को जानकारी दी है कि सुजयकृष्ण भद्र के पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की जाएगी।

## कोलकाता पर कब्जे की बात पागल लोगों का प्रलाप है : बांग्लादेश के सैन्य अधिकारी-मुक्तियोद्धा

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेशियों के एक वर्ग द्वारा कोलकाता पर कब्जे की धमकी को सीमा पार से आए मुक्तियोद्धा व सैन्य अधिकारियों ने बकवास और पागलपन भरा भ्रम बताया है। उन्होंने दावा किया कि सीमा पार की मौजूदा स्थिति पूरी तरह से राजनीतिक है। मंगलवार को राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस के आमंत्रण पर राजभवन पहुंचे बांग्लादेशी सैन्य अधिकारी व मुक्ति योद्धाओं ने उम्मीद जताया कि दोनों देशों के इतिहास, मित्रता, गरिमा और परंपरा में एकजुट है और भविष्य में भी बने रहेंगे। हालांकि, कुछ मुक्तियोद्धा व सैन्य अधिकारी ने मौजूदा हालात के लिए ज्यादातर मामलों में भारत को जिम्मेदार ठहराने की कोशिश की। स्वतंत्रता सेनानी मोहम्मद अली अफसर ने तो त्रिपुरा में बांग्लादेश उच्चायोग पर हमले का मुद्दा भी उठाया उन्होंने बांग्लादेश के भारत विरोधी होने की शिकायत को भी खारिज कर दिया। उन्होंने दावा किया कि हर चीज भारत में बनी है। वहीं, बांग्लादेश सेना के ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद अमिनुर रहमान, स्वतंत्रता सेनानी मोहम्मद अली




अफसर, एबीएम नुरुल आलमरा ने कहा कि विजय दिवस कार्यक्रम में निमंत्रण और आतिथ्य जबरदस्त था।

**❑ बांग्लादेश के ब्रिगेडियर जरनल ने राज्यपाल बोस को किया आमंत्रित**

राज्यपाल बोस ने भी टिप्पणी की कि बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति राजनीतिक है। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि विदेश मंत्रालय स्थिति के प्रति सतर्क और जागरूक है तो स्थिति जल्द ही सामान्य हो जाएगी। बांग्लादेश के प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच भारत-बांग्लादेश मैत्रीपूर्ण संबंध फिर से सामान्य हो जाएंगे। दोनों देशों के नागरिकों की आवाजाही भी सामान्य हो जाएगी। कुछ सिरफिरे लोगों की टिप्पणियां दोनों देशों को प्रभावित कर रही हैं। बांग्लादेश प्रशासन इस बात से अवगत है। देश के अल्पसंख्यक लोगों की सुरक्षा और उनके उचित प्रशासनिक कदम बांग्लादेश सरकार द्वारा उठाए जाएंगे। राज्यपाल सीवी आनंद बोस और बांग्लादेश सेना के ब्रिगेडियर जनरल ने एक दूसरे को स्मृति चिह्न सौंपे। बांग्लादेश सेना के ब्रिगेडियर जनरल रहमान ने देश की आजादी में भारत की भूमिका का जिक्र किया। उन्होंने आधिकारिक तौर पर राज्यपाल को बांग्लादेश आने का निमंत्रण दिया।

**NAME CHANGE**

I, No 4561379M Ex- Naik Samir Paul, R/O- Vill: Gopalnagar Station Para, P.O- Gopalnagar, P.S- Gopalnagar, Dist- North 24 Parganas, PIN- 743262, WB, declared that henceforth the name (inclusion surname) of my daughter has been changed from MIMISHA to MIMISHA PAUL, that the said MIMISHA and MIMISHA PAUL daughter of Ex-Naik Samir Paul are the same and one identical girl vide Affidavit Serial No. 70, Dated: 16.12.2024 before the Notary Public at Bongaon, District North 24 Parganas, WB.

**OFFICE OF THE BLOCK DEV. OFFICER**

Joypur Dev. Block, Joypur, Purulia

**NOTICE INVITING TENDER NO: NIeT- 11/BDO/J.D.B/ 2024-25**

E-tenders are invited by the undersigned from eligible bonafied contractors having requisite credentials and other valid documents **upto 03.00 PM of 31.12.2024** for 01 no. of work (Tender Amt. Rs. 19,42,295.00). For details intending participants may contact to the office of the undersigned or visit website **www.wbtenders.gov.in** in any working day before the Last date for submission of bid documents.

Sd/-

Block Development officer

Joypur Development Block

**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी सं.: 286_2024-25, दिनांक 16.12.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 (वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के क्षेत्रधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी/ एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **कार्य का विवरण** : एईएन/बैण्डेल के अधीन बैण्डेल (03 अदद), मेमारी (01 अदद) एवं बैंची (01 अदद) में 50000 गैलन क्षमता के आरसीसी ओ. एच. टैंक द्वारा स्टील ओ.एच. टैंक की बदली। **अनुमानित मूल्य :** रु. 7,80,95,081.83, **बयाना राशि:** रु. 5,40,500/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 03.01.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-491/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## 'बांग्लादेश में गिरफ्तार 95 मछुआरों को वापस लाए जाएंगे'

### ✒ मुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन, स्थानीय विधायक से की बात

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के 95 मछुआरे दो महीने पहले मछली पकड़ने के दौरान बांग्लादेश के समुद्री इलाके में फंस गए थे। मुख्यमंत्री ने केंद्र से उनकी रिहाई के लिए कार्रवाई करने की मांग की। विधानसभा में खड़े होकर उन्होंने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय



मामला है, राज्य का इससे कोई लेना-देना नहीं है। यह केंद्र को देखना है।मंगलवार को उन्होंने खुद स्थानीय विधायक से फोन पर बात की और मछुआरों को वापस लौटाने का वादा किया। विधायक के माध्यम से शोक संतप्त परिवारों को उनका संदेश है, शीघ्र रिहाई की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं इस संबंध में पहल किए जाने से काकद्वीप के परिवारों को उम्मीद की रोशनी दिख रही है। सूत्रों के मुताबिक गृह सचिव नंदिनी चक्रवर्ती ने काकद्वीप के तृणमूल विधायक मोंटूराम पाखिरा को फोन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मछुआरों के बारे में जानकारी लेना चाहते हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री ने खुद मोंटूराम पाखिरा से बात की। वह जानना चाहते हैं कि बांग्लादेश में फंसे मछुआरों के परिवार क्या कर रहे हैं। फिर विधायक से कहा कि परिजनों को चिंता की कोई बात नहीं है। वे जल्द ही अपने लोगों को वापस ले आएंगे।वह व्यवस्था की जा रही है। रिश्तेदारों को उसमें उम्मीद की रोशनी नजर आती है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीईएसटीई-आरटीयू-पीएस-एलसीगेट-24-2, दिनांक: 13.12.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा **निविदा सं.: एसडीईएसटीई-आरटीयू-पीएस-एलसीगेट-24-2** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** अनुसूची : क-हावड़ा में स्वतंत्र इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेटों पर आरटीयू का प्रावधान। अनुसूची : ख-हावड़ा में मिड सेक्शन लेवल क्रॉसिंग गेटों पर पावर सप्लाई व्यवस्था का प्रावधान। **बोली प्रणाली** : एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 1,78,29,858/-, **बयाना राशि:** रु. 2,39,200/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 365 दिन। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 13.12.2024 को 17.38 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 25.12.2024, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 08.01.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

HWH-486/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## अर्जुन सिंह व कार्तिक महाराज ने चिन्मय दास के वकील से की मुलाकात, हिंदू भिक्षु के बचाव के लिए की सराहना

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता अर्जुन सिंह ने मंगलवार को उत्तर 24 परगना जिले में जेल में बंद हिंदू भिक्षु चिन्मय कृष्ण दास का बचाव कर रहे बांग्लादेशी वकील रवींद्र घोष से मुलाकात की। अर्जुन सिंह ने मुलाकात के दौरान बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए रवींद्र घोष के संघर्ष को सराहा। अर्जुन सिंह और रवींद्र घोष की ये मुलाकात बैरकपुर इलाके में हुई, जहां वकील रवींद्र घोष फिलहाल चिकित्सा कारणों से अपने बेटे के घर रह रहे हैं। इस मुलाकात के दौरान हिंदू भिक्षु कार्तिक महाराज भी उपस्थित थे। भाजपा नेता अर्जुन सिंह ने वकील



रविंद्र घोष से मुलाकात के बाद कहा कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए रवींद्र घोष के साहस को हम सराहते हैं। जान को खतरा होने के बावजूद उनका संघर्ष प्रेरणादायक है। इसके साथ ही कार्तिक महाराज ने भी रवींद्र घोष की सराहना करते हुए कहा कि उत्पीड़ित समुदायों के अधिकारों की रक्षा के लिए खड़ा होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि न्याय के प्रति रवींद्र घोष की प्रतिबद्धता मानवता की सच्ची भावना को दर्शाती है। इस काम में उनका समर्थन करना हमारा कर्तव्य है। वकील रविंद्र घोष ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति बहुत खराब है और मैं अन्याय के खिलाफ लड़ाई जारी रखूंगा। इसके साथ ही रवींद्र घोष ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की बिगड़ती स्थिति पर भी चिंता जताई और कहा कि वर्तमान सरकार की चुप्पी चिंताजनक है। यह न्याय का मजाक है।

## पुलिस ने डॉक्टरों के प्रदर्शन को नहीं दी अनुमति, हाईकोर्ट में याचिका दायर

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की कार्रवाई में देरी के खिलाफ प्रदर्शन करने जा रहे डॉक्टरों को कोलकाता पुलिस ने अनुमति देने से इनकार कर दिया है। पुलिस के इस फैसले के बाद चिकित्सकों के संगठन 'वेस्ट बंगाल ज्वाइंट प्लेटफॉर्म ऑफ डॉक्टर्स' (डब्ल्यूबीजेडीएफ) ने कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने का निर्णय लिया है। डॉक्टरों का यह प्रदर्शन मंगलवार यानी 17 दिसंबर से 26 दिसंबर तक कोलकाता के डोरीना क्रॉसिंग पर आयोजित होना था। पता चला है कि कोलकाता पुलिस ने इस आयोजन को लेकर यातायात बाधित होने और आम जनता को परेशानी का हवाला देते हुए अनुमति नहीं दी। पुलिस की ओर से डब्ल्यूबीजेडीएफ को भेजे गए ईमेल में कहा गया है कि इस स्थान पर आपके कार्यक्रम से ट्रैफिक जाम की आशंका है और लोगों को काफी असुविधा हो सकती है। खासकर क्रिसमस और नववर्ष के उत्सवों के मद्देनजर भारी भीड़ होने की उम्मीद है। पुलिस ने यह भी बताया कि इससे पहले इसी तरह के एक कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई थी। पुलिस ने कहा, ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से शांति भंग होने की संभावना भी है। डब्ल्यूबीजेडीएफ के कार्यकर्ता डॉ. राजीव पांडे ने मंगलवार को बताया कि हम हाईकोर्ट में याचिका दायर कर रहे हैं ताकि हमें शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति मिल सके।

## खेल मैदान पर दखल कर निर्माण कार्य करना भयंकर : हाईकोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम मेदिनीपुर जिले में एक स्कूल के खेल मैदान को दखल कर वहां अवैध तरीके से निर्माण कार्य करने पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। न्यायमूर्ति विश्वजीत बसु की अदालत ने इसपर सख्त टिप्पणी करते हुए इसे भयंकर करार दिया और जिला पुलिस से अविलंब अवैध निर्माण कार्य बंद कराने का निर्देश दिया है। आरोप है कि जिले के दासपुर इलाके के मानिकपुर प्राथमिक स्कूल के खेल मैदान को दखल कर वहां अवैध तरीके से निर्माण कार्य शुरू किया गया है। अदालत ने इसपर हैरानी जताते हुए जिला प्राथमिक स्कूल काउंसिल को खेल मैदान को पुरानी अवस्था में लौटाने का निर्देश दिया।

## बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए फर्जी भारतीय दस्तावेज तैयार करने के पैटर्न का खुलासा

### ✒ बड़े नेटवर्क की जड़े खंगाल रही बंगाल पुलिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत-बांग्लादेश के बीच मौजूदा तनाव भरे माहौल में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठियों के भारत में प्रवेश करने की आशंका बनी हुई है। इसमें हिंसक गतिविधियों को अंजाम देने वाले तत्व भी शामिल हो सकते हैं। इसलिए, केंद्रीय खुफिया एजेंसी के साथ मिलकर पश्चिम बंगाल पुलिस बड़े पैमाने पर ऐसे नेटवर्क को ध्वस्त करने में जुटी हुई है। राज्य पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि राज्य में सक्रिय गिरोह, जो बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए फर्जी भारतीय पासपोर्ट और दस्तावेज तैयार करते हैं, उनका एक समान तरीका और पैटर्न सामने आया है। राज्य पुलिस की जांच में यह तथ्य उजागर हुआ है। इन गिरोहों का पहला मुख्य आधार अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से सटे गांव होते हैं, चाहे वह जमीन हो या समुद्री सीमाएं। इन गिरोहों के कार्य करने का दूसरा समान पैटर्न उनके चरणबद्ध तरीके में पाया गया है। पुलिस जांच के मुताबिक, जब भी कोई बांग्लादेशी घुसपैठिया अवैध रूप से सीमा पार कर भारत में प्रवेश करता है, तो इन गिरोहों के एजेंट सबसे पहले उनके संपर्क में आते हैं। जो घुसपैठिए बड़ी रकम देने की इच्छा जताते हैं, उनके लिए सीमावर्ती गांवों में सुरक्षित घरों में ठहरने की व्यवस्था की जाती है। इसके बाद, सबसे पहले भारतीय पहचान पत्र जैसे राशन कार्ड, फिर आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) और पैन कार्ड तैयार कराए जाते हैं। फर्जी पासपोर्ट बनाने का कार्य अंतिम चरण होता है। सूत्रों के मुताबिक, इस पूरी प्रक्रिया में घुसपैठियों को दो लाख से तीन लाख रुपये तक खर्च करने पड़ते हैं। उल्लेखनीय है कि गत रविवार को राज्य पुलिस की तटीय पुलिस डिविजन ने ऐसे ही एक गिरोह के दो सरगनाओं समरेश बिस्वास और दीपक मंडल को गिरफ्तार किया। दीपक मंडल भारतीय डाक विभाग में संविदा कर्मचारी है। इससे पहले, पुलिस ने उसके बेटे रिपन मंडल को भी गिरफ्तार किया था। जिला अदालत ने समरेश बिस्वास और दीपक मंडल को 20 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**सं.: सीओएम/ई-ऑक्शन/एचडब्ल्यूएच/2024** **दिनांक 16.12.2024**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा 03 वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग लॉट के परिचालन के लिए ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। ई-नीलामी की अधिक जानकारी एवं भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल** के माध्यम से देखें। **कैटलॉग सं.: पार्क-एचडब्ल्यूएच-डीईसी-4, नीलामी शुरू होने की तिथि और समय** : दिनांक 31.12.2024 को 12.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं.** और **स्टेशनों के नाम** निम्नानुसार हैं: (1) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-बीजेडएलई-टीडब्ल्यू-250-24-1 (पार्किंग-टू व्हीलर) और बाजारसौ। (2) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-केओजी-टीडब्ल्यू-262-24-1 (पार्किंग-टू व्हीलर) और कोन्नगर। (3) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-जेआईटी-टीडब्ल्यू-27-24-1 (पार्किंग-टू व्हीलर) और जिराट। (4) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-डीटीएई-टीडब्ल्यू-244-23-1 (पार्किंग-टू व्हीलर) और धात्रिग्राम।

HWH-488/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

**फार्मासिस्ट की पुनःनियुक्ति**

**ध्यान दें : सेवानिवृत्त रेलवे पैरामेडिकल कर्मचारी**

**सं. ई-5/मेड/री-एंगेजमेंट/रिटायर्ड पैरा मेडिकल स्टाफ/24 दिनांक: 17.12.2024**

हावड़ा मंडल का चिकित्सा विभाग फार्मासिस्ट के वर्तमान रिक्त पद के लिए अनुबंध के आधार पर सेवानिवृत्त रेलवे पैरामेडिकल कर्मचारियों की पुनःनियुक्ति के लिए आमंत्रित करता है। पुनःनियुक्ति की शर्तें नीचे दी गई हैं: **पद का नाम:** फार्मासिस्ट; **रिक्ति:** 01 (एक)। सेवानिवृत्त रेलवे पैरामेडिकल कर्मचारियों से निम्नलिखित नियमों और शर्तों के अनुसार निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-(1) हटाए गए/बर्खास्त किए गए/अनिवार्य/स्वैच्छिक रूप से सेवानिवृत्त कर्मचारी पुनःनियुक्ति के लिए पात्र नहीं हैं। (2) उपयुक्त श्रेणी की मेडिकल फिटनेस अनिवार्य है। (3) ऐसी पुनःनियुक्ति के लिए अधिकतम उम्र सीमा 65 वर्ष होगी। (4) यह पुनःनियुक्ति दिनांक 30.06.2025 तक वैध है। (5) पुनःनियुक्त किये जाने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारी का मासिक पारिश्रमिक रेलवे बोर्ड के पत्रांक ई (एनजी)II/2005/आरसी-4/एससी/2/पार्ट I दिनांक 28.06.2024 के अनुसार निर्धारित किया जाएगा। (6) पुनःनियुक्त कर्मचारी किसी भी प्रकार की छुट्टी अर्थात (सीएल, एलएपी, बीमारी अवकाश आदि) के लिए पात्र नहीं होगा। किसी भी प्रकार की अनुपस्थिति के लिए पारिश्रमिक से उचित कटौती की जाएगी। (7) पुनःनियुक्त कर्मचारी मासिक निर्धारित पारिश्रमिक के अलावा किसी अन्य लाभ या सुविधाओं के लिए पात्र नहीं हैं। (8) कर्मचारियों की उपयुक्तता/योग्यता का निर्णय उनकी पुनःनियुक्ति से पहले व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से नामित समिति द्वारा किया जाएगा। समिति का निर्णय अंतिम होगा। (9) पुनःनियुक्त कर्मचारी का कामकाजी समय 8 घंटे होगा जिसमें एक दिन का साप्ताहिक अवकाश होगा। (10) ऐसे पुनःनियुक्त कर्मचारियों की सेवाएँ असंतोषजनक सेवा के लिए किसी भी समय समाप्त की जा सकती हैं। (11) आरआरबी से नियमित चयनित आवेदकों की उपलब्धता अथवा किसी अन्य स्थान से स्थानांतरण के आधार पर पुनःनियुक्त कर्मचारियों को तत्काल सेवा से मुक्त कर दिया जाएगा। (12) पुनःनियुक्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों को विभागीय आवश्यकता के अनुसार हावड़ा मंडल के किसी भी स्थान पर पदस्थापित किया जा सकता है। इस अवसर को लेने के इच्छुक सेवानिवृत्त कर्मचारी पीपीओ, सेवा प्रमाण पत्र की एक प्रति के साथ मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा को संबोधित करते हुए आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित प्रारूप में आवेदन ई-5 (चिकित्सा अनुभाग)/कार्मिक शाखा/डीआरएम कार्यालय/हावड़ा में दिनांक 02.01.2025 (एएन) तक अथवा ई-मेल **srdpo.erhwh@gmail.com** के माध्यम से जमा किया जाना चाहिए। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन के प्रारूप के साथ विस्तृत अधिसूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** में उपलब्ध है।

मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल के तहत ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

66 मीटर स्पैन गर्डर आरंभ करने के लिए, हावड़ा मंडल के किमी 2/57-59 पर हावड़ा और लिलुआ स्टेशनों के बीच एप्रोच सहित नए 2 (दो) लेन बनारस रोड ओवर ब्रिज के लिए पाइल फाउंडेशन के साथ बो स्ट्रिंग गर्डर ब्रिज के निर्माण के संबंध में दिनांक **21.12.2024 से 01.02.2025** तक **ट्रैफिक और पावर ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। इसके फलस्वरूप ट्रेन आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्था की गई है:- ● **ईएमयू ट्रेन रद्द रहेगी [दिनांक 21.12.2024 (शनिवार) से 22.01.2025 (बुधवार) तक] बैण्डेल से हावड़ा तक:** 37212, 37214, 37216, 37218, 37220(एसयूई), 37222, 37230, 37232, 37236, 37244, 37250, 37254, 37264(एसयूई), 37278, 37288 **(कुल-15)। सेवड़ाफुली से हावड़ा तक:** 37042(एसयूई), 37044(एसयूई), 37046 (एसयूई), 37048, 37050, 37052(एसयूई), 37056, 37058, 37060, 37062(एसयूई), 37064(एसयूई) **(कुल-11)। बेलुड़ मठ से हावड़ा तक:** 37112, 37118 **(कुल-2)। श्रीरामपुर से हावड़ा तक:** 37012(एसयूई), 37014(एसयूई) **(कुल-2)। हावड़ा से बैण्डेल तक:** 37215, 37231, 37237, 37243, 37249, 37253, 37255, 37257, 37263, 37267, 37201 (एसयूई), 37271, 37275, 37277, 37285 **(कुल-15)। हावड़ा से सेवड़ाफुली तक:** 37041 (एसयूई), 37043 (एसयूई), 37045 (एसयूई), 37047, 37049, 37051(एसयूई),37055, 37057, 37059, 37061(एसयूई), 37063 (एसयूई) **(कुल-11)। हावड़ा से बेलुड़ मठ तक:** 37111, 37117 **(कुल-2)। हावड़ा से श्रीरामपुर तक:** 37011(एसयूई), 37013(एसयूई) **(कुल-2)।** ● **हावड़ा से मार्ग परिवर्तन: 03051 अप हावड़ा - बर्द्धमान मेमू स्पेशल** दिनांक 23.12.2024 से 28.12.2024 तक हावड़ा - बर्द्धमान कॉर्ड लाइन होकर मार्ग परिवर्तित करेगी।● **नियंत्रण [दिनांक 23.12.2024 (सोमवार) से 28.12.2024 ( शनिवार) तक] : (1) 12370 डाउन देहरादून - हावड़ा कुंभ एक्सप्रेस** दिनांक 24.12, 25.12, 26.12 और 28.12.2024 को 50 मिनट के लिए मार्ग में नियंत्रित की जाएगी। **(2) 12328 डाउन देहरादून - हावड़ा उपासना एक्सप्रेस** दिनांक 23.12.2024 और 27.12.2024 को 50 मिनट के लिए मार्ग में नियंत्रित की जाएगी। **(3) 15272 डाउन मुजफ्फरपुर - हावड़ा जनसाधारण एक्सप्रेस** दिनांक 25.12.2024 को 60 मिनट के लिए मार्ग में नियंत्रित की जाएगी। **(4)15236 डाउन दरभंगा-हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस** दिनांक 28.12.2024 को 60 मिनट के लिए मार्ग में नियंत्रित की जाएगी। **(5) 13030 डाउन मोकामा - हावड़ा एक्सप्रेस** दिनांक 23.12.2024 से 28.12.2024 तक 25 मिनट के लिए मार्ग में नियंत्रित की जाएगी। **(6) 03004 डाउन आजिमगंज-हावड़ा पैसेंजर स्पेशल** दिनांक 23.12.2024 से 28.12.2024 तक 10 मिनट के लिए मार्ग में नियंत्रित की जाएगी। **(7) 13024 डाउन गया - हावड़ा एक्सप्रेस** दिनांक 23.12.2024 से 28.12.2024 तक 30 मिनट के लिए मार्ग में नियंत्रित की जाएगी। **(8) 13022 डाउन रक्सौल - हावड़ा मिथिला एक्सप्रेस** दिनांक 23.12.2024 से 28.12.2024 तक मार्ग में 10 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। **हावड़ा से पुनर्निर्धारण [दिनांक 29.12.2024 (रविवार) से 01.02.2025 ( शनिवार) तक] : (1) 03051 अप हावड़ा-बर्द्धमान मेमू स्पेशल** 01.50 बजे के बदले 03.30 बजे पुनर्निर्धारित की जाएगी। ●**नियंत्रण [दिनांक 29.12.2024 (रविवार) से 01.02.2025 ( शनिवार) तक] : (1) 12370 डाउन देहरादून-हावड़ा कुंभ एक्सप्रेस** दिनांक 29.12.2024, 31.12.2024, 01.01, 02.01, 04.01, 05.01, 07.01, 08.01, 09.01, 11.01, 12.01, 14.01, 15.01, 16.01, 18.01, 19.01, 21.01, 22.01, 23.01, 25.01, 26.01, 28.01, 29.01, 30.01 एवं 01.02.2025 को मार्ग में 50 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। **(2)12328 डाउन देहरादून-हावड़ा उपासना एक्सप्रेस** दिनांक 30.12.2024, 03.01, 06.01, 10.01, 13.01, 17.01, 20.01, 24.01, 27.01 एवं 31.01.2025 को मार्ग में 50 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। **(3) 15272 डाउन मुजफ्फरपुर-हावड़ा जनसाधारण एक्सप्रेस** दिनांक 01.01, 08.01, 15.01, 22.01 एवं 29.01.2025 को 60 मिनट के लिए मार्ग में नियंत्रित की जाएगी। **(4) 15236 डाउन दरभंगा -हावड़ा एक्सप्रेस** दिनांक 04.01, 11.01, 18.01, 25.01 और 01.02.2025 को मार्ग में 60 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। **(5) 13030 डाउन मोकामा - हावड़ा एक्सप्रेस** दिनांक 29.12.2024 से 01.02.2025 तक मार्ग में 25 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। **(6) 03004 डाउन आजिमगंज-हावड़ा पैसेंजर स्पेशल** दिनांक 29.12.2024 से 01.02.2025 तक मार्ग में 10 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। **(7) 13024 डाउन गया-हावड़ा एक्सप्रेस** दिनांक 29.12.2024 से 01.02.2025 तक मार्ग में 30 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। **(8) 13022 डाउन रक्सौल - हावड़ा मिथिला एक्सप्रेस** दिनांक 29.12.2024 से 01.02.2025 तक मार्ग में 10 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। **विशेष टिप्पणी:** स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेनें और कोई भी नई चालू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, को ब्लॉक के दौरान सुविधानुसार मार्ग में नियंत्रित/मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए गहन खेद है।

मंडल रेल प्रबंधक/हावड़ा

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# हाईकोर्ट ने पार्थ चटर्जी समेत पांच लोगों की जमानत याचिका पर आदेश रखा सुरक्षित

**कोलकाता, समाज्ञा :** भर्ती भ्रष्टाचार मामले में फंसे राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी समेत राज्य शिक्षा विभाग के पांच पूर्व अधिकारियों के खिलाफ जांच पूरी होने की जानकारी सीबीआई ने कोर्ट को दी। अदालत के सूत्रों के अनुसार, भर्ती में भ्रष्टाचार कैसे हुआ और पार्थ चट्टोपाध्याय, सुबीरेश भट्टाचार्य, शांतिप्रसाद सिन्हा, अशोक साहा, कल्याणमय गंगोपाध्याय इसमें कैसे शामिल हैं, इसका विवरण भी केंद्रीय जांच एजेंसी ने मंगलवार को अदालत में दिया। इस मामले की सुनवाई कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश तपब्रत चक्रवर्ती की विशेष तीसरी पीठ में चल रही है। हालांकि, सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने फैसले को निलंबित कर दिया। केंद्रीय जांच एजेंसी की ओर से सीबीआई के वकील धीरज त्रिवेदी ने आज कोर्ट में कहा कि इनमें से प्रत्येक भर्ती भ्रष्टाचार के मुख्य आरोपियों में से एक है। उन्होंने अपनी क्षमता से भ्रष्टाचार किया है। अगर उन्हें जमानत दी जाती है, तो सबूत दिए जा सकते हैं। गवाहों को डराया जा सकता है, जांच करना मुश्किल होगा। सीबीआई ने मंगलवार अदालत को बताया कि शांतिप्रसाद और अशोक साहा यह तय करते थे कि उम्मीदवार किस स्कूल में काम करेंगे। विभिन्न एजेंटों के माध्यम से पैसे के लिए भर्ती की गई। और उस सूची में भुगतान करने वालों को ही नौकरी मिली। सीबीआई की ओर से यह भी कहा गया है कि यह सूची ओएमआर सीटों से छेड़छाड़ कर तैयार की गई है। मेरिट सूची की समय सीमा बीत जाने के बाद भी



भर्ती की गई। सीबीआई ने यह भी दावा किया कि सूची शिक्षा मंत्री की मदद से तैयार की गई थी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कोर्ट से यह भी कहा कि यह एक गहरी साजिश है। इस साजिश में शिक्षक संगठन भी शामिल है। जज ने दो साल बाद सीबीआई से जानना चाहा कि क्या आरोपियों को जेल में रखना जरूरी है? सीबीआई को ऐसा क्यों लगता है कि अगर उन्हें जमानत मिल गई तो वे न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करेंगे? सीबीआई के वकील ने कोर्ट से कहा कि उनका जो भी प्रभाव है, उसका असर हो सकता है। जांच अभी भी जारी है। सारे सबूत सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किए जा रहे हैं। अगर उन्हें जमानत दी गई तो पूरी जांच को नुकसान होगा।

## भ्रष्टाचार मामले में आरोपी अयान शील जमानत अर्जी लेकर पहुंचे हाईकोर्ट



अयान शील ने राज्य की नगरपालिकाओं में भर्ती भ्रष्टाचार मामले में जमानत के लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने सोमवार को हाई कोर्ट में अपील की। मुकदमा दर्ज करने की अनुमति दे दी गई है। अयान शील ने 450 पेज की याचिका दायर कर दावा किया है कि वह इस मामले में जमानत के पात्र हैं। कोर्ट सूत्रों के मुताबिक, मामले की सुनवाई बुधवार 18 दिसंबर को हो सकती है। अयान शील पर न केवल पुनर्नियुक्ति में भ्रष्टाचार का आरोप है, बल्कि शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में भी शामिल होने का आरोप है। इस मामले में ईडी ने उन्हें 2023 में गिरफ्तार किया था। हालांकि, इसी महीने की 2 तारीख को कलकत्ता हाई कोर्ट ने उन्हें ईडी मामले में जमानत दे दी थी. उन्हें 10 लाख रुपए के निजी मुचलके, पासपोर्ट जमा करने, मोबाइल नंबर नहीं बदलने, जांच में सहयोग समेत कई शर्तों पर जमानत दी गई। हालांकि, सीबीआई केस की वजह से उन्हें जेल से रिहा नहीं किया गया। उनका दावा है कि वह भर्ती भ्रष्टाचार मामले में जमानत के पात्र हैं। इस मामले में जमानत मिलने पर ही अयान शील जेल से बाहर आ सकता है। इसलिए इसे गड़बड़ माना जाता है। सूत्रों के मुताबिक, हाईकोर्ट ने उनकी याचिका स्वीकार कर ली। सुनवाई बुधवार को होने की संभावना है।

## हाईकोर्ट ने वामो के शासनकाल में प्राथमिक भर्ती प्रक्रिया के दस्तावेजों को जब्त करने का दिया आदेश

कलकत्ता हाई कोर्ट ने मंगलवार को वाममोर्चा के शासनकाल में प्राथमिक भर्ती प्रक्रिया के दस्तावेजों को जब्त करने का आदेश दिया। कोर्ट ने यह आदेश पूर्व मेदिनीपुर के जिला मजिस्ट्रेट को दिया। जस्टिस बिस्वजीत बसु की बेंच ने जिले के 2009 प्राइमरी की नियुक्ति प्रक्रिया के दस्तावेज जब्त करने को कहा। इस मामले की अगली सुनवाई अगले गुरुवार को है। मृणालकांति मैती ने हाईकोर्ट में मामला दायर कर आरोप लगाया था कि 2009 में प्राइमरी की भर्ती प्रक्रिया में इंटरव्यू बोर्ड के परीक्षकों ने अपने रिश्तेदारों को नौकरी दी थी। इससे पहले तत्कालीन जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय ने उस मामले में शिक्षा विभाग के सचिव के कामकाज पर रिपोर्ट मांगी थी। उस समय सचिव ने संकेत दिया कि वादी के दावे में सच्चाई है। बता दें कि इससे पहले पिछले सितंबर में न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा 2009 में मालदह में प्राथमिक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया का पैनल देखना चाहती थीं। गौरतलब है कि 2009 में तत्कालीन वामपंथी सरकार ने भर्ती अधिसूचना निकाली थी। भर्ती प्रक्रिया 2010 में शुरू हुई थी, लेकिन 2011 में भर्ती प्रक्रिया के बीच में ही राज्य में तृणमूल सत्ता में आ गयी।

## हाईकोर्ट ने आदिवासी संगठन के प्रस्तावित आंदोलन पर लगाई रोक

**कोलकाता, समाज्ञा :** कुर्मी समाज ने मांग को साकार करने के लिए 20 दिसंबर को दोबारा आंदोलन का आह्वान किया है। हालांकि, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कहा कि कुर्मियों की आवाजाही के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों और रेलवे को अवरुद्ध नहीं किया जा सकता है। कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने मंगलवार को यह आदेश दिया। अदालत ने यह भी कहा कि आदेश की अवहेलना करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग और रेलवे ट्रैक अवरुद्ध करने पर राज्य सरकार उचित कानूनी कार्रवाई कर सकती है। कुर्मियों का दावा है कि तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने देश की आजादी से पहले हुए जनगणना में उनकी पहचान एक राष्ट्र के रूप में की थी। बाद में, अज्ञात कारणों से, 1950 में उनका खिताब खो गया। बाद में 1951 से हर दस साल में होने वाली जनगणना में कुर्मी को सामान्य जाति के रूप में पहचाना जाने लगा। वे सत्तर के दशक से अपने अधिकारों के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। आंदोलनकारियों की मांग के बाद 2017 में राज्य ने सांस्कृतिक अनुसंधान संस्थान से एक सर्वेक्षण भी कराया था। सर्वे रिपोर्ट केंद्र को भी भेजी जाती है। आंदोलनकारियों के मुताबिक संबंधित ऑडिट एजेंसी ने इस संबंध में कई सिफारिशें कीं। इस दिन, राज्य ने कोर्ट को बताया कि कुर्मियों की मांगों का मामला केंद्र सरकार के अधीन है। परिणामस्वरूप राज्य सरकार इस संबंध में कोई निर्णय नहीं ले सकती। इसके बाद कोर्ट ने प्रदर्शनकारियों के रेल और सड़क जाम करने के अनुरोध को खारिज कर दिया।

## तारापीठ मंदिर में मोबाइल पर लगी रोक, विग्रह के नजदीक जाने पर भी प्रतिबंध

**वीरभूम :** तारापीठ मंदिर में मोबाइल ले जाने पर रोक लगा दी गई। श्रद्धालुओं के लिए नियम बदले गए। गाइडलाइन के मुताबिक, अब श्रद्धालु मोबाइल फोन लेकर मंदिर में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। देवी के विग्रह के चरण छूना व गले नहीं लगा जा सकेगा। पालन करने के लिए कई नियम भी हैं। तारापीठ में साल भर पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है। अमावस्या और वर्ष के विशेष दिनों में भीड़ कई गुना बढ़ जाती है। स्थिति से निपटने के लिए मंदिर अधिकारियों को तेजी लानी पड़ी। इसीलिए जिलाधिकारी ने हाल ही में तारापीठ मंदिर समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कर्मचारियों के साथ बैठक की। यहीं पर सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं। पौष से मां तारा मंदिर में मोबाइल फोन



का प्रवेश सख्त वर्जित है। प्रशंसक अपना फोन गेट पर जमा करके ही प्रवेश कर सकते हैं। मंदिर के नोटिफिकेशन में बताया गया है कि अब से पूजा के लिए दो लाइनें बनानी होंगी। कोई अतिरिक्त लाइनें नहीं लगाई जा सकतीं। मुख्य एक लाइन पहले शुरू होगी। बाद में विशेष लाइनें बनानी पड़ती हैं। अब गर्भगृह में गुलाबजल-अल्टा नहीं दिया जा सकेगा। भले ही आप मूर्ति के पैर छू सकते हैं, लेकिन अब आप मूर्ति को गले नहीं लगा सकते।

## आलू की आपूर्ति पर प्रतिबंध से संकट में उद्योग, राज्य के कोल्ड स्टोरेज संघ ने जताई चिंता




**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में इस साल 70 लाख मीट्रिक टन आलू का उत्पादन हुआ है, जिनमें से 475 कोल्ड स्टोरेज में आलू को संरक्षित किया गया है। वर्तमान में छह लाख 10 हजार मीट्रिक टन आलू कोल्ड स्टोरेज में मौजूद है। हालांकि, दिसंबर महीने के 15 तारीख तक के आंकड़ों के अनुसार, दो लाख मीट्रिक टन आलू पिछले दो सप्ताह में खुले बाजार में बेचा गया है। वेस्ट बंगाल कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि अगले एक महीने में सभी आलू को बाजार में उतारना संभव नहीं होगा। उनका कहना है कि दूसरे राज्यों में आलू आपूर्ति पर ध्यान केंद्रित करने की वजह से यह समस्या उत्पन्न हो रही है। साथ ही, आलू की कीमतों में वृद्धि को लेकर जो विवाद चल रहा है, वह भी सही नहीं है। कोल्ड स्टोरेज मालिकों ने सरकार के बयानों और निर्णयों की आलोचना की है। उन्होंने राज्य सरकार को इस उद्योग की समस्या के समाधान के लिए हस्तक्षेप करने की अपील की है। इस संबंध में, मुख्य सचिव डॉ. मनोज पंत और कृषि विपणन मंत्री बेचाराम मन्ना को पत्र भेजा गया है, लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। कोल्ड स्टोरेज मालिकों का कहना है कि आलू की पुरानी स्टॉक को बाजार में लाने में हो रही देरी से स्थिति और जटिल हो सकती है। एक तरफ नई फसल बाजार में पहुंच रही है, तो दूसरी ओर सर्दियों की सब्जियां भी बाजार में उपलब्ध हैं। इससे पुराने आलू की मांग कम हो गई है। अगर कोल्ड स्टोरेज में आलू को इसी तरह रोका गया, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। उक्त एसोसिएशन ने राज्य सरकार से इस समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है, ताकि आलू आपूर्ति में बाधा को दूर किया जा सके और किसानों व व्यापारियों को राहत मिल सके।

### मेरिनो ने कोलकाता में आर्किटेक्ट्स और डिजाइनरों के साथ मेरिनो मनन का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेरिनो इंडस्ट्री लिमिटेड ने 4 दिसंबर को कोलकाता के राजकुटीर बुटीक होटल में मेरिनो मनन के पहले संस्करण का आयोजन किया। इस एक्सक्लूसिव शाम में कंपनी ने अपने थॉटफुल डिजाइन सोल्यूशन्स पर रोशनी डाली। कार्यक्रम का विषय था- 'थॉटफुल डिजाइन सोल्यूशन्स बाय मेरिनो'। आर्किटेक्ट एवं इंटीरियर डिजाइन कम्युनिटी के सदस्यों और पार्टनर्स ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जहां इस बात पर रोशनी डाली गई कि किस तरह से थॉटफुल डिज़ाइन यूज़र के अनुभव को नया आयाम दे सकते हैं। मेरिनो मनन ने उद्योग जगत के मुख्य निर्णयकर्ताओं एवं इन्फ्लुएंसर्स के साथ जुड़ने में मुख्य भूमिका निभाई। इस अवसर पर मेरिनो इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के डायरेक्टर मनोज लोहिया ने कहा, हमारा मानना है कि डिजाइन सिर्फ लुक या फंक्शनेलिटी तक ही सीमित नहीं हैं।

## महाप्रबंधक ने किया अंतर रेलवे सांस्कृतिक प्रतियोगिता (संगीत) 2024 का उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी उदय कुमार रेड्डी ने मंगलवार को बेलगाचिया ऑडिटोरियम में दीप जलाकर अंतर रेलवे सांस्कृतिक प्रतियोगिता (संगीत) 2024 का उद्घाटन किया। इस सांस्कृतिक प्रतियोगिता में रेलकर्मी गायन, वाद्य सुगम संगीत और भारतीय शास्त्रीय संगीत श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता में 17 रेलवे जोन और उत्पादन इकाइयों के कुल 66 प्रतियोगी भाग ले रहे हैं। यह सांस्कृतिक प्रतियोगिता बुधवार तक चलेगी। इस उद्घाटन समारोह में मेट्रो रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। संगीत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महाप्रबंधक रेड्डी



ने कहा है कि इस तरह के सांस्कृतिक सम्मेलन शरीर और दिमाग को फिर से जीवंत करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करते हैं।



सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स बैरकपुर फ्रेंचाइजी शोरूम के दोबारा लॉन्च की 14वीं वर्षगांठ के समारोह में मंगलवार को टॉलीवुड अभिनेत्री और सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स की ब्रांड एंबेसडर मधुमिता सरकार और सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स बराकपुर शोरूम के फ्रेंचाइज पार्टनर मालिक प्रतिम साधुकन शामिल हुए।

## बंगाल केमिकल स्टेशन पर नहीं होगा कोई बुकिंग काउंटर स्टेशन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पर्पल और ऑरेंज लाइनों में नो बुकिंग काउंटर स्टेशन के सफल कार्यान्वयन के बाद, मेट्रो रेलवे, कोलकाता गुरुवार से ग्रीन लाइन -एक में बंगाल केमिकल मेट्रो स्टेशन पर एक नो बुकिंग काउंटर स्टेशन शुरू करने जा रहा है। चूंकि, इस स्टेशन पर यात्रियों की संख्या बहुत कम है, मेट्रो रेलवे अधिकारियों ने इस स्टेशन को गुरुवार से नो बुकिंग काउंटर स्टेशन बनाने का निर्णय लिया है। इस स्टेशन पर उस दिन से टोकन जारी करने, नए स्मार्ट कार्ड या स्मार्ट कार्ड रिचार्ज करने के लिए कोई बुकिंग काउंटर खुला नहीं रहेगा और कोई बुकिंग स्टाफ भी मौजूद नहीं रहेगा। इसके बजाय, यात्री अपने टोकन, स्मार्ट कार्ड, पेपर क्यूआर कोड आधारित टिकट स्वचालित स्मार्ट कार्ड रिचार्ज मशीनों (एएससीआरएम) से और अपने स्मार्ट फोन की मदद से मेट्रो राइड कोलकाता ऐप का उपयोग करके खरीदेंगे। वे अपने स्मार्ट कार्ड को स्वचालित स्मार्ट कार्ड रिचार्ज मशीन (एएससीआरएम) से भी रिचार्ज कर सकते हैं। इसी वजह से इस स्टेशन पर पहले ही एएससीआरएम मशीनें लगाई जा चुकी हैं। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि ये उपयोगकर्ता-अनुकूल एएससीआरएम मेट्रो रेलवे में यात्रा अनुभव को बढ़ाने जा रहे हैं। यात्री इन एएससीआरएम में यूपीआई भुगतान-आधारित टिकटिंग प्रणाली का विकल्प भी चुन सकते हैं।

### सटीक निदान ने मरीज के पांच साल के संघर्ष को समाप्त किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** डॉ. संजय मंडल द्वारा, वर्षों से बार-बार बड़े पैमाने पर मलाशय से रक्तस्राव की समस्या से पीड़ित एक बुजुर्ग मरीज का सफलतापूर्वक सर्जरी की गई। शुरू में मरीज की स्थिति का गलत निदान किया गया था और बवासीर का इलाज किया गया था और मरीज को लगातार रक्तस्राव का अनुभव हो रहा था, जिसके लिए उसे कई बार अस्पताल में भर्ती होना पड़ा और कई बार खून चढ़ाना पड़ा। दक्षिण भारत के प्रमुख अस्पतालों से परामर्श करने और कई उन्नत परीक्षण प्रक्रियाओं से गुजरने के बावजूद, समस्या का मूल कारण निर्धारित नहीं किया जा सका। राहत तब मिली जब मरीज ने गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल विकारों के एक प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ. संजय मंडल से परामर्श किया, डॉ. मंडल ने रक्तस्राव का मूल कारण सिग्मॉइड बृहदान्त्र में डायवर्टिकुली से होने की पहचान की। डॉ. मंडल ने बाद में एक बड़ी शल्य चिकित्सा प्रक्रिया की, जिसमें बड़ी आंत के प्रभावित हिस्से को निकालना और उसके बाद आंतों की निरंतरता को बहाल करने के लिए एनास्टोमोसिस करना शामिल था।

### पूर्व रेलवे ने यात्री सुरक्षा को बढ़ाते हुए प्रमुख पुलों का उन्नयन किया पूरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने ट्रेन संचालन की सुरक्षा और बुनियादी ढांचें में वृद्धि के लिए नवंबर महीने के दौरान 12 पुलों पर आवश्यक कार्य पूरा कर लिया है। ये कार्य आसनसोल डिवीजन में 5 पुलों पर किए गए हैं। जिनमें ब्रिज नंबर 42 (अंडाल और सैंथिया के बीच), ब्रिज नंबर 5 (देवघर और बांका के बीच), ब्रिज नंबर 3, 11 और 12 (भीमगरा और पलास्थली के बीच) शामिल हैं। मालदह डिवीजन में 7 पुल, जिनमें ब्रिज नंबर 383डी (न्यू फरक्का और बरहरवा के बीच), ब्रिज नंबर 212, 213, 214 और 215 (भागलपुर और जमालपुर के बीच), पुल संख्या 22 और 22ए (जमालपुर और कुरसेला के बीच) शामिल हैं। जो पूर्व रेलवे के अपने नेटवर्क को मजबूत करने के चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। पूर्ण किए गए कार्यों में जंग को रोकने और स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए स्टील गर्डर्स का धातुकरण, बेहतर रखरखाव पहुंच के लिए निरीक्षण चरणों का निर्माण और ट्रैक स्थिरता को मजबूत करने के लिए गिट्टी बनाए रखने वाली दीवारें शामिल हैं। इसके अलावा, पुलों की दीर्घकालिक लचीलापन सुनिश्चित करने के लिए उनकी मरम्मत और मजबूती के लिए सीमेंट ग्राउटिंग कार्य किए गए हैं। ये उपाय न केवल ट्रेनों की आवाजाही की सुरक्षा बढ़ाते हैं बल्कि पूरे रेलवे नेटवर्क पर सुचारू और निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करके सेवाओं की समयबद्धता में भी योगदान करते हैं।

### कोलकाता के ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर में इन परस्यूट ऑफ ए न्यू डॉन का विमोचन

**कोलकाता, समाज्ञा :** अनिरबन एंडी भट्टाचार्य ने मंगलवार को ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर में अपनी नई पुस्तक इन परस्यूट ऑफ ए न्यू डॉन का विमोचन किया। इस पुस्तक का प्रकाशन रूपा प्रकाशन द्वारा किया गया है। ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर में अनिर्बन भट्टाचार्य के मार्मिक संग्रह, इन परस्यूट ऑफ ए न्यू डॉन के विमोचन के अवसर पर एक रोचक पैनल चर्चा हुई, जिसका कुशलतापूर्वक संचालन पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता प्रो. अशोक विश्वनाथन ने किया। पुस्तक की आठ प्रेरक लघु कथाओं में फैले लचीलेपन, आशा और विजय के जटिल विषयों पर चर्चा की। प्रसिद्ध शिक्षाविद और लेखिका डॉ. जूली मेहता ने अनिरबन भट्टाचार्य की नवीनतम पुस्तक की प्रशंसा करते हुए कहा कि अनिर्बन ने रोज़मर्रा की मुठभेड़ों को मानवता के गहन अन्वेषणों में कुशलता से पिरोया है। व्यवसाय, विज्ञान और वैश्विक शिक्षा में उनकी विविध पृष्ठभूमि ने उनकी कथा को समृद्ध किया है। एंडी की पिछली फिक्शन किताब, द रुइन्स ऑफ होप, मानव तस्करी जैसे जटिल मुद्दों से निपटने वाली आकर्षक कहानियों को गढ़ने की उनकी क्षमता को प्रदर्शित करती है। बिहार के एक गांव को बदलने वाले नायक की यात्रा का अनुसरण करके, एंडी तस्करी के कारोबार के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालता है, जागरूकता बढ़ाता है और महत्वपूर्ण बातचीत को जन्म देता है।

### दुर्गापुर में आयशर ने लॉन्च किया ई-स्मार्ट शिफ्ट तकनीक वाला प्रो 8035एक्सएम

**कोलकाता, समाज्ञा :** वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड की व्यावसायिक इकाई आयशर ट्रक और बसेस ने अपने आयशर प्रो 8035एक्सएम को दुर्गापुर के बाजार में उतारा है। जिसमें उद्योग-में-पहली बार दिया गया है। ई-स्मार्ट शिफ्ट ऑटोमेटेड मैन्युअल ट्रांसमिशन। खनिज क्षेत्र में बेहतरीन उत्पादकता के नए कीर्तिमान स्थापित करने और कठिन से कठिन परिस्थितियों में काम करने के लिए ही इस ट्रक को निर्मित किया गया है। बेहद बारीकी और सावधानी से बनाया गया इसका डिजाईन ड्राईवर को बेहतरीन आराम देगा, जिससे वो टिपर की सम्पूर्ण आयु में बिना किसी परेशानी के अपनी उपयोगिता साबित कर सके। आयशर प्रो 8035एक्सएम में अपनी तरह का पहला अनोखा ई-स्मार्ट शिफ्ट ऑटोमेटेड मैन्युअल ट्रांसमिशन है जो कि पश्चिम बंगाल की आसनसोल-रानीगंज, दुर्गापुर, पश्चिमी पुरुलिया, बांकुड़ा जिला, और बिरुभुम जिले के देउचा-पचामि और देवांगंज-हरिसिंघा क्षेत्रों की प्रमुख कोयला खदानों में ट्रकों के संचालन और उनकी उत्पादकता को बेहतर बनाने के लिए ही बनाया गया है।

## बीमा क्षेत्र में एफडीआई एवं पीएसजीआई कंपनियों के विलय को लेकर देश भर में विरोध प्रदर्शन



**कोलकाता, समाज्ञा :** बीमा क्षेत्र में 100% एफडीआई के खिलाफ और पीएसजीआई कंपनियों के विलय और मजबूती की मांग पर सोमवार को साधारण बीमा कंपनियों की यूनियनों और एसोसिएशनों ने देश भर में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों का मानना है कि बीमा क्षेत्र में 100% एफडीआई की अनुमति देने के प्रस्ताव को वापस लिया जाना चाहिए। बीमा क्षेत्र को यह डर है कि पूर्ण विदेशी स्वामित्व की अनुमति देने से सार्वजनिक क्षेत्र के बीमाकर्ता हाशिए पर चले जाएंगे और लोगों की सेवा करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका से समझौता हो जाएगा, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों और कस्बों में जहां निजी बीमाकर्ताओं ने ऐतिहासिक रूप से सीमित रुचि दिखाई है। यूनियन और एसोसिएशन कि मांग है कि सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनियों का विलय हो, बीमा बाजार में समान अवसर सुनिश्चित हो, पर्याप्त पूंजी का निवेश जिससे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसी सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से परिचालन का विस्तार किया जा सके और नागरिकों एवं आम आदमी को बेहतर सेवा प्रदान की जा सके।

## नतून बाजार जगन्नाथ मंदिर में पधारे पुरी के पुजारी दैतापति महाराज



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर कोलकाता के नतून बाजार स्थित जगन्नाथ मंदिर के परिदर्शन को पूजा स्थित जगन्नाथ मंदिर पुरी के मुख्य पुजारी दैतापति जी महाराज अपने पत्नी के साथ मंदिर प्रांगण में पहुंचे। मंदिर पहुंचे महाराज का स्वागत संस्था के संस्थापक व कार्यक्रम संजोयक मनोज सिंह पराशर ने किया। मंदिर में रखी प्रतिमा को देख वे मंत्रमुग्ध हो गये। मंदिर परिदर्शन के बाद महाराज ने मंदिर के रख-रखाव व व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि मंदिर में आकर यहां आलौकिक शक्ति के मौजूद होने का आभास हुआ। उन्होंने कहा कि वे हर वर्ष इस मंदिर में दर्शन को पहुंचेगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पार्षद राजेश सिन्हा, राधे श्याम अग्रवाल, अमित गुप्ता, पवन गुप्ता, स्नेह कुमार, तारक दे, अशोक शर्मा, सचिन सोनकर, सनी सिंह व अन्य का सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन महावीर रावत ने किया। पूजा के बाद सभी भक्तों में भंडारा का आयोजन किया गया।

## पूर्व हावड़ा डिवीजन ने बाली स्टेशन पर रेलवे कैंप कोर्ट का किया आयोजन




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने मंगलवार को बाली स्टेशन पर रेलवे कैंप कोर्ट का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस अभियान का नेतृत्व रेलवे न्यायिक मजिस्ट्रेट ने किया। जिसमें एसीएम (1), सीटीआई (जनरल) के साथ 21 टीटीई और 46 आरपीएफ स्टाफ के साथ आरपीएफ इंस्पेक्टर शामिल थे। इस पहल का उद्देश्य रेलवे नियमों को लागू करना, बिना टिकट यात्रा पर अंकुश लगाना और उल्लंघन के लिए मौके पर ही दंड के माध्यम से राजस्व संग्रह बढ़ाना है। चार घंटे के अभियान के दौरान, कुल 432 मामलों का समाधान किया गया। जिसमें बिना टिकट यात्रा, अनधिकृत वेंडिंग और अन्य उल्लंघन के मामले शामिल थे। इस तरह के समन्वित अभियान रेलवे नेटवर्क में अनुशासन बनाए रखने और वैध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए हावड़ा डिवीजन की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं।

## कल्याणी एनसीसी कैडेटों के साथ एक विशेष नौकायन अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** कल्याणी एनसीसी कैडेटों के साथ एक विशेष नौकायन अभियान का आयोजन किया गया। पश्चिम बंगाल और सिक्किम निदेशालय द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन का अंतिम चरण 7 दिसंबर को भागीरथी नदी पर फरक्का में एनटीपीसी से शुरू किया गया था। जो मंगलवार को नदिया जिला के कल्याणी के माछेरचर गंगा नदी घाट पहुंची। उन बच्चों को 3 बंगाल गर्ल्स एनसीसी के कमांडर कर्नल अंकुश नुगियाल ने स्वागत किया। इसका समापन 28 दिसंबर को नेवी जेट्टी, कोलकाता में होगा। एनसीसी पूर्व कोलकाता डिवीजन के कमांडेंट नासिर अहमद अजीज नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेटों को अनुशासन के साथ-साथ समय की पाबंदी भी सिखाई जा रही है। साथ ही नदी में नाव कैसे चलाएं, नदी की गहराई को समझने का क्या



तरीका है, जलमार्गों पर किसी भी समस्या से निपटने का तरीका सिखाया जा रहा है। इसके अलावा, अभियान के सदस्यों को नदी बेसिन की कला, संस्कृति, सामाजिक स्थिति और परंपराओं से अवगत कराया जा रहा है। दो इकाइयों से कुल 96 बच्चे, विशेष जलयात्रा शिविर का आयोजन किया गया। पात्रता के कारण दो इकाइयों के 48 युवक और 48 युवतियों को उस टीम में भाग लेने का अवसर मिला। इस दिन एनसीसी कैडेट फोर्स ने नदिया जिले एनसीसी अकैडमी का का दौरा किया।

## बैसवारा गौरव से धर्मभूषण पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** कान्यकुब्ज सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी को सम्मानित किये जाने पर कलकत्ता कान्यकुब्ज सभा के अध्यक्ष दीपक मिश्रा, सचिव कुलदीप दीक्षित, महिला समिति की अध्यक्ष प्रभा बाजपेई, सचिव पूनम दीक्षित एवम् कान्यकुब्ज समाज के कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है। लालगंज, रायबरेली में स्वामी स्वात्मानंद के सानिध्य में धर्म भूषण पंडित लक्ष्मीकांत तिवारी को बैसवारा गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। स्वामी स्वात्मानंद महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी वर्तमान युग में गृहस्थ संत हैं। उनके सामाजिक सेवाकार्य समाज के सभी वर्ग के लिए अनुकरणीय है। निगोहा से पधारे राम उदित शुक्ला तथा उपस्थित सभी संत - महात्माओं ने



पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी के दीर्घायु जीवन की शुभकामना देते हुए तिवारी परिवार को भी आशीर्वाद दिया कि पुत्र - पौत्र एवं तिवारी परिवार के सदस्य श्रद्धेय पण्डित बनवारीलाल तिवारी (बप्पा जी) द्वारा स्थापित सेवा - परोपकार की परम्परा को आगे बढ़ाएंगे। अभिनंदन से भाव विभोर पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी, उनकी धर्मपत्नी शकुंतला देवी, पुत्र शंकरलाल तिवारी ने सभी भक्तों को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर गंगासागर आने के लिए आमंत्रित किया। शंकर बख्श सिंह के संयोजन में कार्यक्रम का संचालन राम गोपाल त्रिपाठी ने किया। केशव सिंह, डॉक्टर ओम प्रकाश सिंह, महादेव सिंह, गुड्डन सिंह, विपुल सिंह, अशोक तिवारी, बलदेव सिंह सागर, हरिद्वार सिंह, सुरेंद्र बहादुर सिंह सागर, राम गुलाम, सविता, सुरेश सिंह, हजारी सिंह, काली बख्श सिंह, काली शंकर सिंह, आलोक मिश्रा, सुनील सिंह एवं रायबरेली, बैसवारा क्षेत्र के कार्यकर्ता सक्रिय रहे।

# राष्ट्र लीला हैं भगवान श्रीकृष्ण की लीला : स्वामी रामभद्राचार्य



**हावड़ा, समाज्ञा :** कथा का तात्पर्य है ठाकुर के साथ तादात्म्य हो जाना अर्थात् एक हो जाना। भगवान की प्राप्ति में निर्मल आवश्यक है। कपट, छल, छिद्र आदि विकार भगवान को पाने में बाधक है। गोकुल में, यशोदा के गोद में कृष्ण खेल रहे हैं। भगवान आज बालक बन गए हैं। कृष्ण का छठियार धूमधाम से मनाया जाने लगा। इसी दौरान कंस पूतना राक्षसी को कृष्ण को मारने के लिए भेजा। पूतना मौसी बनकर आई। पूतना अपनी माया से यशोदा को मोहित कर ली और झट से कृष्ण को गोद में उठा ली। भगवान इसे देखकर आंख बंद कर लिए। कृष्ण सोचने लगे जिसकी कथनी-करनी एक जैसी हो तो उसे देखना नहीं चाहिए। पूतना विषयुक्त अपना स्तन से कृष्ण को दूध पिलाने लगी। भगवान कृष्ण ने शिवजी से कहा कि महाराज आप विषपान करे और मैं दुग्धपान करूं। भगवान कृष्ण सोचे इसे मारू या तारू। पूतना चिल्लाने लगी, छोड़ो, छोड़ो। भगवान बोले जब मैं किसी को पकड़ता हूं, उसे छोड़ता नहीं। अंतत: गोकुल धाम भेज दिया। भगवान कृष्ण ने 11 वर्ष की अवस्था में बकासुर, अघासुर आदि राक्षसों का बध कर उसे बैकुंठधाम भेज दिया। भगवान श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला राष्ट्र लीला हैं। अपने प्रत्येक लीलाओं के माध्यम से राष्ट्र को एक विशेष संदेश देते हैं। मक्खन चोरी लीला के माध्यम भगवान कृष्ण यही संदेश देना चाहते हैं कि हम गाय पालते है तो मक्खन पर पहला अधिकार हमारा है। ये बातें श्रीमहापुराण आयोजन समिति के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा पर प्रवचन करते हुए पद्मविभूषण तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य श्री स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने फोरशोर रोड स्थित श्रीलक्ष्मी रामविलास विलास गार्डन में कही। इस अवसर पर सोमनाथ अडूकिया, दिनेश अडूकिया, विवेक अडूकिया, ज्ञान अडूकिया, राम अवतार झुनझुनवाला, धवल पनचोरी ने व्यासपीठ व पादुका-पूजन किया। कार्यक्रम सफल बनाने में श्याम सुंदर चांडक, रामचंद्र जोशी, ललित सिंघी, राम अवतार बिहानी, अनिल रूंगटा, कैलाश बलदेवा, मनोज चंडालिया, पवन तांबी, पवन दायमा, अशोक शर्मा सहित अन्य सदस्य सक्रिय रहे। इस अवसर पर पद्मश्री से सम्मानित प्रह्लाद अग्रवाल, कुंज बिहारी अग्रवाल, बनवारीलाल सोती, विश्वनाथ चौधरी, विकास चौधरी, सुनील बंसल, सुभाष मुरारका सहित अन्य गणमान्य लोगों ने व्यासपीठ से आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार प्रकाश चंडालिया ने किया।

# पुलिस ने लापता तृणमूल पार्षद के घर पर चस्पा किया नोटिस

## बिधाननगर में प्रमोटर की पिटाई के मामले में पुलिस पार्षद से करेगी पूछताछ



**कोलकाता, समाज्ञा :** बागुईआटी के प्रमोटर पर हमले के बाद से ही तृणमूल पार्षद समरेश चक्रवर्ती लापता हैं। घटना की जांच के लिए पुलिस कई बार उसके घर गई लेकिन वह नहीं मिला। अंत में, बागुईआटी पुलिस स्टेशन द्वारा काउंसिल हाउस की दीवार पर नोटिस चिपकाया गया। प्रमोटर किशोर हलदर की पिटाई के मामले में बागुईआटी पुलिस ने अब तक दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बारासात अदालत ने गिरफ्तार रमेन मंडल और शुभंकर मंडल को तीन दिनों की पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया। प्रमोटर किशोर हलदर ने रविवार को विधाननगर नगरपालिका के वार्ड नंबर 9 के पार्षद समरेश चक्रवर्ती के खिलाफ बागुईआटी पुलिस स्टेशन में उन पर हमला करने और पिटाई करने की शिकायत दर्ज कराई। उसके आधार पर पुलिस ने उनके घर की तलाशी ली लेकिन पार्षद समरेश चक्रवर्ती कई बार उत्तरी देशबंधु नगर स्थित उनके घर गये, लेकिन वह नहीं मिले। आखिरकार मंगलवार की दोपहर बागुईआटी थाने की पुलिस ने उनके घर की दीवार पर नोटिस चस्पा कर दिया। उन्हें बागुईआटी थाने का दौरा करने को कहा गया है। नोटिस में बताया गया कि प्रमोटर किशोर हलदर की पिटाई के मामले में पुलिस पार्षद समरेश चक्रवर्ती से पूछताछ करना चाहती है।

# बहरामपुर में तीन करोड़ के मादक पदार्थ के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**मुर्शिदाबाद :** राज्य पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बहरामपुर के फतेपुर मोड़ पर बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में प्रतिबंधित मादक पदार्थ फैंसीडिल कफ सिरप बरामद किया। इस कार्रवाई में एसटीएफ ने दो वाहनों को रोककर तलाशी ली, जिसमें कुल 22 हजार 300 बोतल फैंसीडिल कफ सिरप जब्त किया गया। बरामद मादक पदार्थ का बाजार मूल्य करीब तीन करोड़ रुपये बताया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोलकाता जाने वाले मार्ग पर फतेपुर मोड़ के पास दो वाहनों को रोककर तलाशी अभियान चलाया। जब्त किए गए वाहनों में एक कंटेनर और एक छह चक्के वाला ट्रक शामिल था। इस दौरान, मादक पदार्थ के साथ दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के नाम झारखंड के साहेबगंज जिले के रहने वाले बब्लू प्रसाद गुप्ता और मो. जुल्लुर रहमान है। जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों आरोपित अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह के सदस्य हैं। ये लोग उत्तर प्रदेश से मादक पदार्थ लाकर पश्चिम बंगाल के काले बाजार में बेचने की फिराक में थे। बहरमपुर थाने में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों का पता लगाने के लिए आगे की जांच कर रही है।

# हाईकोर्ट ने यौन उत्पीड़न के आरोपी माकपा नेता तन्मय भट्टाचार्य को दी अग्रिम जमानत



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को माकपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक तन्मय भट्टाचार्य को अग्रिम जमानत दे दी, जिन पर अक्टूबर में एक स्वतंत्र यूट्यूब समाचार चैनल से जुड़ी एक महिला पत्रकार ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति गौरांग कंठ की खंडपीठ द्वारा अग्रिम जमानत दिए जाने से भट्टाचार्य को दोहरी राहत मिली है, क्योंकि माकपा ने 14 दिसंबर को पार्टी से उनका निलंबन रद्द कर दिया था, जो उस दिन लगाया गया था, जिस दिन महिला पत्रकार ने फेसबुक लाइव के माध्यम से यह आरोप लगाया था। बता दें कि महिला पत्रकार द्वारा बारानगर पुलिस स्टेशन में भट्टाचार्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद माकपा के वरिष्ठ नेता ने अग्रिम जमानत याचिका के साथ कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। खंडपीठ ने 10,0000 रुपये के निजी मुचलके पर उनकी अग्रिम जमानत मंजूर कर ली। हालांकि, साथ ही, उन पर कुछ प्रतिबंध भी लगाए हैं। पहली शर्त यह है कि भट्टाचार्य सीधे या परोक्ष रूप से शिकायतकर्ता से संपर्क नहीं करेंगे। दूसरी शर्त यह है कि उन्हें जांच की प्रक्रिया में पुलिस के साथ पूरा सहयोग करना होगा और तीसरी शर्त यह है कि उन्हें महीने में एक बार स्थानीय पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करना होगा।



श्रीमद्भागवत कथा में भाजपा नेता जयंत गुप्ता को सम्मानित करते संस्था के सदस्य

# बंगाल में सीबीआई की फाइलों में बंद पड़े हैं 200 से ज्यादा भ्रष्टाचार के मामले

- आरोप, 2018 के बाद से राज्य सरकार ने केंद्रीय एजेंसी के मामलों में सहमति देना बंद कर दिया हैं
- दावा, भ्रष्टाचार के सबूत मिलने के बाद भी सीबीआई के लिए कार्रवाई करना मुश्किल हो रहा हैं




**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में सीबीआई के कार्यालय में 200 से ज्यादा भ्रष्टाचार के मामले पड़े हैं। दरअसल, 2018 के बाद से राज्य सरकार ने केंद्रीय एजेंसी के मामलों में अपनी सहमति देना बंद कर दिया है। इसके कारण गत छह वर्षों में सीबीआई की फाइलों में शिकायतों का अंबार लग गया है। इनमें ज्यादातर वित्तीय भ्रष्टाचार से जुड़े मामले हैं। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, संविधान के मुताबिक सभी राज्यों में दिल्ली स्पेशल पुलिस एस्टेब्लिशमेंट एक्ट, 1946 की धारा पांच और छह के तहत केस दर्ज करना होता है। अनुच्छेद संख्या छह में कहा गया है कि वित्तीय भ्रष्टाचार सहित किसी भी अन्य मामले में संबंधित राज्य की सहमति के बिना कोई एफआइआर दर्ज नहीं की जा सकती है। 1989 से सीबीआई बंगाल में केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के विभिन्न आरोपों की जांच कर रही है। 2018 तक राज्य द्वारा अनुपालन में कोई बाधा नहीं थी। राज्य में चार में से तीन सीबीआई कार्यालय वित्तीय धोखाधड़ी की जांच करते हैं। बैंक धोखाधड़ी से लेकर केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों के भ्रष्टाचार, सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार की जांच इन तीन विभागों के दायरे में आती है। लेकिन सूत्रों का दावा है कि राज्य की अनुमति नहीं मिलने के कारण भ्रष्टाचार के सबूत मिलने के बाद भी सीबीआई के लिए कार्रवाई करना मुश्किल हो रहा है। सीबीआई के एक अधिकारी ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारियों को हमलोगों ने पकड़ा है। अदालत में उन्हें दोषी ठहराया जा सकता है। लेकिन राज्य की सहमति के अभाव के कारण उन भ्रष्ट सरकारी कर्मचारियों, अधिकारियों, राज्य के स्वामित्व वाले और निजी बैंकों के अधिकारियों के खिलाफ जांच प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकती है। केंद्रीय एजेंसी का दावा है कि राज्य की सहमति के अभाव में अदालत आरोपितों के खिलाफ कानून के मुताबिक आरोपपत्र स्वीकार नहीं कर रही है और मुकदमे की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पा रही है।

# बारासात कॉलेज में परीक्षा के दौरान एसएफआई-टीएमसीपी के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प

## आरजीकर मामले में न्याय की मांग पर एसएफआई का प्रदर्शन, पुलिस कर्मी का फटा मुंह



**कोलकाता, समाज्ञा :** बारासात कॉलेज में सेमेस्टर परीक्षा के दौरान एसएफआई की रैली थी । आरजी कर मामले को लेकर कॉलेज गेट के बाहर वामपंथी छात्र संगठन का प्रदर्शन-नारेबाजी की। तृणमूल छात्र परिषद उम्मीदवारों को रोकने गई थी क्योंकि उन्हें समस्या हो सकती थी। और तभी से तृणमूल छात्र परिषद और एसएफआई के बीच खींचतान चल रही है। दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक हो गई। झड़प रोकने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। हमले में एक पुलिसकर्मी के घायल होने की भी खबर है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बारासात कॉलेज में आज सेमेस्टर परीक्षा चल रही थी। दोपहर के करीब एसएफआई कार्यकर्ता-समर्थक इलाके में जमा हो गए। और उन्होंने आरजी कर मामले में न्याय की मांग करते हुए मार्च शुरू कर दिया। जुलूस कालेज गेट के सामने पहुंचा। कॉलेज गेट के सामने जमकर नारेबाजी। कॉलेज में परीक्षाएं चल रही हैं। वहां कोई नारेबाजी नहीं की जा सकेगी। उस मांग को लेकर तृणमूल छात्र परिषद के लोग कॉलेज के गेट पर पहुंचे। दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। देखते ही देखते वह स्थान रणक्षेत्र बन गया। उस कॉलेज के नजदीक सियालदह-बनगांव रेलवे है। कॉलेज के सामने से राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 12 गुजरता है। रेलगेट नंबर 11 के सामने धरना जारी रहा। बारासात गवर्नमेंट कॉलेज के सामने भी विवाद शुरू हुआ। टीएमसीपी और एसएफआई के बीच झड़प और फैल गई। पूरा इलाका ट्रैफिक से जाम हो गया। बारासात पुलिस मौके पर गई। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। झड़प में एक पुलिस कर्मी का चेहरा फट गया।। उसे बचाकर अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने दोनों पक्षों को हटाने का प्रयास किया। लेकिन शुरुआत में ऐसा करना लगभग असंभव हो जाता है।

# तेहट्ट में चीनी लहसुन को लेकर पुलिस की कार्रवाई, एक गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** चीन के फैंसी आइटम के बाद अब लहसुन भी चीन से आ रहा है। नदिया के तेहट्ट थाने की पुलिस ने एक लहसुन व्यापारी की शिकायत पर 'चीनी लहसुन' की बिक्री रोकने के लिए बेटाई बाजार में छापेमारी की।। दो बोरा 'चीनी लहसुन' बरामद किया गया। एक खुदरा विक्रेता को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। यह लहसुन किस रास्ते से भारतीय बाजार में प्रवेश कर रहा है, पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या लहसुन का कोई हानिकारक पहलू है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, नाजिरपुर मंडी का एक बड़ा लहसुन व्यापारी सोमवार को बेटाई मंडी आया था। उनका दावा है कि बाजार चीनी लहसुन से भर गया है। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। मंगलवार की सुबह तेहट्ट थाना पुलिस ने अभियान चलाया। 'चीनी लहसुन' जब्त करने के साथ ही लक्ष्मण हलदर नाम के एक खुदरा विक्रेता को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। कुछ व्यापारियों की शिकायत है कि यह लहसुन मानव शरीर के लिए हानिकारक है। उनका दावा है कि ये लहसुन आमतौर पर लाल रंग के होते हैं और इन्हें सफेद करने के लिए रसायनों का इस्तेमाल किया जाता है। जो मानव शरीर को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने यह भी शिकायत की कि बाजार में सस्ता चीनी लहसुन आने से घरेलू लहसुन की बिक्री घट गई है। गोदाम में बोरी-दर-बोरी स्थानीय लहसुन का ढेर लग रहा है। उन्हें नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। तेहट्ट पुलिस सूत्रों के अनुसार लहसुन को जांच के लिए भेजा जाएगा। यदि कोई हानिकारक रसायन या पदार्थ पाया जाता है तो तदनुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी देखना होगा कि भारतीय बाजार में लहसुन किस रास्ते से आ रहा है। यदि आप अवैध रूप से भारत में प्रवेश करते हैं, तो आपसे कानून के अनुसार निपटा जाएगा।

## पुराने विवाद को लेकर युवक के घर में लगाई आग

**बीरभूम :** पुराने विवाद को लेकर कुछ स्थानीय युवकों पर एक घर में आग लगाने का आरोप लगा है। यह घटना बीरभूम के सिउरी थाना अंतर्गत मिनिस्टील गांव में तनाव पर केंद्रित है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मजबुल अंसार लंबे समय से मिनिस्टील गांव का निवासी है। रात में उसी इलाके के कुछ युवक गए और मजबुल को पहले आग्नेयास्त्र दिखाकर धमकाया। बाद में उनके घर के एक कमरे में आग लगा दी गई। घटना की सूचना मिलने के बाद दमकल की एक गाड़ी भेजी गई और आग पर काबू पाया गया। घटना से आसपास के इलाके में तनाव फैल गया। सिउड़ी थाने की बड़ी संख्या में पुलिस ने जाकर स्थिति को संभाला। मजबुल अंसार का आरोप है कि उसके पिता ग्राम प्रधान थे। बाबू अंसारी समेत गांव के कई युवकों ने शिकायतकर्ताओं पर मुकदमा करने का दबाव बनाया लेकिन वह नहीं माने तो आरोप लगाया गया कि यह हमला है। आग लगाने के सभी आरोपी फरार हैं। सिउरी थाना पुलिस सभी मामलों की जांच कर रही है।

# दामाद के उत्पीड़न से तंग आकर युवक ने किया हमला

**कोलकाता, समाज्ञा :** दामाद आए दिन घर में उत्पात मचाता रहता था । उसका विरोध करना बहुत ही मुश्किल हो गया था। गुस्से में आकर युवक ने अपने जीजा के अंडकोष को दांत से काट लिया। यह घटना दक्षिण 24 परगना के जिबंटाला के घुटियारी शरीफ में हुई । प्रभावित युवक अस्पताल में भर्ती है। मालूम हो कि पीड़ित युवक का नाम राबिन मंडल है। वह घुटियारी शरीफ के मकलतला का रहने वाला है। वहां उसका दामाद मुन्ना साव रहता था। आरोप है कि मुन्ना कोई काम नहीं करता है। इसके विपरीत घर में हर दिन कलह मची रहती है। आए दिन अपनी पत्नी को पीट देता था। परिवार में हर कोई इस उथल-पुथल का आदी हो गया था। सोमवार की रात मुन्ना की प्रताड़ना चरम पर पहुंच गई। अति होता देख राबिन ने विरोध किया। इस पर मुन्ना अपना आपा खो बैठा। कथित तौर पर, उसने अपने जीजा के अंडकोष को काट लिया। युवक लहूलुहान हो गया। उन्हें तुरंत बचा लिया गया और कैनिंग सब-डिविजनल अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनका वहां इलाज चल रहा है। पीड़ित युवक ने बताया कि यह घटना पहली नहीं है। लगभग हर दिन अशांति रहती थी। राबिन पर पहले उसके दामाद ने हमला किया था। पीड़ित और उसके परिजनों ने आरोपियों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की है।

# शादी के दस दिन बाद पति ने की पत्नी की हत्या, गिरफ्तार



**मुर्शिदाबाद :** दूसरी शादी के दस दिन बाद ही एक गृहिणी की हत्या उसके पति ने कर दिया। रघुनाथगंज थाना क्षेत्र के इचाखाली गांव में मंगलवार की सुबह एक गृहिणी का फंदे से लटका शव बरामद किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृत गृहिणी का नाम अजमीरा खातून (32) है। आरोपी पति रफीकुल इस्लाम को रघुनाथगंज थाने की पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, रघुनाथगंज के गंगाप्रसाद गांव की अजमीरा खातून नामक युवती की शादी 11 साल पहले धुलियान के एक युवक से हुई थी। हालांकि, कुछ समय बाद, केवल एक बच्चे के साथ उनका तलाक हो गया। फिलहाल अजमीरा खातून का एक 10 साल का बच्चा है। लेकिन दस दिन पहले अजमीरा खातून ने इचाखाली गांव के रफीकुल इस्लाम से दूसरी शादी कर ली। मंगलवार की सुबह अचानक बिना किसी कारण के घर से लटकता हुआ शव बरामद हुआ। मृतक की बहन अजमीरा खातून ने आरोप लगाया कि जमाइदा ने दीदी का गला दबाकर हत्या कर दी। उसने सार्वजनिक रूप से हत्या की बात कबूल की और धमकी दी। इस बीच घटना की जानकारी मिलने पर रघुनाथगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

# घरों में घुसता नालों का पानी खोल रहा विकास की पोल



**हुगली, समाज्ञा :** प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अक्सर पाने भाषणों में बेहतर नागरिक सेवा प्रदान करके के लिए जनप्रतिनिधियों को कहती है। लेकिन हकीकत इसके विपरीत है। बेहतर नागरिक सेवा तो दूर की बात है लोग मूलभूत सेवाओं से भी वंचित है। इन दिनों बारिश का मौसम नहीं है फिर भी लोगों के घरों में नालों का पानी घुस रहा है। नाले उफान पर है। जाहिर सी बात है कि निकासी व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। नाले के गंदे पानी से स्थानीय लोग परेशान है। समस्या के समाधान की मांग को लेकर सड़क मार्ग जाम करके स्थानीय लोगों ने जमकर प्रदर्शन किया। यह मामला चुंचुड़ा नगरपालिका के 16 नंबर वार्ड के पीरतला इलाके का है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नाले का पानी ओवरफ्लो होकर घरों में घुस रहा है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ा है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। निकासी के साथ चुंचुड़ा नगरपालिका के अस्थायी कर्मचारियों का आंदोलन भी बड़ी समस्या बनी हुई है। बकाया वेतन की मांग को लेकर अस्थाई सफाई कर्मियों का आंदोलन जारी है। सफाईकर्मी भी काम नहीं कर रहे, जिससे शहर में कचरा जमा हो गया है। नाले की सफाई न होने से पानी ओवरफ्लो कर रहा है। स्थानीय निवासियों ने कई बार नगरपालिका एवं स्थानीय पार्षद को समस्या से अवगत करवाया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। परेशान होकर आज लोगों ने सड़क अवरोध कर विरोध प्रदर्शन किया। खबर पाकर चुंचुड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस हस्तक्षेप से अवरोध हटाया गया। लेकिन स्थानीय लोगों ने बड़े आंदोलन की चेतवानी दी है। निवासियों का कहना है कि पास के 15 नंबर वार्ड में नियमित काम हो रहा है और वहां कोई शिकायत नहीं है, लेकिन 16 नंबर वार्ड में स्थिति बेहद खराब है। उनका आरोप है कि वार्ड पार्षद ध्यान नहीं देते है। 16 नंबर वार्ड पार्षद अर्पिता साहा ने कहा कि लोग खुद कचरा फेंककर नाले की निकासी को अवरुद्ध कर देते हैं। साथ ही कम दाम में जमीन खरीदकर घर बनाने के कारण सड़कें ऊंची हो गई हैं, जिससे पानी घरों में घुस रहा है। लोगों की वजह से ही निकासी व्यवस्था प्रभावित हुई है।

# बांग्लादेश के हिंदू अल्पसख्यकों और विश्व शांति के लिए होगा महायज्ञ का आयोजन



**हुगली, समाज्ञा :** जिले के महेश स्थित जगन्नाथ मंदिर के मंदिर सभाकक्ष में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमे मंदिर के प्रधान पुरोहित सौमेन अधिकारी, मंदिर ट्रस्टी बोर्ड के सभापति असीम पंडित, संपादक सौमेन अधिकारी समेत अन्य मौजूद रहे। संपादक पियाल अधिकारी ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि 22 दिसंबर को विश्व शांति एवं बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार-हिंसा के लिए शांति की कामना करके महायज्ञ का आयोजन होगा। जिसमे देश समेत राज्य भर से हजारों की तादात में धर्मावलंबियों साधु, संतों भक्तों का समागम होगा। इसके अलावा 628 साल के इतिहास में पहली बार भगवान जगन्नाथ स्वर्ण भेष में नजर आएंगे। उनका श्रृंगार सोने से बने आभूषणों से होगा। भगवान स्वर्णाभूषण से लदे होंगे। विश्व में प्रथम स्थान प्राप्त पुरी के रथ के बाद महेश स्थित जगन्नाथ रथ को विश्व स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त है। जगन्नाथ मंदिर से सटे स्नान पीढ़ी मैदान में इतिहास में पहली बार खाद्य मेले का आयोजन होने जा रहा है। इस खाद्य मेले में बंगाल के ग्रामीण से शहरी अंचल के सभी तरह के व्यंजन बिकेंगे। मेले के आयोजन का मुख्य उद्देश्य पर्यटन और व्यवसाय को बढ़ावा देने है। मेले में बंगाल के भिन्न राज्य से व्यवसायी आकर स्टाल लगाएंगे। जिससे व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा बंगाल के ग्रामीण अंचल में विलुप्त हो रहे नाना तरह के व्यंजन का भी लुप्त लोग उठा सकेंगे। आज के अत्याधुनिकता के दौर में बच्चे पारंपरिक व्यंजन व जायके को भूलकर वेस्टर्न चाइनीज, थाई व्यंजन अधिक पसंद कर रहे हैं। जिससे बच्चों के सेहत पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस मेले के जरिये लोग ग्रामीण संस्कृति व व्यंजन को समझ पाएंगे और उसका लुफ्त उठा पाएंगे। मेले के जरिए शहरी ग्रामीण व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा। रोज-गार के अवसर प्राप्त होंगे। यह मेला 21 दिसंबर से शुरू होगा ओर 25 को खत्म हो जायेगा। इसमें धुंधली होती प्राचीन यादे एक बार फिर से तरोताजा हो जाएगी। बच्चे तार्किस आइसक्रीम का भी आनंद उपभोग कर सकेंगे। अभिनेता विश्वनाथ मेले का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा नेता, मंत्री, आईएएस, आईपीएस अधिकारी समेत बॉलीवुड के कलाकार भी मेले में शामिल होंगे। मेले के जरिए विलुप्त होते बांग्ला शिल्प को फिर से बढ़ावा मिलेगा। मेले में न्यू दीघा से समुद्री मछली का व्यवसाय करने वाले भी यहां स्टाल लगाएंगे। नित्यदिन सांस्कृतिक व संगीत कार्यक्रम का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी मेले में आने के लिए आमंत्रण पत्र भेजा गया था। मुख्यमंत्री ने शुभकामना संदेश देकर आमंत्रण पत्र का जवाब भेजा है। मेला अपराह्न 12 बजे से शुरू होगा रात 10 बजे तक चलेगा। शाकाहार-मांसाहार व्यंजन मेले के आकर्षण का मुख्य का केंद्र रहेंगे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### उप्र : कार की चपेट में आने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत

**मुरादाबाद (उप्र) :** मुरादाबाद के पाकबड़ा क्षेत्र में मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-नौ पर एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से दो बच्चों समेत एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि हादसा दोपहर करीब डेढ़ बजे पाकबड़ा थाने के सामने फ्लाईओवर के पास हुआ। उन्होंने बताया कि रामपुर का रहने वाला एक परिवार राजमार्ग के किनारे खड़ा था, तभी दिल्ली की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में फुरकान (28), उसकी पत्नी सीमा (26) और उनकी बेटियों इफ्फत (दो) और रमीशा (पांच) की मौके पर ही मौत हो गई। सिंह ने बताया कि इसके बाद कार एक अन्य खड़ी गाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में कार का चालक और एक बुजुर्ग यात्री भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों ने परिवार के चार सदस्यों की मौत की पुष्टि की। घायलों का इलाज किया जा रहा है।

### ट्रेलर और कंटेनर की भिड़ंत में दोनों वाहनों के चालकों की जिंदा जलने से मौत

जयपुर : राजस्थान के नागौर जिले के सदर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक ट्रेलर और कंटेनर की आमने सामने की भिड़ंत के बाद दोनों वाहनों में आग लगने से उनके चालकों की जिंदा जलने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उप-ाधीक्षक (नागौर सदर) रामप्रताप बिश्नोई ने बताया कि यह घटना गोगेलाव और बारानी के बीच हुई तथा मृतकों की पहचान कंटेनर चालक भीलवाड़ा निवासी प्रेमराज जाट और ट्रेलर चालक नोखा निवासी हंसराज के तौर पर हुई। उन्होंने बताया कि दोनों वाहनों के चालक केबिन में फंस गए और आग में जिंदा जल गए। बिश्नोई ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद हंसराज के शव को परिजनों को सौंप दिया गया जबकि प्रेमराज जाट का पोस्टमॉर्टम परिजनों के यहां पहुंचने पर करवाया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में दुर्घटना से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# उप्र सरकार ने साढ़े सात वर्ष में करीब सात लाख लोगों को भर्ती किया है : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि सरकार ने साढ़े सात वर्ष में करीब सात लाख लोगों को विभिन्न विभागों में भर्ती किया है। योगी ने कहा कि 2012-17 के बीच में प्रदेश की बेरोजगारी दर 19 फीसदी से अधिक थी और आज यह 2.4 प्रतिशत है तथा यह चीजें दिखाती हैं कि सरकार के कदम अच्छी दिशा में आगे बढ़े हैं। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को प्रश्नकाल के बाद नेता सदन व मुख्यमंत्री योगी ने मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों को जवाब देते हुए कहा, ''हमारी सरकार ने सात-साढ़े सात वर्ष में सिंचाई, वन, स्वास्थ्य समेत अन्य विभागों में लगभग सात लाख लोगों की भर्ती की प्रक्रिया को पूरा किया है।'' सपा सदस्य मनोज पारस, पूजा और पंकज पटेल समेत कई सदस्यों ने नियम-56(सदन की कार्यवाही रोककर चर्चा) के तहत बेरोजगारी पर चर्चा कराने की मांग की थी। मनोज पारस और पंकज पटेल ने सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। पारस ने कहा कि उप्र की बेरोजगारी दर 9.8 प्रतिशत है। पंकज पटेल ने कहा कि सरकार बेरोजगारी खत्म नहीं करना चाहती है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''भर्ती की प्रक्रिया पारदर्शिता और ईमानदारी से हुई है, इस पर कोई प्रश्न नहीं खड़ा कर सकता है।'' योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में 1.60 लाख से अधिक भर्तियां कीं। उन्होंने कहा कि आरक्षण के नियमों का अक्षरशः पालन हो रहा है और उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग विभिन्न विभागों से अधियाचन (मांग) मांगकर नियुक्ति की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस बल में 1.56 लाख पुलिस कर्मियों की भर्ती हो चुकी है। योगी ने कहा कि 22,700 से अधिक महिलाएं पुलिस बल में शामिल हुई हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान में ऊर्जा, सड़क एवं रेलवे से जुड़ी कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया

**जयपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को जयपुर में ऊर्जा, सड़क एवं रेलवे से जुड़ी कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मोदी ने कहा कि इन परियोजनाओं से राजस्थान के पर्यटन, यहां के किसानों और नौजवानों को बहुत फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने यहां दादिया में आयोजित 'एक वर्ष-परिणाम उत्कर्ष' कार्यक्रम में इन परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में किया गया था। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ये परियोजनाएं राजस्थान में पेयजल की चुनौती का स्थाई समाधान करेंगी और राजस्थान को देश में सबसे बेहतर संपर्क वाले राज्यों में से एक बनाएंगी। उन्होंने कहा, ''इससे राजस्थान में निवेश को बल मिलेगा। रोजगार के कई अवसर बनेंगे। राजस्थान में पर्यटन, यहां के किसानों, नौजवानों को इससे बहुत फायदा होगा।'' आधिकारिक बयान के अनुसार, मोदी ने ऊर्जा, सड़क, रेलवे और जल से जुड़ी 46,300 करोड़ रुपये से अधिक की 24 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मोदी ने 11,000 करोड़ रुपये से अधिक की नौ परियोजनाओं का उद्घाटन किया जिनमें केंद्र सरकार की सात और राज्य सरकार की दो परियोजनाएं शामिल हैं। इसी तरह, उन्होंने 35,300 करोड़ रुपये से अधिक की 15 परियोजनाओं की आधारशिला रखी, जिनमें केंद्र सरकार की नौ और राज्य सरकार की छह परियोजनाएं शामिल हैं।




## उत्तर प्रदेश विधानसभा में आठ विधेयक पारित

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को उत्तर प्रदेश जिला योजना समिति (संशोधन) विधेयक, 2024 और उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण निधि (संशोधन) विधेयक 2024 समेत आठ विधेयक पारित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने क्रमश: सभी विधेयकों के पारित किये जाने की घोषणा की। मंगलवार को जो विधेयक पारित हुए उनमें उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2024, उप्र जिला योजना समिति (संशोधन) विधेयक, 2024, उप्र श्रम कल्याण (संशोधन) विधेयक, 2024, उप्र निजी विश्वविद्यालय (पांचवां संशोधन) विधेयक, 2024, उप्र निजी विश्वविद्यालय (छठवां संशोधन) विधेयक, 2024, उप्र निजी विश्वविद्यालय (सातवां संशोधन) विधेयक, 2024 और उप्र निजी विश्वविद्यालय (आठवां संशोधन) विधेयक, 2024 सदन में सत्तारूढ़ दल के सदस्यों की संख्या अधिक होने से बहुमत से पारित किया गया। प्रस्तावित उप्र जिला योजना समिति (संशोधन) विधेयक, 2024 में जिला योजना समिति की बैठकों में ग्राम प्रधान भी शामिल होंगे।

## बिहार के मुख्यमंत्री 23 दिसंबर से 'प्रगति यात्रा' शुरू करेंगे



**पटना :** बिहार सरकार ने मंगलवार को घोषणा की कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अगले सप्ताह से राज्यव्यापी यात्रा पर निकलेंगे, जिसका उद्देश्य प्रांत के विभिन्न हिस्सों में हुई प्रगति की समीक्षा करना है। कैबिनेट सचिवालय विभाग द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री की यह ''प्रगति यात्रा'' 23 दिसंबर को वाल्मीकिनगर (पश्चिम चंपारण जिले में भारत-नेपाल सीमा के पास स्थित शहर) से शुरू होगी। राज्य सरकार की इस घोषणा पर राज्य विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कटाक्ष करते हुए कहा, ''मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी अपनी आदत, चरित्र, चाल-चलन एवं चंचलता के चलते एक पखवाड़े में एक ही यात्रा का कई बार नाम बदल चुके है। पहले महिला संवाद, फिर समाज सुधार और अब प्रगति यात्रा। यह दर्शाता है कि वो मानसिक रूप से कितने अशांत व अस्थिर हो चुके है।'' नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे तेजस्वी यादव का इशारा मुख्यमंत्री की ''महिला संवाद यात्रा'' की ओर भी था, जो इस महीने शुरू होनी थी। यादव के अनुसार, इस यात्रा पर राज्य के खजाने पर 225 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होंगे।

## झारखंड में मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़, 70 दोपहिया वाहन बरामद

**जमशेदपुर :** झारखंड में पुलिस ने मंगलवार को अंतरजिला मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़ करके उसके (गिरोह के) चार सदस्यों को गिरफ्तार किया और चोरी के 70 दोपहिया वाहन बरामद किए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि राज्य के सरायकेला खरसावां जिले में ये वाहन बरामद किए गए और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। सरायकेला-खरसावां जिले के पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने संवाददाता सम्मेलन में बताया, हमें गुप्त सूचना मिली थी कि रांची जिले के तमाड़ थाना क्षेत्र के तीन मोटरसाइकिल चोर कुचाई बाजार में मोटरसाइकिल चोरी करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने पहले भी इस क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण बाजारों और मेलों से मोटरसाइकिल चुराई थीं।'' एसपी ने बताया कि सूचना के आधार पर सरायकेला के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) समीर सावैयां के नेतृत्व में छापेमारी दल ने कार्रवाई की और रांची जिले के तमाड़ थाना क्षेत्र के रायडीह मोड़ निवासी शंकर मांझी उर्फ संदीप और भूषण मछुआ को एक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान, आरोपी शंकर मांझी और भूषण मछुआ ने पिछले कुछ वर्षों में सरायकेला-खरसावां, रांची, पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी और पूर्वी सिंहभूम सहित विभिन्न जिलों के शहरी और ग्रामीण इलाकों के बाजारों और मेलों से 100 से अधिक मोटरसाइकिल चुराने का अपराध स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि चोरी की मोटरसाइकिल सरायकेला खरसावां जिले के निवासी शिव मुंडा उर्फ (शिबू मुंडा) और खूंटी जिले के मंगल मुंडा को बेची गई थी।

## संभल के श्री कार्तिक महादेव मंदिर में भक्तों ने भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की

**संभल (उप्र) :** संभल के श्री कार्तिक महादेव मंदिर (भस्म शंकर मंदिर) में मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों से आए भक्तों ने भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारी शशिकांत शुक्ला ने बताया, ''चूंकि मंगलवार भगवान हनुमान का दिन होता है इसीलिए आज सुबह करीब चार बजे मंदिर की सफाई की गई, भगवान हनुमान को चोला चढ़ाया गया, हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और मंदिर के गर्भगृह में भगवान शिव का श्रृंगार किया गया।'' उन्होंने यह भी बताया कि दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। शुक्ला ने कहा, ''यह सोचकर मेरा दिल व्यथित हो जाता है कि इतने वर्षों तक देवी-देवता अंधेरे में रहे और मूर्तियों को कुएं में फेंक दिया गया।'' उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संभल के जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक को धन्यवाद दिया। मंगलवार को मंदिर में आए श्रद्धालु विक्की कुमार ने कहा, ''हम संभल में रहते हैं। इतना प्राचीन मंदिर 46 साल बाद खुला है, इसलिए आज मंगलवार के दिन मैं अपने परिवार के साथ दर्शन करने आया हूं।'' अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि संभल में भस्म शंकर मंदिर के कुएं के अंदर तीन खंडित मूर्तियां मिलीं। मंदिर को 46 साल तक बंद रहने के बाद पिछले हफ्ते फिर से खोला गया था। श्री कार्तिक महादेव मंदिर (भस्म शंकर मंदिर) को 13 दिसंबर को फिर से खोला गया था जब अधिकारियों ने कहा था अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान उन्हें यह ढांचा मिला था। मंदिर में भगवान हनुमान की मूर्ति और शिवलिंग स्थापित थे। यह 1978 से बंद था। मंदिर के पास एक कुआं भी है जिसे अधिकारियों ने फिर से खोलने की योजना बनाई थी।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुर कुमार दिसानायक ने बिहार में महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना की



**गया (बिहार) :** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुर कुमार दिसानायक ने मंगलवार को बोधगया का दौरा किया और बौद्ध धर्म में सबसे पवित्र स्थल माने जाने वाले महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना की। श्रीलंका के राष्ट्रपति गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने के तुरंत बाद सीधे 1,500 साल पुराने महाबोधि मंदिर गए। महाबोधि मंदिर, भगवान बुद्ध के जीवन और विशेष रूप से उनके ज्ञान प्राप्ति से संबंधित चार पवित्र स्थलों में से एक है। हवाई अड्डे पर बिहार के मंत्री प्रेम कुमार और संतोष कुमार सुमन तथा जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने श्रीलंका के राष्ट्रपति का स्वागत किया। इस अवसर पर दिसानायक के साथ गया के जिलाधिकारी एवं महाबोधि मंदिर प्रबंधन समिति (बीटीएमसी) के अध्यक्ष त्यागराजन एसएम और सचिव महाश्वेता महारथी एवं बीटीएमसी के सदस्य अरविंद कुमार सिंह भी मौजूद थे।

## कानपुर प्रेस क्लब का पूर्व अध्यक्ष वसूली गिरोह का सरगना करार

**कानपुर (उप्र) :** कानपुर जिले में दंगा करने और संपत्ति हड़पने के इरादे से गंभीर चोट पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किए गए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के एक पूर्व पत्रकार और कानपुर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष को पुलिस ने खुद को पत्रकार बताकर जबरन वसूली और जमीन हड़पने वाले लोगों के गिरोह का सरगना करार दिया है। कानपुर पुलिस द्वारा मंगलवार को जारी एक बयान में बताया गया है कि कानपुर प्रेस क्लब का पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित इंटर रेंज (आईआर-1) गिरोह का सरगना है। गिरोह में उसके 15 साथी शामिल हैं। बयान के मुताबिक, कानपुर के पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने 15 सदस्यों वाले दीक्षित गिरोह को जमीन हड़पने, जबरन वसूली और ब्लैकमेलिंग जैसे जघन्य अपराधों में शामिल गिरोह के रूप में सूचीबद्ध करने के लिए अधीनस्थों की रिपोर्ट को मंजूरी दे दी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अपराधियों पर शिकंजा कसने के इरादे से दीक्षित गिरोह को सूचीबद्ध किया गया है।

समीक्षा मनोरंजन

# कद्दूमल की घुड़सवारी

एक था सब्जीपुर। वहाँ सब्जियों के ऐसे-ऐसे मजेदार किस्से थे कि लोग उसे किस्सापुर ही कहने लगे थे। जितनी सब्जियाँ, उतने किस्से। बल्कि उससे भी ड्योढ़े - दूने। पर उनमें कद्दूमल जी का किस्सा सबसे निराला था। और होता भी क्यों न! इसलिए कि सब्जीपुर के पुराने युग की महान शख्सियतों में कद्दूमल भी थे। उनके बारे में अकसर लोग कहते थे कि कद्दूमल तो पूरे कद्दूमल हैं।

उन जैसा कोई दूसरा हो ही नहीं सकता। ज्यादातर लोग कद्दूमल की तारीफ ही करते थे। हालाँकि उनके अलग-अलग गुण लोगों को भाते थे। कोई उन्हें सीधा-सादा बताता, तो कोई खूब खटमिट्ठे मजाक करने वाला तेज-तर्रार, बाँका छैला, जिसे हर कोई पसंद करता है। मगर चाहे कोई लाख कमल की तारीफ करे, पर कम से कम उनकी घुड़सवारी के बारे में तो सोच ही नहीं सकता था। भला कद्दूमल घोड़े पर बैठे कैसे लगेंगे? कैसे वे खुद को साधेंगे और बगैर नीचे गिरे या लुढ़के, बगैर सिर चोटिल किए, अपनी मजेदार यात्रा कैसे पूरी करेंगे? सोच पाना मुश्किल था। मगर कद्दूमल जैसे अड़ियल बंदे जो ठान लें सो ठान लें। उन्होंने तय किया कि वे घोड़े पर बैठकर घुड़सवारी का आनंद लेंगे, तो आप क्या कर लेंगे? और लीजिए, वे सचमुच अपने कंधे उचका - उचकाकर, खुद को खासा चुस्त-दुरुस्त बनाते हुए, घोड़े पर आकर बैठ भी गए। पीली शेरवानी पहन घोड़े पर बैठे, वे इस कदर जँच रहे थे, कि कुछ पूछो ही मत। पहले तो घोड़े ने सोचा कि होंगे कद्दूमल कोई अनाड़ी घुड़सवार। मौका पाते ही किसी गहरे गड्ढे में फेंकूँगा और भाग निकलूंगा। पर थोड़ा आगे चलते ही समझ गया कि कद्दूमल थोड़े मोटे और पिलपिले सही, पर घुड़सवारी का हुनर बखूबी जानते हैं। सो घोड़े के दो-एक झटके उन्होंने झेले और फिर रास पकड़कर घोड़े को इस कदर दौड़ाया, इस कदर कि घोड़े को सचमुच नानी याद आ गई ।

घोड़ा दौड़ रहा था, दौड़ रहा था और ऐसे दौड़ रहा था, जैसे रुकना जानता ही न हो। वैसे रुकता भी तो क्या कद्दूमल उसे चैन लेने देते? जब सुबह से दोपहर, फिर शाम हो गई और कद्दूमल ने घोड़े को जरा भी विराम नहीं दिया, तो आखिर घोड़े को पूछना ही पड़ा, अच्छा प्यारे भाई कमल जी, माना कि आप ठीक-ठीक घुड़सवार हैं, पर यह तो बताइए कि आप जा कहाँ रहे हैं? मुझे अभी कितने मील और इसी तरह सरपट दौड़ना है? कहीं बरखुरदार, आप सारी धरती की परिक्रमा करने तो नहीं निकल पड़े! सुनकर कद्दूमल पूरी बत्तीसी फाड़कर हँसने लगे, हो - हो, हुचुर-हुचुर-हुचुर! बोले, अच्छा तो प्यारे घोड़े राजा, तुम अभी से थक गए? भई, अभी तो कोई पचास - सौ मील ही चले होंगे और अभी मेरी नानी का घर है पूरे डेढ़ सौ मील। वहाँ मेरे नाना-नानी हैं। मामा-मामी भी। और मेरी उम्र का ही भानजा भी, जो बरसों से वहीं डेरा डाले बैठा है। ताजा सीताफल उसका नाम है। क्यों भई, कैसा प्यारा नाम है, तुम्हें पसंद आया? हाँ-हाँ, प्यारा बहुत - बहुत प्यारा नाम है, ताजा सीताफल! घोड़ा थक तो गया ही था, उसने सोचा, 'अब अगर ज्यादा चीं-चपड़ की तो क्या पता, कद्दूमल सचमुच सारी दुनिया की परिक्रमा करने के लिए निकल पड़ें और दौड़ाते - दौड़ाते जान निकाल दें। इससे तो अच्छा है, उनका कहना मान लो और सीधे - सीधे चलो।' फिर घोड़ा दौड़ा और सीधे सरपट दौड़ा। ठीक वैसे, जैसे मोटे पिलपिल कमल जी उसे दौड़ाना चाहते थे। आखिर दौड़ते-दौड़ते, दौड़ते-दौड़ते घोड़ा पहुँच ही गया कमल के नाना-नानी के घर। वह इतनी तेज दौड़ रहा था कि कद्दूमल के नाना-नानी को लगा कि या तो कोई तेज भूकंप आया है या कोई जोर का काली माई टाइप अंधड़। मगर बाहर निकलकर देखा, तो पूरे दाँत फाड़े हा-हा-हा, हो - हो - हो हँसते कद्दूमल जी नजर आए, जो अपने घोड़े को और ज्यादा सीधा करने के लिए खूब जोर-जोर से नचा रहे थे। घोड़ा कभी दो टाँगों पर नाचता, कभी एक पर तो कभी चारों टाँगों पर। मगर वैसे ही नाचता, जैसे कद्दूमल जी उसे नचाना चाहते थे। सोच रहा था, हाय-हाय! कद्दूमल को मैंने सीधा और पिलपिल ही समझा था, मगर ये तो बड़े बाँके घुड़सवार निकले। ऐसे दो - एक और मिल गए, तो हो गया बेड़ा पार! कद्दूमल जी की यह बाँकी अदा देखने के लिए उनके नाना-नानी, मामा-मामी, ताजा सीताफल और अड़ोस - पड़ोस के बच्चे-बूढ़े, मर्द, औरतें सब निकल आए। कद्दूमल जी का विचित्र तमाशा देखकर सब जोर-जोर से हँस रहे थे और उनकी खूब तारीफ कर रहे थे। * जितने दिन कद्दूमल ननिहाल में रहे, नाना-नानी के घर उन्होंने खूब कलाएँ दिखाई अपनी घुड़सवारी की। और होते-होते घोड़ा उनसे इतना सध गया कि कद्दूमल का इशारा होते ही वह दौड़ता और इशारा होते ही झट 'परेड थम!' की तर्ज पर रुक जाता।



फिर इशारा होते ही ऐसी सरपट रेस लगाता, जैसे आसमान में उड़ रहा हो। उस छोटे से ननकपुर गाँव में लोगों ने कभी किसी को ऐसी जबरदस्त घुड़सवारी करते न देखा था। ताजा सीताफल तो कमल की घुड़सवारी देखकर उनका ऐसा फैन हो गया कि बोला, मामा जी, मैं तो अब आपके साथ लंबी सैर पर जाऊँगा। और सचमुच कद्दूमल ताजा सीताफल को पीछे बैठाकर कई दिनों की लंबी यात्रा पर निकले। इस बार उन्होंने घोड़े की भी अच्छी परवाह की थी। उसे खूब चना -रातब खिलाया। बीच-बीच में वह थकता तो अच्छी तरह मालिश भी कर देते। और प्यार से टिटकारते, हाँ जी हाँ, जम के चलो! वाह जी वाह, वाह-वाह, वाह! मेरे प्यारे घोड़े, अड़ियल थोड़े-थोड़े! कई दिनों तक घोड़े की सवारी करते हुए कद्दूमल और ताजा सीताफल ने खूब मौज ली। फिर लौटकर नाना-नानी, मामा-मामी और ताजा सीताफल से विदा लेकर कद्दूमल चले अपने घर। रास्ते में अचरज से उन्होंने देखा कि उनका घोड़ा इतना सीधा हो गया कि वह जैसा मन में सोचते, घोड़ा वैसे ही दौड़ने लगता। उन्हें लगा, वे घुड़सवारी नहीं कर रहे, बल्कि हवाई यान में यात्रा कर रहे हैं। रास्ते में टमाटरलाल, परवलचंद, मूली रानी और खीराकुमार सबके सब देखते, उनकी बगल से कद्दूमल का घोड़ा तीर की तरह निकला है और हवा में सनसनाता आगे बढ़ रहा है। सब रीझकर कहते, वाह जी वाह, कद्दूमल, वाह! कोई-कोई हँसकर कहता, भैया कद्दूमल, हमें भी सिखा दो ना ऐसी घुड़सवारी! और खुश होकर कमल अपनी पूरी बत्तीसी खोल देते। जब लौटकर आए कद्दूमल अपने घर तो उनके दोस्तों ने ऐसी बढ़िया घुड़सवारी के लिए कद्दूमल को इनाम में दिया सोने का मैडल। उनके घोड़े की पीठ थपथपाकर बढ़िया दाना और रातब खिलाया। इस पर घोड़ा और कद्दूमल दोनों खुश होकर ऐसे मुसकरा रहे थे, जैसे उनसे ज्यादा खुश दुनिया में कोई और न हो। इस अनोखी यात्रा के बाद से सब्जीपुर में कद्दूमल की धूम मच गई थी। वे दादी लौकीदेवी और राजा बैंगनमल के पास आशीर्वाद लेने पहुँचे। दोनों ने एक ही बात कही, भैया, जैसा डंका तुमने यहाँ पीटा है, वैसा दुनिया भर में पीटो और सारी दुनिया में दिग्विजय करके लौटो। हमारा तो यही आशीर्वाद है। इस पर हँसते-हँसते कद्दूमल ने सिर झुकाकर कहा, आप देखना, होगा होगा, एक दिन ऐसा ही होगा!

# ईमानदारी की जीत

चारों ओर सुंदर वन में उदासी छाई हुई थी। वन को अज्ञात बीमारी ने घेर लिया था। वन के लगभग सभी जानवर इस बीमारी के कारण अपने परिवार का कोई न कोई सदस्य गवाँ चुके थे। बीमारी से मुकाबला करने के लिए सुंदर वन के राजा शेर सिंह ने एक बैठक बुलाई।

बैठक का नेतृत्व खुद शेर सिंह ने किया। बैठक में गज्जू हाथी, लंबू जिराफ, अकड़ू सांप, चिंपू बंदर, गिलू गिलहरी, कीनू खरगोश सहित सभी जंगलवासियों ने हिस्सा लिया। जब सभी जानवर इकट्ठे हो गए, तो शेर सिंह एक ऊँचे पत्थर पर बैठ गया और जंगलवासियों को संबोधित करते हुए कहने लगा, भाइयो, वन में बीमारी फैलने के कारण हम अपने कई साथियों को गवाँ चुके हैं। इसलिए हमें इस बीमारी से बचने के लिए वन में एक अस्पताल खोलना चाहिए, ताकि जंगल में ही बीमार जानवरों का इलाज किया जा सके।'

इस पर जंगलवासियों ने एतराज जताते हुए पूछा कि अस्पताल के लिए पैसा कहाँ से आएगा और अस्पताल में काम करने के लिए डॉक्टरों की जरूरत भी तो पड़ेगी? इस पर शेर सिंह ने कहा, यह पैसा हम सभी मिलकर इकट्ठा करेंगे।

यह सुनकर कीनू खरगोश खड़ा हो गया और बोला, महाराज! मेरे दो मित्र चंपकवन के अस्पताल में डॉक्टर हैं। मैं उन्हें अपने अस्पताल में ले आऊँगा।'

इस फैसले का सभी जंगलवासियों ने समर्थन किया। अगले दिन से ही गज्जू हाथी व लंबू जिराफ ने अस्पताल के लिए पैसा इकठ्ठा करना शुरू कर दिया।

जंगलवासियों की मेहनत रंग लाई और जल्दी ही वन में अस्पताल बन गया। कीनू खरगोश ने अपने दोनों डॉक्टर मित्रों वीनू खरगोश और चीनू खरगोश को अपने अस्पताल में बुला लिया।

राजा शेर सिंह ने तय किया कि अस्पताल का आधा खर्च वे स्वयं वहन करेंगे और आधा जंगलवासियों से इकठ्ठा किया जाएगा।

इस प्रकार वन में अस्पताल चलने लगा। धीरे-धीरे वन में फैली बीमारी पर काबू पा लिया गया। दोनों डॉक्टर अस्पताल में आने वाले मरीजों की पूरी सेवा करते और मरीज़ भी ठीक हो कर डाक्टरों को दुआएँ देते हुए जाते। कुछ समय तक सब कुछ ठीक ठाक चलता रहा। परंतु कुछ समय के बाद चीनू खरगोश के मन में लालच बढ़ने लगा। उसने वीनू खरगोश को अपने पास बुलाया और कहने लगा यदि वे दोनों मिल कर अस्पताल की दवाइयाँ दूसरे वन में बेचें तथा रात में जाकर दूसरे वन के मरीज़ों को देखें तो अच्छी कमाई कर सकते हैं और इस बात का किसी को पता भी नहीं लगेगा।

वीनू खरगोश पूरी तरह से ईमानदार था, इसलिए उसे चीनू का प्रस्ताव पसंद नहीं आया और उसने चीनू को भी ऐसा न करने का सुझाव दिया। लेकिन चीनू कब मानने वाला था। उसके ऊपर तो लालच का भूत सवार था। उसने वीनू के सामने तो ईमानदारी से काम करने का नाटक किया। परंतु चोरी-छिपे बेइमानी पर उतर आया। वह जंगलवासियों की मेहनत से खरीदी गई दवाइयों को दूसरे जंगल में ले जाकर बेचने लगा तथा शाम को वहाँ के मरीजों का इलाज करके कमाई करने लगा।



धीरे-धीरे उसका लालच बढ़ता गया। अब वह अस्पताल के कम, दूसरे वन के मरीजों को ज्यादा देखता। इसके विपरीत, डॉक्टर वीनू अधिक ईमानदारी से काम करता। मरीज भी चीनू की अपेक्षा डॉक्टर वीनू के पास जाना अधिक पसंद करते। एक दिन सभी जानवर मिलकर राजा शेर सिंह के पास चीनू की शिकायत लेकर पहुँचे। उन्होंने चीनू खरगोश की कारगुजारियों से राजा को अवगत कराया और उसे दंड देने की माँग की। शेर सिंह ने उनकी बात ध्यान से सुनी और कहा कि सच्चाई अपनी आँखों से देखे बिना वे कोई निर्णय नहीं लेंगे। इसलिए वे पहले चीनू डॉक्टर की जांच कराएँगे, फिर अपना निर्णय देंगे। जांच का काम चालाक लोमड़ी को सौंपा गया, क्योंकि चीनू खरगोश लोमड़ी को नहीं जानता था।

लोमड़ी अगले ही दिन से चीनू के ऊपर नजर रखने लगी। कुछ दिन उस पर नज़र रखने के बाद लोमड़ी ने उसे रंगे हाथों पकड़ने की योजना बनाई। उसने इस योजना की सूचना शेर सिंह को भी दी, ताकि वे समय पर पहुँच कर सच्चाई अपनी आँखों से देख सकें। लोमड़ी डॉक्टर चीनू के कमरे में गई और कहा कि वह पास के जंगल से आई है। वहाँ के राजा काफी बीमार हैं, यदि वे तुम्हारी दवाई से ठीक हो गए, तो तुम्हें मालामाल कर देंगे। यह सुनकर चीनू को लालच आ गया। उसने अपना सारा सामान समेटा और लोमड़ी के साथ दूसरे वन के राजा को देखने के लिए चल पड़ा। शेर सिंह जो पास ही छिपकर सारी बातें सुन रहा था, दौड़कर दूसरे जंगल में घुस गया और निर्धारित स्थान पर जाकर लेट गया।

थोड़ी देर बाद लोमड़ी डॉक्टर चीनू को लेकर वहाँ पहुँची, जहाँ शेर सिंह मुँह ढँककर सो रहा था। जैसे ही चीनू ने राजा के मुँह से हाथ हटाया, वह शेर सिंह को वहाँ पाकर सकपका गया और डर से काँपने लगा। उसके हाथ से सारा सामान छूट गया, क्योंकि उसकी बेइमानी का सारा भेद खुल चुका था। तब तक सभी जानवर वहाँ आ गए थे। चीनू खरगोश हाथ जोड़कर अपनी कारगुजारियों की माफी माँगने लगा।

राजा शेर सिंह ने आदेश दिया कि चीनू की बेइमानी से कमाई हुई सारी संपत्ति अस्पताल में मिला ली जाए और उसे धक्के मारकर जंगल से बाहर निकाल दिया जाए। शेर सिंह के आदेशानुसार चीनू खरगोश को धक्के मारकर जंगल से बाहर निकाल दिया गया। इस कार्रवाई को देखकर जंगलवासियों ने जान लिया कि ईमानदारी की हमेशा जीत होती है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### निर्वाचन आयोग बुधवार को दिल्ली की चुनाव तैयारियों की समीक्षा करेगा

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग बुधवार को दिल्ली में अपने चुनाव तंत्र की तैयारियों की समीक्षा करेगा, जहां अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि स्थानीय चुनाव अधिकारियों के साथ बैठक के अलावा निर्वाचन आयोग यहां पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों से भी बातचीत करेगा। चुनाव कार्यक्रम तय करने से पहले आयोग विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी बातचीत करेगा। दिल्ली विधानसभा में 70 सदस्य हैं। विधानसभा का कार्यकाल अगले वर्ष 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है और उससे पहले चुनाव होने हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव पारंपरिक रूप से एक ही चरण में होते रहे हैं।

### एएसआई ने पुरी जगन्नाथ मंदिर के 'रत्न भंडार' का मरम्मत कार्य शुरू किया

**पुरी :** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ मंदिर के 'रत्न भंडार' की मरम्मत का काम मंगलवार को शुरू किया। राज्य के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने बताया कि मरम्मत कार्य अपराह्न करीब एक बजे शुरू हुआ और शाम छह बजे तक जारी रहेगा। हरिचंदन ने भुवनेश्वर में संवाददाताओं से कहा, ''एएसआई ने हमें तीन महीने में काम पूरा करने का आश्वासन दिया है, लेकिन हमने उनसे प्रक्रिया में तेजी लाने का अनुरोध किया है।'' उन्होंने कहा कि 12वीं सदी के मंदिर के अंदर देवताओं के दैनिक अनुष्ठान और श्रद्धालुओं के लिए दर्शन के समय को प्रभावित किए बिना मरम्मत कार्य किया जाएगा। एएसआई के अधीक्षक पुरातत्वविद् डीबी गार्नायक ने कहा, हम रत्न भंडार (मंदिर के खजाने) की दीवारों से प्लास्टर हटाने से पहले मचान स्थापित करेंगे। इसके बाद पूरे भंडार की सफाई की जाएगी और लोहे के पुराने बीम और टूटे हुए पत्थरों की मरम्मत की जाएगी। आंतरिक और बाहरी दोनों कक्षों की मरम्मत की जाएगी।

### चेन्नई में 14.2 करोड़ रुपये की कोकीन के साथ विदेशी महिला गिरफ्तार

**चेन्नई :** सीमा शुल्क विभाग द्वारा हाल के दिनों में की गई एक बड़ी जब्ती में, यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 14.2 करोड़ रुपये मूल्य की एक किलोग्राम से अधिक प्रतिबंधित कोकीन बरामद की गई। इस सिलसिले में केन्या की एक महिला यात्री को गिरफ्तार किया गया है और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सीमा शुल्क विभाग के प्रधान आयुक्त आर. श्रीनिवास नाइक की ओर से मंगलवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने सात दिसंबर को अदीस अबाबा से आने वाली एक यात्री को रोका और जांच से पता चला कि उसने कैप्सूल के जैसी 90 वस्तुएं निगल रखी हैं। आगे की जांच से पुष्टि हुई कि कैप्सूल सरीखी इन वस्तुओं में मादक द्रव्य कोकीन था, जो स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के अंतर्गत आता है। विज्ञप्ति में कहा गया है, उसके कब्जे से कुल 1,424 ग्राम कोकीन बरामद की गई, जिसकी काला बाजार में कीमत लगभग 14.2 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### गुजरात में 11 वर्षीय बच्ची का अपहरण कर किया गया दुष्कर्म, एक व्यक्ति गिरफ्तार

**भरूच :** गुजरात के भरूच जिले के एक औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार को 11 वर्षीय एक बच्ची को उसके घर के पास से अगवा कर उससे दुष्कर्म करने के आरोप में एक मजदूर को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को झारखंड के मूल निवासी 36 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार किया। पुलिस उपाधीक्षक कुशल ओझा ने संवाददाताओं को बताया कि आरोपी पीड़ित बच्ची के पड़ोस में रहता था। बच्ची के पिता जिस फैक्टरी में काम करते थे आरोपी भी उनके साथ वहीं काम करता था। उन्होंने बताया कि यौन उत्पीड़न के बाद बच्ची को गंभीर आंतरिक चोटें आईं और सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे वडोदरा के एसएसजी अस्पताल स्थानांतरित कर दिया गया।

# अनुच्छेद-356 के दुरुपयोग के कांग्रेस के इतिहास को देखते हुए 'एक देश, एक चुनाव' लाया गया: नड्डा



**नयी दिल्ली :** राज्यसभा में नेता सदन और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस की पूववर्ती सरकारों द्वारा अनुच्छेद-356 के बार-बार किए गए दुरुपयोग के इतिहास को देखते हुए सरकार ने 'एक देश, एक चुनाव' विधेयक लाने का फैसला किया है। 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' पर राज्यसभा में हो रही चर्चा के दूसरे दिन बहस को आगे बढ़ाते हुए नड्डा ने कांग्रेस पर संविधान की भावना को बदलने और उसे पुन: लिखने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रमुख विपक्षी पार्टी से भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर अगले साल 25 जून को आयोजित होने वाले 'संविधान हत्या दिवस' कार्यक्रम में प्रायश्चित स्वरूप शामिल होने का आह्वान किया। नड्डा ने कहा, ''आज आप 'एक देश, एक चुनाव' के विरोध में खड़े हो रहे हैं। आपके कारण ही 'एक देश, एक चुनाव' लाना पड़ रहा है। क्योंकि 1952 से 1967 तक देश में एक साथ ही चुनाव होते थे। आपने (कांग्रेस) अनुच्छेद 356 के इस्तेमाल से राज्यों की चुनी हुई सरकारों को बार-बार गिराया और ऐसा करके आपने कई राज्यों में अलग-अलग चुनाव की स्थिति लाकर खड़ी कर दी।'' भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने अनुच्छेद 356 का 90 बार इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने आठ बार, इंदिरा गांधी ने 50 बार, राजीव गांधी ने नौ बार और मनमोहन सिंह ने 10 बार अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग किया। उन्होंने कहा, संविधान की 75 साल की गौरवशाली यात्रा में इन बातों का भी जिक्र होना चाहिए।

### प्रधानमंत्री मोदी ने चिडो चक्रवात से फ्रांस में हुई तबाही पर दुख जताया, हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मायोत में चिडो चक्रवात से हुई तबाही पर दुख व्यक्त करते हुए मंगलवार को कहा कि भारत फ्रांस के साथ एकजुटता से खड़ा है और हरसंभव सहायता देने के लिए तैयार है। हिंद महासागर के मायोत द्वीप समूह के लगभग एक सदी में आए सबसे भीषण चक्रवात से प्रभावित होने के बाद फ्रांस ने हिंद महासागर के अपने छोटे से क्षेत्र मायोत में बचावकर्मियों और रसद पहुंचाने के लिए जहाजों और सैन्य विमानों का इस्तेमाल किया। मीडिया की खबरों के अनुसार, अधिकारियों को आशंका है कि सैकड़ों और संभवत: हजारों लोग मारे गए हैं। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मायोत में चक्रवात चिडो से हुई तबाही से गहरा दुख हुआ। मेरे प्रार्थनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं।

## नए संसद भवन में पहली बार हुआ इलेक्ट्रॉनिक मत विभाजन

**369 सांसदों ने किया मशीन का उपयोग**

**नयी दिल्ली :** देश में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले विधेयक पर निचले सदन में मत विभाजन के दौरान सदस्यों ने नए संसद भवन में पहली बार इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोट डाले। सूत्रों का कहना है कि कुल 369 सांसदों ने अपने मत मशीन के माध्यम से दर्ज किए, जबकि शेष 92 मत पर्चियों के माध्यम से डाले गए। उन्होंने यह भी बताया कि पर्चियों से डाले गए मतों में से 43 पक्ष में और 49 विरोध में थे। यह पहला अवसर था जब लोकसभा के नये कक्ष में स्वचालित मत रिकॉर्डिंग मशीन का उपयोग किया गया। उधर, कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने दावा किया कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग विफल रही और कई वोटों की गिनती नहीं हुई। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मजेदार बात यह है कि 129वें संविधान संशोधन विधेयक को पेश किए जाने पर मतदान के दौरान संसद में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग विफल रही। कई वोटों की गिनती नहीं हुई। यह पर्ची वाले ही वोट थे जिसने अंत में सटीक मिलान दर्शाया। सरकार ने देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले विधेयक और उसी से जुड़ा दूसरा विधेयक भी विपक्षी दलों के भारी विरोध के बीच मंगलवार को निचले सदन में पेश किया। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले 'संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024' और उससे जुड़े 'संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024' को निचले सदन में पुर:स्थापित करने के लिए रखा, जिनका विपक्षी दलों ने पुरजोर विरोध किया।

## रक्षा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाएंगे नये डीपीएसयू : राजनाथ

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को विश्वास जताया कि नये रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (डीपीएसयू) गुणवत्ता, कारोबार और लाभप्रदता में नये आयाम स्थापित करेंगे। राजनाथ ने यह टिप्पणी रक्षा मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की एक बैठक में की। उन्होंने कहा, ''हमारे नये डीपीएसयू भारत को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में 'आत्मनिर्भर' बनाएंगे। सरकार ने 2021 में सात सरकारी रक्षा कंपनियों की स्थापना की थी, जिन्हें पूर्ववर्ती आयुध निर्माणी बोर्ड (ओएफबी) से अलग किया गया था। पुनर्गठन का मुख्य उद्देश्य आयुध कारखानों को उत्पादक और लाभदायक परिसंपत्तियों में बदलना, उत्पाद रेंज में विशेषज्ञता में सुधार लाना और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाना था। बैठक में नये डीपीएसयू की भूमिका और कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया। समिति को डीपीएसयू की वित्तीय स्थिति, आधुनिकीकरण, पूंजीगत व्यय, निर्यात और उसके (डीपीएसयू) द्वारा विकसित नये उत्पादों से अवगत कराया गया। राजनाथ ने अपने संबोधन में महत्वपूर्ण उत्पादों के स्वदेशीकरण, विनिर्माण सुविधाओं के आधुनिकीकरण और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) को बढ़ावा देने में नये डीपीएसयू द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की।

## एक साथ चुनाव कराने का प्रस्ताव प्रमुख मुद्दों से ध्यान हटाने का एक प्रयास है: उद्धव



**नागपुर :** शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को कहा कि एक साथ चुनाव कराने संबंधी विधेयक लोकसभा में पेश करने का केंद्र का कदम देश के समक्ष जो मुद्दे हैं, उनसे ध्यान भटकाने का एक प्रयास है। ठाकरे ने नागपुर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए 'एक राष्ट्र एक चुनाव' प्रस्ताव के क्रियान्वयन से पहले पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की मांग की। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि यहां तक कि निर्वाचन आयुक्तों का चयन भी चुनाव के माध्यम से किया जाना चाहिए, लेकिन उन्होंने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया कि यह कैसे किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार को लाडकी बहिन योजना के तहत महिलाओं को 2,100 रुपये प्रति माह देना चाहिए, जैसा कि पिछले महीने राज्य विधानसभा चुनाव से पहले वादा किया गया था। वर्तमान में, योजना के तहत राज्य में महिलाओं को इस योजना के तहत 1,500 रुपये प्रति माह मिलते हैं। माना जाता है कि 20 नवंबर को हुए राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा-शिवसेना-राकांपा महायुति गठबंधन की जीत में इस योजना की महत्वपूर्ण भूमिका थी। राज्य विधानमंडल का शीतकालीन सत्र फिलहाल नागपुर में जारी है। देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले विधेयक को सरकार ने विपक्षी दलों के भारी विरोध के बीच मंगलवार को निचले सदन में पेश किया।

## न्यूज अपडेट

### महाकुम्भ में पहली बार हवा में तैनात 'टीथर्ड ड्रोन' रखेगा चप्पे चप्पे पर नजर

**महाकुम्भ नगर :** महाकुम्भ में पहली बार चप्पे चप्पे पर नजर रखने के लिए हवा में 'टीथर्ड ड्रोन' तैनात किया गया है। हाई रिजॉल्यूशन इमेज, वीडियो और सेंसर डेटा एकत्र करने की क्षमता वाले इस 'टीथर्ड ड्रोन' की नजर से किसी का भी बच पाना नामुमकिन है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (कुम्भ) राजेश द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चाहते हैं कि इस बार के महाकुम्भ को अविस्मरणीय बनाया जाए जिसके लिए सुरक्षा व्यवस्था को हाईटेक किया जा रहा है। उन्होंने बताया, इस 'टीथर्ड ड्रोन' में हाई रिजॉल्यूशन इमेज, वीडियो और सेंसर डेटा एकत्र करने की अद्भुत क्षमता है। ऊंचाई से महाकुम्भ नगर की हर छोटी-बड़ी गतिविधियां कैद करने में इसे महारत हासिल है। द्विवेदी ने बताया कि महाकुम्भ नगर की पुलिस के लिए 'टीथर्ड ड्रोन' तीसरी आंख का काम कर रहा है। अभी एक 'टीथर्ड ड्रोन' तैनात किया गया है और मेला शुरू होने तक और पांच-छह 'टीथर्ड ड्रोन' तैनात कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 'टीथर्ड ड्रोन' एक विशेष प्रकार के कैमरे होते हैं जिन्हें एक बड़े गुब्बारे के सहारे रस्सी से बांधकर एक निश्चित ऊंचाई पर तैनात किया जाता है। महाकुम्भ में इन्हें ऊंचे टॉवर पर स्थापित किया जा रहा है जहां से ये पूरे मेला क्षेत्र पर नजर रख रहे हैं।

### टीपू सुल्तान की जयंती मनाने के लिए पुणे में जुलूस निकालने की अनुमति दी गई

**मुंबई :** पुलिस ने मंगलवार को बॉम्बे उच्च न्यायालय को सूचित किया कि उसने 18वीं सदी के मैसूर शासक टीपू सुल्तान की जयंती मनाने के लिए 24 दिसंबर को पुणे में जुलूस निकालने की अनुमति दे दी है। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ को पुणे ग्रामीण पुलिस द्वारा दी गई अनुमति के बारे में सूचित किया गया। पीठ ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को जुलूस निकालने का अधिकार है, लेकिन उसे कानूनी शर्तों और लगाए गये प्रतिबंधों का पालन करना होगा। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह पुलिस का काम है कि वह सुनिश्चित करे कि किसी कार्यक्रम के दौरान कोई अप्रिय घटना न घटे। पीठ 'ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम)' की पुणे इकाई के अध्यक्ष फैयाज शेख द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें पुलिस को टीपू सुल्तान, स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती और संविधान दिवस के उपलक्ष्य में रैली आयोजित करने की अनुमति देने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका के अनुसार, पुणे ग्रामीण पुलिस ने रैली के लिए अनुमति देने से इनकार कर दिया था और याचिकाकर्ता से कहा था कि वह इन अवसरों को सार्वजनिक स्थान पर न मनाकर अपने निजी स्थान पर मनाए।

### दिल्ली के कई स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी; नौ दिन में पांचवीं घटना

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के कुछ स्कूलों को मंगलवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली जो राष्ट्रीय राजधानी में इस प्रकार की एक सप्ताह में दूसरी और नौ दिन में पांचवीं घटना है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी के अनुसार, उत्तर-पश्चिम दिल्ली के सरस्वती विहार स्थित 'क्रिसेंट पब्लिक स्कूल' से बम की धमकी के संबंध में सूचना मिली। अधिकारी ने बताया कि दमकल विभाग, स्थानीय पुलिस, बम निरोधक दल और श्वान दस्ते के कर्मचारियों ने तलाशी अभियान चलाया, लेकिन अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। अधिकारी ने बताया कि कुछ और स्कूलों को भी इसी तरह ई-मेल के जरिए धमकी मिली हैं और जांच जारी है। हालांकि, चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (ग्रैप) के चौथे चरण के तहत प्रदूषण रोधी उपायों के फिर से लागू होने के बाद दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) के स्कूलों ने मंगलवार को 'हाइब्रिड मोड' (ऑनलाइन और ऑफलाइन) में कक्षाओं का संचालन शुरू कर दिया। संशोधित ग्रैप कार्यक्रम के अनुसार, चरण चार के तहत दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर में कक्षा छह से नौ और 11वीं के छात्रों के लिए कक्षाएं हाइब्रिड मोड (ऑफलाइन और ऑनलाइन) में संचालित होनी चाहिए। हालांकि, कक्षा 10 और 12 के छात्रों को स्कूल जाना होगा। सोमवार को भी आरके पुरम स्थित डीपीएस सहित करीब 20 स्कूलों को ई-मेल भेजकर धमकी दी गई थी। इससे पहले 14 दिसंबर को आरके पुरम के इसी डीपीएस सहित आठ स्कूलों को एक जैसा ईमेल मिला था, जिसमें ''बम जैकेट'' के जरिए विस्फोट करने की धमकी दी गई थी। इसके एक दिन पहले 13 दिसंबर को लगभग 30 स्कूलों को ईमेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी, जिसके बाद उनके परिसर की कई एजेंसियों ने तलाशी ली।

## महिला ने एम्बुलेंस में बच्चे को जन्म दिया, अस्पताल में सुविधाओं की कमी

**खराब सड़कों पर चिंता जताई गई**

**पालघर (महाराष्ट्र) :** गर्भावस्था संबंधी जटिलताओं से ग्रस्त 25 वर्षीय एक महिला ने एक चिकित्सक की मदद से उस समय एम्बुलेंस में ही बच्चे को जन्म दिया जब उसे यहां के एक ग्रामीण अस्पताल से पड़ोसी ठाणे जिले ले जाया जा रहा था। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। महाराष्ट्र के पालघर जिले में वाडा ग्रामीण अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. यादव शेखरे ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि अस्पताल में प्रसव संबंधी इस प्रकार के नाजुक मामलों के प्रबंधन के लिए विशेष सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने कहा कि महिला को बेहतर देखभाल के लिए ठाणे के अस्पताल में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया को ''सड़कों की खराब स्थिति'' ने और जटिल बना दिया। उन्होंने कहा कि महिला कल्याणी भोये को तीव्र प्रसव पीड़ा होने पर उसका परिवार उसे 13 दिसंबर की सुबह ग्रामीण अस्पताल लाया था। अधिकारी ने बताया कि ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने पाया कि भ्रूण की धड़कन अनियमित थी और बच्चे ने गर्भ में ही 'मेकोनियम' (मल) त्याग दिया था, जो अक्सर भ्रूण के संकट में होने का संकेत होता है। चिकित्सक ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए महिला को बेहतर उपचार के लिए 75 किलोमीटर दूर स्थित ठाणे सिविल अस्पताल में तुरंत रेफर कर दिया। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि महिला को तुरंत एक चिकित्सक के साथ चिकित्सकीय उपकरणों से लैस एम्बुलेंस में ले जाया गया लेकिन सड़कों की खराब स्थिति और ऊबड़-खाबड़ इलाके के कारण यात्रा के 10 किलोमीटर बाद ही महिला का एम्बुलेंस के अंदर ही प्रसव कराना पड़ा। उन्होंने बताया कि एम्बुलेंस में मौजूद चिकित्सक ने एक स्वस्थ बच्चे के सुरक्षित जन्म में मदद की।

## अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनायी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए कहा कि दोषी ने ''सुनियोजित तरीके से'' शारीरिक संबंध बनाये और जब उसे पता चला कि पीड़िता गर्भवती है तो उसे छोड़ दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनु अग्रवाल ने 16 दिसंबर को पारित आदेश में कहा कि दोषी किसी भी नरमी का हकदार नहीं है क्योंकि दुष्कर्म की वजह से जन्म लिये बच्चे को ''नाजायज होने''का दंश झेलना पड़ेगा। अतिरिक्त लोक अभियोजक अरुण के वी ने अधिकतम सजा का अनुरोध करते हुए दलील दी कि पेशे से ऑटो रिक्शा चालक दोषी ने 2016 और 2018 के बीच 15 वर्षीय किशोरी के साथ विवाह का झांसा देकर संबंध बनाया और बच्चे का जन्म होने के बाद उसे छोड़ दिया। अभियोजक ने कहा, ''यह सिर्फ यौन हिंसा का मामला नहीं है, बल्कि विश्वासघात का भी मामला है। पीड़िता को सामाजिक अस्वीकृति का आघात सहने के लिए छोड़ दिया गया। पीड़िता और उसके बच्चे दोनों को, दोषी के कृत्यों के कारण जीवन भर दंश झेलना पड़ेगा।'' अदालत, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) की धारा 6 और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराये गए 27 वर्षीय व्यक्ति के खिलाफ सजा पर दलील सुन रही थी।

## सिद्दीकी हत्याकांड : अदालत ने पांच आरोपियों को 20 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में भेजा

**मुंबई :** यहां की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में गिरफ्तार पांच आरोपियों को 20 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। इससे पहले जांचकर्ताओं ने दलील दी कि उन्हें एक फरार आरोपी और अपराध में इस्तेमाल हथियारों के बारे में उनसे पूछताछ करने की जरूरत है। पुलिस के अनुरोध पर अदालत ने फरार आरोपी शुभमन लोनकर के भाई प्रवीण लोनकर, भगवत सिंह, अक्षदीप सिंह, सलमान वोहरा और सुमित वाघ को पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। फिलहाल पांचों आरोपी न्यायिक हिरासत के तहत जेल में थे। पुलिस ने महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामलों की सुनवाई कर रही अदालत से प्रवीण लोनकर की हिरासत देने का अनुरोध करते हुए दलील दी कि उसे प्रवीण के फरार भाई के ठिकाने का पता लगाना है और इसलिए उससे पूछताछ करने की जरूरत है। पुलिस ने अदालत से कहा कि अन्य आरोपियों से हथियारों के स्रोत और आपूर्ति तथा 12 अक्टूबर को मुंबई में हुई हत्या से जुड़े वित्तीय पहलू के बारे में पूछताछ करनी है। बचाव पक्ष के वकील सिद्धार्थ अग्रवाल ने दलील दी कि उनके मुवक्किलों को हिरासत में लेने का कोई नया आधार नहीं है। अग्रवाल ने लोनकर के लिए 'पर्सिस' (अदालत में प्रस्तुत किया जाने वाला एक दस्तावेज) भी दाखिल किया, जिसमें कहा गया कि वह मकोका के तहत इकबालिया बयान देने को तैयार नहीं है।

## यह देश बाबा साहेब के संविधान से चलेगा, किसी मोदी और शाह के फरमान से नहीं: संजय सिंह



**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) के संजय सिंह ने मंगलवार को राज्यसभा में केंद्र सरकार पर विपक्षी दलों की चुनी हुई सरकारों को 'गिराने और अस्थिर' करने का आरोप लगाया तथा कहा कि यह देश बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान से चलेगा ना कि 'किसी मोदी और शाह के फरमान' से चलेगा। 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' पर उच्च सदन में हुई चर्चा में हिस्सा लेते हुए सिंह ने दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं व कार्यकर्ताओं की शिकायतों पर कई मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से कथित तौर पर हटाए जाने का मुद्दा भी उठाया और आरोप लगाया कि केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी 'घपले' से राजधानी के चुनाव जीतना चाहती है। सिंह ने कहा कि भाजपा, महाराष्ट्र और हरियाणा के 'चुनाव घोटाले' का प्रयोग दिल्ली में करना चाहती है। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के शाहदरा, जनकपुरी, तुगलकाबाद, राजौरी गार्डन और पालम सहित कुछ अन्य इलाकों में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से कटवाने का आरोप लगाया। वह जब ये आरोप लगा रहे थे तब भाजपा के सदस्यों ने सदन में हंगामा शुरु कर दिया। इसके बाद उपसभापति हरिवंश ने सिंह से कहा कि वे जो आरोप लगा रहे हैं, उन्हें सदन में सत्यापित करें। इसी समय, सदन के नेता जे पी नड्डा ने कहा कि जिस संविधान ने मतदान की ताकत दी है उसी संविधान में नाम कटवाने का भी प्रावधान है। उन्होंने कहा कि यह देखने वाली बात होगी कि यह इतने दिन से सत्ता में कहीं बांग्लादेशी और रोहिंग्याई वोटों पर तो नहीं बने हुए थे। इस पर संजय सिंह ने दावा किया कि जिनके नाम काटे गए हैं वे उत्तर प्रदेश और बिहार के 'पूर्वांचली भाई-बहन' हैं जो 40-40 साल से दिल्ली में रह रहे हैं और अपने श्रम व खून-पसीने से दिल्ली को बना रहे हैं।

## दूसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि में कमी अस्थायी मामला, आगे तेजी से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था: सीतारमण



**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 5.4 प्रतिशत की उम्मीद से कम वृद्धि अस्थायी स्थिति है। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाली तिमाहियों में वृद्धि की रफ्तार बढ़ेगी। सीतारमण ने लोकसभा में वर्ष 2024-25 के लिए अनुदान की पहली अनुपूरक मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि भारत ने 'मजबूत और सतत' वृद्धि देखी है। पिछले तीन वर्षों में जीडीपी वृद्धि दर औसतन 8.3 प्रतिशत रही है। उन्होंने कहा, '' चालू वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही में वास्तविक वृद्धि दर क्रमशः 6.7 प्रतिशत और 5.4 प्रतिशत रही है। दूसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत वृद्धि की दर उम्मीद से कम है...वास्तव में चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही न केवल भारत के लिए बल्कि अन्य देशों के लिए भी चुनौतीपूर्ण रही है।'' सीतारमण ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। इसका श्रेय देश के लोगों को जाता है जो अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और उसे पूरा कर रहे हैं, जिससे अर्थव्यवस्था में योगदान मिल रहा है। वित्त मंत्री ने कहा, ''दूसरी तिमाही की उम्मीद से कम वृद्धि दर 'अस्थायी' मामला है और आने वाली तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि की रफ्तार अच्छी रहेगी।''

### ईडी ने 22,280 करोड़ रुपये की संपत्तियां बैंकों को, वैध दावेदारों को लौटाईं

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीड़ितों या सही दावेदारों को 22,280 करोड़ रुपये की संपत्तियां वापस कर दी हैं और आर्थिक अपराधियों के खिलाफ लड़ाई निरंतर जारी रहेगी। सीतारमण ने वर्ष 2024-25 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों के पहले बैच पर लोकसभा में चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि भगोड़े विजय माल्या की 14,131.6 करोड़ रुपये की संपत्ति सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को वापस कर दी गई है। उन्होंने कहा कि नीरव मोदी मामले में 1,052.58 करोड़ रुपये की संपत्ति स2ार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और निजी बैंकों को वापस कर दी गई है।

## चिकित्सा पेशे में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से पता चलता है, भारत बन रहा है एक विकसित समाज: मुर्मू



**अमरावती :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि चिकित्सा पेशे में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और उनका महत्वपूर्ण योगदान दर्शाता है कि भारत वास्तव में एक विकसित समाज बन रहा है। मुर्मू ने यहां मंगलागिरी में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के प्रथम दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि समग्र स्वास्थ्य को निरंतर बढ़ावा देना तथा सभी के लिए स्वास्थ्य सुनिश्चित करना इस संस्थान के प्रत्येक चिकित्सा पेशेवर का मार्गदर्शक सिद्धांत होना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा, ''चिकित्सा पेशे में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और उनका महत्वपूर्ण योगदान यह दर्शाता है कि हम वास्तव में एक विकसित समाज बन रहे हैं। इससे यह तथ्य भी उजागर होता है कि अवसर मिलने पर हमारी बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करती हैं।'' उन्होंने कहा कि सरकार ने आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना सहित कई योजनाएं शुरू की हैं और उपचार में कठिनाइयों का सामना करने वालों के लिए इलाज सुलभ बनाया है। मुर्मू ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार के साथ-साथ जागरूक समाज की भी यह जिम्मेदारी है कि वह सुनिश्चित करे कि कोई भी व्यक्ति वित्तीय या अन्य कारणों से चिकित्सा सेवाओं से वंचित न रहे।

### राष्ट्रपति मुर्मू पांच-दिवसीय यात्रा पर तेलंगाना पहुंचीं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच-दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को तेलंगाना पहुंचीं। तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा, मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और वरिष्ठ अधिकारियों ने हकीमपेट स्थित वायुसेना ठिकाने पर उनका स्वागत किया। इससे पहले दिन में राष्ट्रपति ने आंध्र प्रदेश के मंगलागिरी में एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) के प्रथम दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया। राष्ट्रपति 17 से 21 दिसंबर तक तेलंगाना प्रवास के दौरान राष्ट्रपति निवासों में से एक 'राष्ट्रपति निलयम' में रहेंगी। वह 18 दिसंबर को वह सिकंदराबाद के बोलारम स्थित राष्ट्रपति निलयम में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगी। राष्ट्रपति 20 दिसंबर को सिकंदराबाद में रक्षा प्रबंधन महाविद्यालय को राष्ट्रपति ध्वज प्रदान करेंगी।

## राहुल की सफलता का मंत्र: शुरुआती 30 ओवर में डिफेंस मजबूत रखो, पुरानी गेंद पर रन बनाओ



**ब्रिसबेन :** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में भारतीय सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल की सफलता का मंत्र शुरुआती 30 ओवर में डिफेंस मजबूत रखना और गेंदबाजों को सम्मान देना है। ऑस्ट्रेलिया के मौजूदा दौरे पर राहुल अब तक सबसे विश्वसनीय भारतीय बल्लेबाज रहे हैं और मंगलवार को भी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उन्होंने 139 गेंद में 84 रन की उम्दा पारी खेली जिससे भारतीय टीम यहां तीसरे टेस्ट के चौथे दिन पहली पारी में नौ विकेट पर 252 रन बनाकर फॉलोआन का खतरा टालने में सफल रही। वर्षा से बाधित दिन भारत के फॉलोऑन टालने के बाद राहुल जब मीडिया से बात करने पहुंचे तो उम्मीद के मुताबिक उनसे उनकी सफलता का राज पूछा गया जबकि अन्य भारतीय बल्लेबाज रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। राहुल ने संवाददाताओं से कहा, 'देखिए, मुझे पूरा यकीन है कि हर किसी की अपनी-अपनी योजनाएं होती हैं... आपको शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में थोड़ी किस्मत की भी जरूरत होती है।' उन्होंने कहा,'अगर आप शुरुआती 10-15 ओवर में अच्छा खेल पाते हैं और थोड़ा आत्मविश्वास हासिल कर लेते हैं तो आपके लिए चीजें थोड़ी आसान हो जाती हैं, फिर आप अच्छा महसूस करने लगते हैं और आपको ऑस्ट्रेलिया में कूकाबूरा गेंद के साथ गति और उछाल के साथ खेलने में मजा आने लगता है।'

राहुल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अब तक धैर्य और दृढ़ता की मिसाल रहे हैं जबकि अन्य भारतीय बल्लेबाज नई गेंद के खिलाफ कमजोर नजर आए हैं। राहुल की सफलता इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि श्रृंखला की शुरुआत से पहले वह पहली पसंद के सलामी बल्लेबाज नहीं थे। उन्होंने पहले टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन किया और फिर कप्तान रोहित शर्मा ने स्वयं निचले क्रम में उतरने का फैसला किया। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा कि यह सब विदेशी परिस्थितियों में बुनियादी बातों पर टिके रहने के बारे में है और इसमें गेंदबाजों को उचित सम्मान देना भी शामिल है, विशेषकर जब गेंद सख्त और नई हो तब। राहुल ने कहा, 'यह सभी के लिए उन शुरुआती 20-30 गेंद को पार करने के बारे में है और हर कोई ऐसा करने की पूरी कोशिश कर रहा है और यह एक लंबी श्रृंखला है। हमने अब तक तीन मैच में पांच पारियां खेली हैं इसलिए मुझे यकीन है कि अगली बार जब हम बल्लेबाजी करेंगे तो हर कोई अपनी खुद की योजना बनाएगा।'

## राहुल, जडेजा और पुछल्ले बल्लेबाजों ने बचाया फॉलोआन



**ब्रिसबेन :** केएल राहुल और रविंद्र जडेजा के संयम से भरे अर्धशतकों की मदद से भारत ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट के वर्षाबाधित चौथे दिन फॉलोआन बचा लिया हालांकि अब यह मैच ड्रॉ की ओर मुड़ता दिख रहा है। जडेजा ने 123 गेंद में 77 रन बनाये जिसमें सात चौके और एक छक्का शामिल था। वहीं राहुल 84 रन बनाकर आउट हुए जिन्होंने 139 गेंद की अपनी पारी में आठ चौके लगाये। खराब रोशनी के कारण खेल जल्दी समाप्त किये जाने तक भारत ने नौ विकेट पर 252 रन बना लिये थे। जसप्रीत बुमराह दस और आकाश दीप 27 रन बनाकर खेल रहे हैं। भारतीय टीम अभी भी आस्ट्रेलिया से 193 रन पीछे है। आस्ट्रेलिया को अब दोबारा बल्लेबाजी के लिये उतरना होगा और ब्रिसबेन के मौसम को देखते हुए मैच का कोई नतीजा निकलता नहीं दिखता। बुधवार को भी बारिश की संभावना जताई गई है। दसवें नंबर पर उतरे बुमराह और 11वें नंबर पर आए आकाश दीप की तारीफ करनी होगी जिन्होंने टीम को फॉलोआन के स्कोर 246 रन के पार पहुंचाया और अब तक 33 रन जोड़ चुके हैं। ये दोनों तब साथ आये जब जडेजा को पैट कमिंस ने आउट कर दिया था और भारत का स्कोर नौ विकेट पर 213 रन था। इससे पहले इससे पहले अपने कल के स्कोर चार विकेट पर 51 रन से आगे खेलते हुए भारतीय बल्लेबाजों ने जुझारूपन दिखाया और राहुल संकटमोचक साबित होते दिखे। राहुल भाग्यशाली रहे जिन्हें दिन की पहली गेंद पर दूसरी स्लिप में स्मिथ से जीवनदान मिला जबकि पैट कमिंस गेंदबाज थे। उस समय राहुल 33 रन पर थे। आस्ट्रेलिया ने उनके लिये तीन स्लिप और एक गली फील्डर लगाया था ताकि राहुल को गलती करने पर मजबूर कर सकें। लेकिन राहुल ने ढीली गेंदों का इंतजार किया और कोई जोखिम नहीं उठाया। कमिंस ने उन्हें आफ स्टम्प के बाहर भी गेंदें डाली जिन्हें या तो उन्होंने छोड़ दिया या रक्षात्मक खेला। ऐसा लग रहा था मानो वह चेतेश्वर पुजारा की बल्लेबाजी के वीडियो देखकर आये हैं कि आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को कैसे थकाना है। वहीं कमान रोहित शर्मा (10) एक बार फिर नाकाम रहे। उन्होंने आफ स्टम्प पर पड़ती कमिंस की गेंद पर बल्ला अड़ाया और विकेट के पीछे एलेक्स कैरी ने उन्हें चपलता से चलता कर दिया। आर अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर पर जडेजा को तरजीह दिये जाने पर कइयों ने सवाल उठाये थे लेकिन इस हरफनमौला ने अपनी उपयोगिता साबित कर दी। उन्होंने सातवें विकेट के लिये नीतीश के साथ 53 रन की साझेदारी की। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 22वां अर्धशतक 89 गेंद में पूरा किया। नीतीश ने उनका बखूबी साथ देते हुए विकेट बचाकर रक्षात्मक खेल दिखाया। वह बदकिस्मत रहे कि पैट कमिंस की उछाल लेती गेंद उनके स्टम्प पर जा लगी। आस्ट्रेलिया को तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की कमी खली जो पिंडली में चोट के कारण मैदान से चले गए और श्रृंखला में आगे नहीं खेल सकेंगे।

## न्यूज अपडेट

### रोहन जेटली फिर डीडीसीए अध्यक्ष बने

**नयी दिल्ली :** रोहन जेटली एक बार फिर दिल्ली जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष बन गए जिन्होंने भारत के पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद को चुनाव में मात दी। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत अरूण जेटली के बेटे 35 वर्ष के रोहन को 1577 वोट मिले जबकि आजाद को 777 वोट पड़े। कुल 2413 वोट डाले गए थे और जीतने के लिये 1207 वोट चाहिये थे। रोहन 2020 में निर्विरोध चुने गए थे और एक साल बाद उन्होंने एडवोकेट विकास सिंह को हराया। बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सीके खन्ना की बेटी शिखा कुमार ने उपाध्यक्ष पद के चुनाव में राकेश कुमार बंसल और सुधीर कुमार अग्रवाल को हराया। तीनों को क्रमश: 1246, 536 और 498 वोट मिले। अशोक कुमार (893) सचिव चुने गए जबकि हरीश सिंगला (1328) कोषाध्यक्ष बने। अमित ग्रोवर (1189) संयुक्त सिचव होंगे। अन्य में आनंद वर्मा (985), मनजीत सिंह (1050), नवदीप एम (1034), श्याम शर्मा (1165), तुषार सहगल (926), विकास कत्याल (1054) और विक्रम कोहली (939) निदेशक के पद पर चुने गए। भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य आजाद फिलहाल पश्चिम बंगाल में बर्धमान दुर्गापुर सीट से तृणमूल कांग्रेस के सांसद हैं। उन्होंने डीडीसीए में भ्रष्टाचार के आरोप लगाये थे। दिवंगत अरूण जेटली 14 साल तक डीडीसीए अध्यक्ष रहे थे।

### वेस्टइंडीज ने दूसरे महिला टी20 मैच में भारत को नौ विकेट से हराया

**नवी मुंबई :** वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में मंगलवार को यहां भारतीय महिला टीम को 26 गेंद शेष रहते नौ विकेट से शिकस्त दी। भारत को नौ विकेट पर 159 रन पर रोकने के बाद वेस्टइंडीज ने 15.4 ओवर में एक विकेट पर लक्ष्य हासिल कर श्रृंखला को 1-1 से बराबर कर लिया। वेस्टइंडीज के लिए कप्तान हेली मैथ्यूज ने 47 गेंद में 17 चौके की मदद से 85 रन की नाबाद पारी खेली।। उन्हें सलामी बल्लेबाज किआना जोसेफ (38) और शमैन कैंपबेल (नाबाद 29) का अच्छा साथ मिला। भारत के लिए साइमा ठाकोर ने 28 रन देकर एक विकेट लिया।

### खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 'फिट इंडिया साइकिलिंग ड्राइव' लॉन्च किया

**नयी दिल्ली :** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को यहां मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में 'फिट इंडिया साइकिलिंग ड्राइव' को हरी झंडी दिखाई। इस पहल का उद्देश्य साइकिल को परिवहन के एक स्थायी और स्वस्थ साधन के रूप में बढ़ावा देना है। स्टेडियम से रायसीना हिल्स और वापसी तक की तीन किलोमीटर की यात्रा में करीब 500 साइकिल चालक शामिल हुए। इस कार्यक्रम को मांडविया ने रक्षा खडसे, राज्य मंत्री (खेल), सांसद तेजस्वी सूर्या के साथ-साथ पेरिस पैरालंपिक की कांस्य पदक विजेता सिमरन शर्मा, राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता नीतू घणघस और एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार सहित कई अन्य खिलाड़ियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाई। मांडविया ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, '' हमने इस कार्यक्रम को 'फिट इंडिया साइकिलिंग मंगलवार' के रूप में लॉन्च किया है लेकिन साइकिल चलाने के शौकीनों की सुविधा के लिए इसे अब रविवार को आयोजित किया जाएगा और इसे 'संडे ऑन साइकिल' कहा जाएगा। खेल मंत्री ने कहा, ''डॉक्टर, पत्रकार, शिक्षक, कॉर्पोरेट पेशेवर और युवा रविवार को नयी दिल्ली के साथ देश के सभी हिस्सों में एक घंटे की साइकिल यात्रा में शामिल होंगे। साइकिल चलाने से पर्यावरण को बड़ा बढ़ावा मिलता है। यह प्रदूषण का कारगर समाधान है और स्थिरता में भी योगदान देता है। '' युवा मामले और खेल मंत्रालय के फिट इंडिया पहल, भारतीय साइकिलिंग महासंघ, 'एमवाई भारत' और विभिन्न खेल प्राधिकरणों के सहयोग से पूरे देश में इस कार्यक्रम का 1,000 से अधिक स्थान पर एक साथ आयोजन हुआ। साइकिलिंग प्रतियोगिताएं भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय केंद्रों, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) के साथ-साथ देश भर के खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) में एक साथ आयोजित की गयी। इसमें 50,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

## तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने गुकेश को सम्मानित किया




**चेन्नई :** दुनिया के सबसे युवा शतरंज विश्व चैंपियन डी गुकेश को मंगलवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और अन्य लोगों ने राज्य सरकार की ओर से आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया। मुख्यमंत्री स्टालिन ने इस 18 वर्षीय खिलाड़ी को राज्य सरकार की ओर से पांच करोड़ रुपये का चेक और एक शॉल भेंट किया और राज्य के खेल विभाग के माध्यम से राज्य में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उपलब्धि हासिल करने वालों को तैयार करने के लिए शतरंज अकादमी स्थापित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा, 'भारत के 85 में से 31 शतरंज ग्रैंडमास्टर तमिलनाडु के हैं। यह सम्मान केवल गुकेश के लिए ही नहीं बल्कि सभी उपलब्धि हासिल करने वालों के लिए है। प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उपलब्धि हासिल करने वालों को तैयार करने के लिए शतरंज अकादमी की स्थापना की जाएगी।' स्टालिन ने कहा, 'मैं 18 साल की छोटी उम्र में विश्व शतरंज चैंपियन बनने के लिए हमारे गुकेश की सराहना करता हूं। हमारे चेन्नई के लड़के ने एक रिकॉर्ड बनाया है और पूरी दुनिया उसकी सराहना कर रही है।' मुख्यमंत्री ने गुकेश के माता-पिता को मंच पर आने के लिए कहा और उनकी मौजूदगी में चेक सौंपा। कार्यक्रम में स्टालिन ने कहा कि गुकेश 12 साल की उम्र में ग्रैंडमास्टर बन गए थे और 18 साल की उम्र में विश्व शतरंज चैंपियन बन गए। उन्होंने कहा, 'इसलिए उन्हें अपनी प्रेरणा मानें और सफलता हासिल करें। हमें लाखों गुकेश बनाने चाहिए।' स्टालिन ने कहा कि शतरंज के खेल की तरह जीवन में भी बड़ी जीत हासिल करने के लिए बलिदान देने के लिए तैयार रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा,'शतरंज एक दिमागी खेल है। कभी-कभी हमें जीतने के लिए रानी का बलिदान करना पड़ता है। इसलिए जीवन में जीतने के लिए हमें बलिदान करने के लिए तैयार रहना चाहिए। लेकिन अगर आप सावधानी से खेलते हैं तो प्यादे रानी की तरह शक्तिशाली बन सकते हैं। इसलिए जीवन में जीतने के लिए जो आवश्यक है, वह है धैर्य और दृढ़ संकल्प। ' उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि जिस तरह गुकेश के माता-पिता उसकी उपलब्धि पर खुशी से अभिभूत हैं, उसी तरह मुख्यमंत्री और राज्य सरकार भी बहुत खुश है। उन्होंने कहा, 'तमिलनाडु आज उनकी उपलब्धि का जश्न मना रहा है। गुकेश पूरे भारत और तमिलनाडु के लिए गर्व का स्रोत हैं। उनकी उपलब्धि ने पुष्टि की कि शतरंज का मतलब चेन्नई है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। 'गुकेश ने कहा कि तमिलनाडु सरकार के निरंतर समर्थन के बिना उनकी यात्रा संभव नहीं होती। उन्होंने कहा,'मैंने कम उम्र में विश्व शतरंज चैंपियनशिप का खिताब जीतकर अपना सपना पूरा किया है। इससे मुझे खुशी होती है। मैं मुख्यमंत्री और उदय अन्ना (बड़े भाई) के प्रति आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने वित्तीय और प्रोत्साहन सहित हर तरह का समर्थन दिया। ' गुकेश ने कहा, 'विशी सर (आनंद) भी इस यात्रा में प्रेरणा और आदर्श थे। '' गुकेश ट्रॉफी को अपने हाथों में थामे कार जुलूस के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। उनका स्वागत सड़क के दोनों ओर राष्ट्रीय ध्वज थामे खड़े छात्रों ने किया। उन्होंने अपनी जीती हुई ट्रॉफी मुख्यमंत्री को दिखाई और बाद में उन्हें शतरंज की बिसात भेंट की।

## भारत नवंबर 2025 में विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल की मेजबानी करेगा

**नयी दिल्ली :** भारत अगले साल नवंबर में विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल की मेजबानी करने के लिए तैयार है जो अलग हुई विश्व मुक्केबाजी (डब्ल्यूबी) संस्था के प्रति उसके समर्थन की पुष्टि करता है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) इसके साथ ही तीसरी विश्व मुक्केबाजी कांग्रेस की भी मेजबानी करेगा, जिसमें अध्यक्ष पद और कार्यकारी बोर्ड के चुनाव होंगे। इस साल की शुरुआत में नए शासी निकाय में शामिल होने का विकल्प चुनने के बाद यह टूर्नामेंट बीएफआई की मेजबानी में पहला अंतरराष्ट्रीय आयोजन होगा। पिछली बार बीएफआई ने 2023 में अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) की महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप की मेजबानी की थी। बीएफआई के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, 'ऐसे प्रतिष्ठित आयोजनों की मेजबानी के लिए विश्व मुक्केबाजी द्वारा मान्यता मिलना भारत के लिए गर्व की बात है। यह भारत की संगठनात्मक उत्कृष्टता को दर्शाने के साथ मुक्केबाजी को ओलंपिक का हिस्सा बनाये रखने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है।' सिंह ने कहा, 'हम खेल की विरासत में योगदान देकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं और 2025 में भारत में वैश्विक मुक्केबाजी समुदाय का स्वागत करने के लिए तैयार हैं।'

# समाज्ञा व्यापार

## रुपये का मूल्य बाजार से निर्धारित होता है, इसके लिए कोई लक्ष्य नहीं: वित्त राज्यमंत्री



**नयी दिल्ली :** भारतीय रुपये (आईएनआर) का मूल्य बाजार द्वारा निर्धारित होता है, जिसका कोई लक्ष्य या विशिष्ट स्तर या मूल्य दायरा नहीं होता। संसद को मंगलवार को यह जानकारी दी गयी। वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, 'विभिन्न घरेलू और वैश्विक कारक रुपये की विनिमय दर को प्रभावित करते हैं, जैसे कि डॉलर इंडेक्स की चाल, पूंजी प्रवाह का रुझान, ब्याज दर का स्तर, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और चालू खाते का घाटा (कैड) आदि। ' उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक दुनियाभर में होने वाले प्रमुख घटनाक्रमों पर नज़र रखता है, जिनका डॉलर-रुपये की विनिमय दर पर प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि अन्य बातों के अलावा केंद्रीय बैंकों की मौद्रिक नीति कार्रवाई, दुनियाभर में प्रमुख आर्थिक आंकड़े और उनका प्रभाव, ओपेक प्लस की बैठक के निर्णय, भू-राजनीतिक घटनाक्रम और उनका विश्लेषण जी-10 और ईएमई मुद्राओं में दैनिक चाल आदि विनिमय दर निर्धारित करने में महत्वपूर्ण हैं। रिजर्व बैंक, विदेशी मुद्रा बाजार को उसके व्यवस्थित कामकाज और विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नियंत्रित करता है और केवल भारतीय रुपये में अनावश्यक अस्थिरता को रोकने के लिए हस्तक्षेप करता है।

### मारुति सुजुकी ने इस साल 20 लाख वाहनों के उत्पादन का आंकड़ा पार किया

**नयी दिल्ली :** देश की अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया ने मंगलवार को कहा कि उसने किसी कैलेंडर वर्ष में पहली बार 20 लाख इकाइयों के उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया है। कंपनी ने बयान में कहा कि वह अपनी मूल कंपनी सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन की वैश्विक वाहन विनिर्माण इकाइयों में से इस मुकाम तक पहुंचने वाली पहली कंपनी है। मारुति सुजुकी का वर्ष 2024 में उत्पादित 20 लाखवां वाहन एर्टिगा मॉडल का है जो मानेसर स्थित विनिर्माण संयंत्र में उत्पादन लाइन से निकला। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने कहा कि 20 लाख वाहनों में से लगभग 60 प्रतिशत हरियाणा में और 40 प्रतिशत गुजरात में विनिर्मित किए गए थे। एमएसआई के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने कहा, 'यह उपलब्धि हमारे आपूर्तिकर्ता और डीलर भागीदारों के साथ आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने, राष्ट्र निर्माण का समर्थन करने और घरेलू वाहन उद्योग को आत्मनिर्भर और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।' एमएसआई के तीन विनिर्माण संयंत्र हैं जिनमें से दो संयंत्र हरियाणा के गुरुग्राम और मानेसर में हैं जबकि एक संयंत्र गुजरात के हंसलपुर में है। इन संयंत्रों की संयुक्त वार्षिक उत्पादन क्षमता 23.5 लाख इकाई है।

### उप्र सरकार ने 17865 करोड़ रुपये का दूसरा अनुपूरक बजट किया पेश

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 17865 करोड़ रुपये का दूसरा अनुपूरक बजट मंगलवार को पेश किया। राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन यह अनुपूरक बजट पेश किया गया। विधानसभा में प्रश्नकाल के बाद सदन में राज्य के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने वित्त वर्ष 2024-25 का दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया। खन्ना ने कहा, 'वित्त वर्ष 2024-25 का दूसरा अनुपूरक बजट इस सदन में लेकर आया हूं, जिसका आकार 17865 करोड़ रुपये है। यह मूल बजट सात लाख 36 हजार 437.71 करोड़ रुपये का 2.42 प्रतिशत है।' उन्होंने कहा, 'यह सरकार विकास को प्राथमिकता देती है, इसलिए दूसरे अनुपूरक बजट की आवश्यकता है।

## ढांचागत परियोजनाओं में 'मेड इन इंडिया' मशीनरी का इस्तेमाल करें: गडकरी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने परियोजना लागत में कमी लाने के लिए बुनियादी ढांचा उद्योग के हितधारकों से 'मेड इन इंडिया' मशीनरी का इस्तेमाल बढ़ाने का मंगलवार को अनुरोध किया। गडकरी ने उद्योग मंडल एसोचैम के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ढांचागत परियोजनाओं की गुणवत्ता पर कोई समझौता किए बगैर इनकी लागत घटाने के प्रयास किए जाने चाहिए क्योंकि पुल एवं सुरंग परियोजनाएं बेहद अहम हैं। गडकरी ने ढांचागत क्षेत्र के कंपनी अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, हमारे पास अच्छी प्रौद्योगिकी होनी चाहिए। लेकिन उसी के साथ हमें लागत कम करने पर भी ध्यान देना चाहिए। उसके लिए आप सभी लोगों से मेरा अनुरोध है कि 'मेड इन इंडिया' मशीनरी किस तरह संभव हो सकती है। यह हमारा सपना है और हम सबके लिए मिशन भी है। ढांचागत परियोजनाओं में भारी मशीनों का इस्तेमाल होता है जिनका एक बड़ा हिस्सा आयातित होता है। देश में भारी ढांचागत मशीनों का निर्माण अभी सीमित स्तर पर ही होता है। इस अवसर पर गडकरी ने कहा कि जोजिला सुरंग परियोजना का 55 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। यह प्रस्तावित सुरंग श्रीनगर-करगिल-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर 11,578 फीट की ऊंचाई पर जोजिला दर्रे से होकर गुजरने वाली है। भारी बर्फबारी के कारण सर्दियों में राजमार्ग बंद हो जाता है जिससे लद्दाख क्षेत्र का संपर्क कश्मीर से कट जाता है।



### बड़े पैमाने पर रोजगार देती हैं खाने का सामान पहुंचाने की सेवाएं: गडकरी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि खाने का सामान पहुंचाने की सेवाएं भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इनसे बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होता है। जोमैटो के 'स्थायित्व और समावेश: मंच अर्थव्यवस्था की भूमिका' सम्मेलन में उन्होंने कहा कि इस समय भारत में 77 लाख डिलिवरी कर्मचारी हैं और 2030 तक यह संख्या 2.5 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा, ''इस देश के 2.5 करोड़ युवाओं को रोजगार देना वास्तव में बहुत बड़ी बात है... हम सभी के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता रोजगार पैदा करने की है। ' उन्होंने देश के बहुत से बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के लिए ऑनलाइन खाद्य वितरण मंच जोमैटो की भी सराहना की। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की संख्या के बारे में भी चिंता जताई और कहा कि डिलिवरी करने वाले कर्मचारियों के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका अधिक होती है, क्योंकि उन्हें कम समय में सामान पहुंचाना होता है। गडकरी ने कहा कि भारत में हर घंटे 45 सड़क दुर्घटनाएं और 20 मौतें होती हैं। सबसे ज्यादा मौतें 18 से 45 साल की उम्र के लोगों की होती हैं।

### भारत में ऊर्जा बदलाव के उत्पादों के लिए भरोसेमंद वैश्विक आपूर्तिकर्ता बनने की क्षमता: प्रसाद

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को कहा कि भारत हरित ऊर्जा की दिशा में बदलाव के लिए काम आने वाले उत्पादों का एक भरोसेमंद वैश्विक आपूर्तिकर्ता बन सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा, ''हमें प्रत्येक वैश्विक ग्राहक की ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए भारत में बने कलपुर्जों की दिशा में काम करना चाहिए। 'वाणिज्य और उद्योग तथा आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स राज्यमंत्री ने ऊर्जा पर भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सम्मेलन में कहा कि कोविड महामारी, देशों के बीच संघर्ष और जलवायु परिवर्तन ने प्रचलित व्यापार मार्गों और नीति ढांचे को चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों के चलते विशेष रूप से हरित ऊर्जा क्षेत्र सहित आपूर्ति श्रृंखलाओं की कमजोरियां उजागर हुई हैं। प्रसाद ने कहा कि आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं ने सेमीकंडक्टर, दुर्लभ पृथ्वी धातुओं और सौर पीवी सामग्री जैसे महत्वपूर्ण कलपुर्जों की कमी पैदा कर दी है।

## चौतरफा बिकवाली से सेंसेक्स 1,064 अंक टूटा, निफ्टी 24,500 अंक के नीचे फिसला



**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 1,064 अंक लुढ़क गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 24,500 अंक से नीचे आ गया। अमेरिका में फेडरल रिजर्व के प्रमुख ब्याज दर पर निर्णय से पहले निवेशकों के सतर्क रुख के बीच चौरतरफा बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 1,064.12 अंक यानी 1.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,684.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,136.37 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 332.25 अंक यानी 1.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,336 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल तीस शेयरों में सभी नुकसान में रहे। भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एशियन पेंट्स, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक में सबसे ज्यादा गिरावट आई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में ज्यादातर में गिरावट रही। अमेरिकी बाजार में सोमवार को गिरावट रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व, बैंक ऑफ जापान और बैंक ऑफ इंग्लैंड के प्रमुख ब्याज दर पर निर्णय से पहले निराशा का माहौल रहा। बाजार पहले ही नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती को मानकर चल रहा है। हालांकि, वह किसी प्रकार के आक्रामक रुख को लेकर सतर्क भी है।

## न्यूज अपडेट

### शेयर बाजार में गिरावट से निवेशकों के 4.92 लाख करोड़ रुपये डूबे

**नयी दिल्ली :** शेयर बाजार में भारी बिकवाली के बीच मंगलवार को निवेशकों की संपत्ति 4.92 लाख करोड़ रुपये घट गई। इस दौरान लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,064.12 अंक या 1.30 प्रतिशत गिरकर 80,684.45 अंक पर बंद हुआ। इससे बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,92,644.06 करोड़ रुपये घटकर 4,55,13,913.24 करोड़ रुपये रह गया। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति बैठक से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। सेंसेक्स के शेयरों में सभी कंपनियां नुकसान में बंद हुईं। इस दौरान भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एशियन पेंट्स, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक सबसे ज्यादा नुकसान में रहे।

### स्कोडा ऑटो इंडिया के वाहन नए साल से तीन प्रतिशत तक महंगे होंगे

**मुंबई :** स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी गाड़ियों की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। नयी कीमतें एक जनवरी से प्रभावी होंगी। स्कोडा ऑटो इंडिया ने मंगलवार को बयान में कहा कि कच्चे माल और परिचालन लागत में बढ़ोतरी के कारण यह फैसला लेना पड़ा। बयान के मुताबिक, ग्राहकों को अच्छे वाहन और बेहतरीन सेवाएं देना जारी रखने के लिए कीमतों में वृद्धि जरूरी हो गई थी। यूरोपीय कार विनिर्माता स्कोडा ऑटो की भारतीय अनुषंगी कंपनी ने कहा कि कीमतों में यह बढ़ोतरी उसके पूरे पोर्टफोलियो पर लागू होगी, जिसमें कुशाक, स्लाविया, सुपर्ब और कोडियाक शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि हाल में पेश की गई काइलाक फिलहाल इस समायोजन से अप्रभावित रहेगी। भाषा पाण्डेय अजय

### मेटा पर 2018 के डेटा उल्लंघन के लिए 25.1 करोड़ यूरो का जुर्माना

**लंदन:** यूरोपीय संघ की गोपनीयता निगरानी संस्थाओं ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच फेसबुक का स्वामित्व रखने वाली कंपनी मेटा पर 25.1 करोड़ यूरो का जुर्माना लगाया। फेसबुक पर 2018 के डेटा उल्लंघन की जांच के बाद यह जुर्माना लगाया गया, जिससे लाखों खाते प्रभावित हुए थे। आयरलैंड के डेटा संरक्षण आयोग ने उल्लंघन की अपनी जांच पूरी करने के बाद जुर्माना लगाया। इस उल्लंघन में हैकर्स ने मंच के कोड में बग का फायदा उठाकर उपयोगकर्ता खातों तक पहुंच हासिल की। यूरोपीय संघ में सख्त गोपनीयता व्यवस्था के तहत आयरलैंड का आयोग मेटा के लिए प्रमुख गोपनीयता नियामक है। मेटा ने बयान में कहा, ''यह फैसला 2018 की एक घटना से संबंधित है। समस्या की पहचान होते ही हमने इसे ठीक करने के लिए तुरंत कार्रवाई की। '' कंपनी ने कहा कि उसने इस बारे में प्रभावित लोगों और आयरलैंड के नियामक को सूचित किया था। कंपनी ने कहा है कि वह इस फैसले के खिलाफ अपील करेगी।

### सोना 950 रुपये चढ़ा, चांदी 1,000 रुपये टूटी

**नयी दिल्ली :** शादी-विवाह के सीजन की मांग को पूरा करने के लिए आभूषण विक्रेताओं की मौजूदा स्तर पर ताजा लिवाली से मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में उछाल आया और यह 950 रुपये बढ़कर 79,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। इसके अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व की दो दिन की बैठक मंगलवार को शुरू हो रही है। फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय से अगले साल सोने के समग्र प्रदर्शन पर असर पड़ सकता है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 78,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, चांदी में लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही और यह 1,000 रुपये घटकर 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम था।

वर्ष 9, पूर्णांक 4092 अंक 242, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in